जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत
हिण्डौनसिटी

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौनसिटी, बुधवार 13 नवम्बर, 2024




CREEP FUNCTION (Easy to drive in bumper-to-bumper traffic)

UNBEATABLE MILEAGE OF 26.68 KMPL**

KICK-DOWN FUNCTION (Easy overtaking)

HILL HOLD ASSIST

**महा बचत**

| ALTO K10 | S-PRESSO | WAGONR | CELERIO |
|---|---|---|---|
| ₹58 100* | ₹58 100* | ₹58 100* | ₹58 100* |

3 years 100 000 km WARRANTY* EXTENDABLE UPTO 6 YEARS

SMART FINANCE

SCAN TO CHAT WITH US

ALTO K10 S-PRESSO WAGONR CELERIO

E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM OR VISIT YOUR NEAREST MARUTI SUZUKI DEALERSHIP.

*Black glass on the vehicle is due to lighting effect*

**MARUTI SUZUKI AUTHORIZED DEALERS: KOTA: BHATIA & COMPANY:** CORPORATE OFFICE: 23-24, INDUSTRIAL ESTATE: 7230006839, 9829818018, 9784598109, 9829099081, 9829045729, 9829187004. DAKANIYA SHOWROOM: G-11-12, AUTO MOBILE ZONE, NEAR DAKANIYA STATION: 9001997116, 9001997113, 9587898054. **SUWALKA MOTORS PVT. LTD.:** KUNHARI: 0744-2370272, 9116312345, 7300308888. SULTANPUR: 9116178527. BHAWANIMANDI: 9116178557. KHANPUR: 07430-299240, 8306333715. **JODHPUR: AURIC MOTORS PVT LIMITED:** SARASWATI NAGAR, NEW PALI ROAD: 0291- 2722691, 9015900500. BALESAR: 6377715171. AHORE: 9015900500. SAYLA: 9015900500. **SHRI KRISHNA AUTO SALES PVT. LTD.:** PRATAP NAGAR: 0291-2762064/65, 9929244403, 9829144436. PHALODI: 9928841300, 9116150669, 9929244402. **L.M.J. SERVICES LTD:** A-11, INDUSTRIAL ESTATE, OPP. UDYOG BHAWAN, NEW POWER HOUSE ROAD: 8094011123, 8094011151, 0291- 2630478/79/80. **NAGAUR: MANGALAM MOTORS**: 9116008626, 9116008630. **PALI: L.M.J. SERVICES LTD.:** 02932 - 256177, 8094011136. **SIROHI: NAVNEET MOTORS:** 02972-222917-18, 7665010638. **UDAIPUR: NAVNEET MOTORS**: MADRI: 0294-2494454, 7230046380. SHOBHAGPURA: 9829043600. **TECHNOY MOTORS:** GOVARDHAN VILLAS: (0294) 2485158, 2485738, 9982666809. **BANSWARA: NAVNEET MOTORS**: 9414159145, 7665010632, 7412074100. **BHILWARA: CHAMPION CARS**: 01482-267135, 9602892423, 7727863720. **BHARATPUR: TM MOTORS:** 05644-220970, 226392, 9251423393, 9251423395, 8094000626. **CHITTORGARH: BHATIA & COMPANY**: 9414130799, 9001791753, 9587208999, 9414179006, 9413316117. **SAWAI MADHOPUR: PREM MOTORS PVT. LTD.:** SAWAI MADHOPUR: 07462-220029/8058799005/8058794181. **JAIPUR: VIPUL MOTORS PVT. LTD.:** DAUSA: 9773364861. LALSOT: 9773364863. BANDIKUI: 9773364864. MAHWA: 9773364862. MEHANDIPUR BALAJI: 9773364865. UNIARA: 7742944482. **KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.:** PHULERA: 7412077062. SAMBHAR: 7412068410. ACHROL: 7412077078. **FORTUNE CARS:** KARAULI: 8875001175/ 8875005132. HINDAUN: 9214794314/8875007758. **PREM MOTORS PVT. LTD.:** BASSI: 8058794137. SAWAI MADHOPUR: 07462-220029 / 8058799005 / 8058794181. GANGAPUR CITY: 8058794021. BAGRU: 8058401166. KOTPUTLI: 8058794121. JOBNER: 8058796065. RENWAL: 8058600117. RENWAL-MANJHI: 8058794042. DUDU: 8058406655. PHAGI: 8058403338. KANOTA: 8058794167. TUNGA: 8058794137. **K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.:** TONK: 9549651924. CHAKSU: 9549651926. SHAHPURA: 8696925275. DEOLI: 8696934957. MALPURA: 9549650513. NIWAI: 9667777114. PAOTA: 9549650495. VIRATNAGAR: 6350612446. JAMWA RAMGARH: 6350612727. **SANGA AUTONATION:** 9057809150, 7734901000. **BIKANER: DUDI AUTOMOBILES:** 0151-2942222, 0151 -3550418, 7412075151. PADAMPUR: 7412075151. **AURIC MOTORS**: 0151-2251819, 9529251819, 9636045111. **AJMER: RELAN MOTORS**: 0145-2610106, 9214444222. **AJMER AUTO**: 0145-2425200, 9314531845, 9314391004. **ALWAR: MG MOTORS:** 9001795515, 9001795517, 8003692651, 8003692652, 8003090466. **SRIGANGANAGAR: AURIC MOTORS**: 8955559963. **DUDI AUTOMOBILES:** 0151-2942222, 0151 -3550418, 7412075151. PADAMPUR: 7412075151. **LUNKARANSAR:** 7412075129. **SRI KOLAYAT:** 7412075129. **SIKAR: JAMU AUTOMOBILES**: (01572) 245515 / 246219. **NEEM KA THANA: JAMU AUTOMOBILES**: 9785644715. **JHUNJHUNU: AURIC MOTORS**: 8955664400. **CHURU: TRS CHURU:** 8882899302.

*Terms & Conditions apply.* *Offer includes consumer offer, exchange bonus and corporate offer (wherever applicable) on select models/variants and selected states. *Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice.* All offers are applicable till 30th Nov 2024 or till stocks last. Creative visualization. **The mileage and the engine image shown are from the Celerio VXI AGS variant. Fuel efficiency certified by Test Agency Under Rule 115(G) of Central Motor Vehicles Rules 1989. ***The gearbox image shown is from the Swift ZXI + AGS varient. Offers may vary subject to the model and variant purchased. Car models and accessories shown may vary from the actual product. *3 years or 100 000 km whichever is earlier. Images used are for illustration purposes only.*

## विचार बिन्दु

''जीवन के अच्छे दिनों में कभी भी उन लोगों को ना भूले जो जीवन के बुरे दिनों में आपके साथ थे।''
- अरविन्द कटोच

# मितव्ययता की नीति अब सरकारों की प्राथमिकता की सूची में नहीं

हमें याद नहीं पड़ता सरकार ने अपने खर्चों में मितव्ययता की बात पिछली बार कब कही। अब तो राज में बैठे नेता राजकोष को हाथ खोल कर लुटाने में ही अगले चुनावों में अपने और अपने दल की विजय देखते हैं। आजादी के बाद संविधान से मिली लोकतान्त्रिक व्यवस्था में जब सरकारें वास्तव में लोक कल्याणकारी होती थीं तब वह मितव्ययता की बातें करती थीं। अब नहीं करती। राजकोष का पैसा लोगों के हाथ में जाये, उनको अधिक उत्पादक बनाये इससे किसी को क्या विरोध हो सकता है, किन्तु राजकोष का पैसा ऐसे कामों पर खर्च हो जो दिखावे की भव्यता पर खर्च हो यह तो कोई नहीं चाहेगा। मितव्ययता का आशय यह होता था कि सरकार अपने तंत्र पर खर्चे कम करके पैसे बचाये और उसे आमजन के कल्याण पर खर्च करे। इसका मतलब यह भी नहीं कि सरकार पदों को बढाना बंद कर दे और नियमित पदों को निजी ठेकों पर देने लगे और लोक कल्याण के कामों से अपनी सीधी हिस्सेदारी से पल्ला झाडने लगे। दुर्भाग्य से जन कल्याण के दो बड़े क्षेत्र- शिक्षा और स्वास्थ्य -इन दोनों कामों से अब निर्वाचित सरकारें अपना पीछा छुड़ाने की कोशिश में नजर आती है। वैचारिकता से कटे और ज़मीनी हक़ीकतों से जान कर अनजान रहने वाले नये जमाने के राजनेता अब जनसेवा का मुखौटा पहन कर सब कुछ अपने लिये और अपनों के लिये चाहने लगे हैं। आज की हक़ीकत यह है कि जन प्रतिनिधियों के वेतन भत्तों, रहन सहन, उनके सरकारी आवासों की साज सज्जा तथा उनके निजी खर्चों की मद में अश्लीलता की हद तक पैसा खर्च किया जाने लगा है। सबने देखा है कि पिछली अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली सरकार ने सरकारी धन की फिजूलखर्ची की सीमाएं किस प्रकार लांघी थी। हालांकि गहलोत अपना राज बचाने में असफल रहे, किन्तु उन्होंने लोकतान्त्रिक शुचिता के बांध में जो सुराख कर दिया वह,यदि बढ़ता रहता है तो, एक दिन वह उसे ढहा भी सकता है। मगर राजनेताओं, खासकर निर्वाचित प्रतिनिधियों में, इसकी कोई फिक्र नज़र नहीं आती है। इसका एक बड़ा उदाहरण जयपुर में उनके लिये बनाये गए आलीशान आवास हैं। पिछली सरकार ने उनके लिये जयपुर में राज्य विधान सभा के पास करीब पांच सौ करोड़ रुपयों से ऐसे विलासिता वाले आलीशान आवास बनाये हैं जिनकी कल्पना भी उनके बहुसंख्यक मतदाता नहीं कर सकते। विधायकों को मिलने वाले इन सभी फ्लैटों में प्रत्येक में चार सोने के कमरे, एक बड़ा हॉल, खुला हवादार भव्य रसोईघर और आधुनिक सुविधाओं वाले स्नानघर व शौचालय बनाए गए हैं। साथ ही हर फ्लैट में एसी, आरामदेह बड़े पलंग, फ्रिज, सोफा सेट समेत कई तरह की सुविधाएं प्रदान की गई हैं। क्योंकि आलीशान और भव्य स्थान पर रहने वालों को अति आधुनिक सुरक्षा सुविधाएं भी मिलनी चाहिए इसलिए पूरे परिसर के कॉमन एरिया में 80 से अधिक अत्याधुनिक एवं हाई रेंज सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। परिसर में डबल बेसमेंट में स्मार्ट पार्किंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है, जिसमें एक साथ 921 चार पहिया वाहन पार्क किए जा सकते हैं। कैसी विडंबना है कि सरकार जब नये स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय या अस्पताल और डिस्पेंसरियां खोलती है तो उनके लिये भवन बनाने के लिये उसके पास पैसे नहीं होते, मगर जन प्रतिनिधियों को आरामदायक रहन सहन देने के लिये पैसों का दरिया बहा दिया जाता है। लंगोटी वाले फकीर महात्मा गांधी के अनुयायी बनने का ढोंग रचने वाले गहलोत को गांधी वाटिका (म्यूज़ियम) पर राजकोष का 85 करोड़ रुपये खर्च करते हुए कोई ग्लानि नहीं हुई। अब देखें तो राजनीति के समूचे परिदृश्य में सभी पार्टियां एक जैसी हो चली हैं। सभी विलासिता पर अधिक खर्च करने को तत्पर नज़र आती हैं।

जिस प्रकार की फिजूलखर्ची विधायकों के भव्य आवासों पर हुई है वैसी ही फिजूलखर्ची नये बनने वाले सरकारी ऑफिसों के भवनों के निर्माण पर भी खुल कर हो रही है। जनता की गाढ़ी कमाई के राजकोष से बनने वाले ये सरकारी भवन पांच सितारा होटलों के भवनों से प्रतिस्पर्धा करते लगते हैं। सरकारी आफिस में काम करने के लिये छोटे और बड़े बाबू रोज दिन में दस से पांच बजे के बीच हफ्ते में पांच दिन बैठते हैं। अन्य सरकारी छुट्टियां अलग होती है। इतने थोड़े समय कर्मचारियों को बिठाने के लिये आलीशान व्यवस्था क्यों होनी चाहिए जब कि जिनके वे सेवक है उनमें से 80 प्रतिशत गरीबी और अभावों में जीते हैं। बहुतों को याद होगा कि 1970 के दशक में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सलाह दी थी कि सरकारी ऑफिसों के भवन, जिन में दिन में कुछ घंटे बैठ कर कर्मचारी काम करते हैं, वे शानदार वास्तु और साज सज्जा वाले होने की बजाय साधारण कामकाजी व्यवस्था वाले होने चाहिए। उन पर बड़े खर्चे करने की आवश्यकता नहीं है। उस दौरान जब जयपुर में शासन सचिवालय के पीछे चिकित्सा विभाग का भवन बना तो उसे तत्कालीन मुख्य मंत्री हरिदेव जोशी ने उसे वैसा ही बनाने के निर्देश दिए जैसी तत्कालीन प्रधानमंत्री की राय थी। और वह वैसा ही बना। मगर वह सोच तो कब की हवा में उड़ गई और हम आज सरकारी कार्यालयों के आलीशान और भव्य भवनों को निजी कॉर्पोरेट संस्थानों के भवनों से प्रतिस्पर्धा करते पाते हैं।

**मितव्ययता का आशय यह होता था कि सरकार अपने तंत्र पर खर्चे कम करके पैसे बचाये और उसे आमजन के कल्याण पर खर्च करे। इसका मतलब यह भी नहीं कि सरकार पदों को बढ़ाना बंद कर दे और नियमित पदों को निजी ठेकों पर देने लगे और लोक कल्याण के कामों से अपनी सीधी हिस्सेदारी से पल्ला झाड़ने लगे।**

यह इसलिए हुआ है क्योंकि हमारी चुनावी व्यवस्था में जो लोग जनता के प्रतिनिधि बन कर विधायिका में जाते हैं उनका आमजन से नाता सिर्फ दिखावटी होता है। भले ही हमारा संविधान सार्वभौम सत्ता हम भारत के लोगों के हाथ में बताता है, मगर मतदान की मशीन का बटन दबाने के साथ ही यह सत्ता निर्वाचित राजनेता को हस्तांतरित हो जाती है। चुनावों में कौन उम्मीदवार होगा इसका फैसला स्थानीय लोग अपने में से नहीं करते बल्कि यह काम राजनैतिक पार्टियों की आलाकमान अपने नज़दीकी लोगों की राय से करती है। दूसरी तरफ राजनैतिक पार्टियों में खुद में कोई लोकतान्त्रिक व्यवस्था नहीं है। जिस प्रकार सामंती ज़माने में रियासती ढांचे में खींचतान और कुचक्र चलते रहते थे वे सब अब नये रूपों में आज भी मौजूद है। पिछले दो दशकों में लोकतांत्रिक प्रणालियों में एक महत्वपूर्ण बदलावआया है वह है राजनीतिक उद्यिमयों का उदय। ये ऐसे व्यक्ति होते हैं जो राजनीतिक प्रणालीका अपने हित में उपयोग करते हैं। मतदाताओं को उन्हीं राजनीतिक उद्यिमयों में से ही लोकसभा और विधानसभाओं के लिये अपने प्रतिनिधि चुनने पड़ते हैं। पश्चिम में हुआ एक अध्ययन बताता है कि ऐसे उद्यमी राजनेता लोकतांत्रिक संस्थाओं के आधारभूत मानदंडों को तोडते हैं। उनकी शैली सही लगने वाली बातों के प्रति भावनात्मक अपील तथा अपने प्रतिद्वंद्वियों के विरुद्ध नकारात्मक भावनाएं भड़काने के लक्ष्य से प्रेरित होती है।

मतदाताओं की प्राथमिकताओं और व्यवहार में भी अब नाटकीय परिवर्तन हुए नज़र आने लगे हैं। वे दिन लद गए जब मतदाता जीवन भर एक ही पार्टी का समर्थन करता था। आज का मतदाता बाजारी उत्पाद के उपभोक्ताओं की तरह व्यवहार करता हैं, जो अक्सर प्रचार की हवा में बह कर अपना चयन बदलता रहता है। ऐसा लगता है मानो मतदाता शेयर बाज़ार के व्यक्तिगत निवेशक की भांति व्यवहार कर रहा है। लोकतान्त्रिक मतदान सेंसेक्स की भाति हो गये हैं। अचानक किसी शेयर (पार्टी) के भाव बढ़ जाते हैं और बहुसंख्यक निवेशक कुछ पाने की चाह में उसी पर दांव लगा बैठते हैं। कभी वह शेयर धड़ाम से नीचे भी आ गिरता है। लोकतान्त्रिक चुनाव में अब वैचारिक पक्ष गौण हो गया है। अमरीकी विश्वविद्यालयों की दो प्रोफेसरों ने मिल कर एक किताब लिखी है पोलिटिकल आंत्रेप्रेन्योर्स जिसमें वे कहती हैं कि राजनीतिक उद्यमी नेताओं के आगमन से चुनावी प्रचार में उम्मीदवारों की बयानबाजी की शैली का महत्व बढ़ गया है।यह शैली है प्रतिस्पर्धी पर शब्दों का कठोर प्रहार। इसमें नये सोशल मीडिया का भरपूर उपयोग होता है। जो वक्तव्य मुख्यधारा के मीडिया में नहीं दिया जा सके वह सोशल मीडिया के जरिये इतना फैला दिया जाता है कि वह उफन कर मुख्य धारा के मीडिया में भी जगह पाने लगता है। सरकार अपने प्रचार परपैसे उड़ाती है यह किसी से छिपा हुआ नहीं है। प्रचार से यह जताने की कोशिश होती है कि सरकार की ऐसी छवि बनाई जाय जिस पर आम जनता मोहित होऔर अगले चुनावों में उसकी पार्टी को उसका वोटों से मालामाल कर दे। इस मामले में नई भाजपा सरकार भी पिछली गहलोत सरकार से अलग नज़र नहीं आ रही है। सरकार बदलने पर राजधानी के चौराहों पर लगे प्रचार के बड़े-बड़े होर्डिंग पर बस नेताओं की तस्वीरें भर बदल गई है। प्रचार से अपनी नैया खेने के लिये वर्तमान सरकार ने एक टेंडर निकाला है जिसमें यूट्यूब पर 24 घंटे चलने वाला न्यूज चैनल चलाने के लिये दस करोड़ रुपयों का खर्च करने जा रही है, भले ही सरकार के पास प्रचार का अपना महकमा काम कर रहा है। मगर इस पर चर्चा कौन करे? भव्य भवन वाली विधान सभा में बैठ कर विधायिका के लोग साल में सौ दिन भी अपना दायित्व नहीं निभाते हैं। उनकी चर्चाएं भी राज्य के लोगों का जीवन कम कष्टप्रद करने के लिये नहीं बल्कि दलीय आधार पर एक दूसरे को नीचा दिखने के लिये अधिक होती हैं। सभी जल्दी अमीर होना चाहते हैं और उद्यमी लोगों ने राजनीति को भी अमीरी की तरफ ले जाने का रास्ता बना लिया है। शायद इसीलिए राजकोष के पैसे को सही तरीके से और समझदारी से खर्च करने की दिलचस्पी सत्ता में बैठे लोगों में नज़र नहीं आती।

**अतिथि संपादक, राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# साइबर अटैक का बढ़ता खतरा और भारतीय जनमानस



अविनाश जोशी

आज इटरनेट हमारे दैनिक जीवन के अभिन्न अंगों में से एक बन गया है। वह हमारे दैनिक जीवन के अधिकांश पहलुओं को प्रभावित कर रहा है। साइबरस्पेस हमें वर्चुअल रूप से दुनिया भर के करोड़ों ऑनलाइन उपयोगकर्त्ताओं से जोड़ता है। हमारी जिंदगी के कई महत्वपूर्ण फैसले एवम दस्तावेज कंप्यूटर में संठाहित रहते है। हमारा पूरा वित्त संबंधित लेखा जोखा भी ऑनलाइन ही संठाहित हैं।

साइबर स्पेस हमारे जीवन की आधार रेखा है इसलिए साइबर सुरक्षा एक महत्वपूर्ण घटक साबित हो सकता है। साइबर सुरक्षा कंप्यूटर, सर्वर, मोबाइल डिवाइस, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम, नेटवर्क और डेटा को दुर्भावनापूर्ण हमलों से बचाने का माध्यम है।

इसे सूचना प्रौद्योगिकी सुरक्षा या इलेक्ट्रॉनिक सूचना सुरक्षा के रूप में भी जाना जाता है। यह शब्द व्यवसाय से लेकर मोबाइल कंप्यूटिंग तक विभिन्न संदर्भों में लागू होता है। नेटवर्क सुरक्षा कंप्यूटर नेटवर्क को घुसपैठियों साो सुरक्षित करने का तरीका है, चाहे लक्षित हमलावर हों या अवसरवादी मैलवेयर।

आज विश्व में साइबर खतरा ताव्रिव्र गति से विकसित हो रहा है, हर साल डेटा उल्लंघनों की संख्या बढ़ रही है। रिस्कबेस्ड सिक्योरिटी की एक रिपोर्ट से पता चला है कि अकेले 2019 के पहले नौ महीनों में डेटा उल्लंघनों से चौंकाने वाले 7.9 बिलियन रिकॉर्ड उजागर हुए थे। यह आंकड़ा 2018 की समान अवधि में उजागर हुए रिकॉर्ड की संख्या से दोगुने (112 ) से भी अधिक थे।

चिकित्सा सेवाओं, खुदरा विक्रेताओं और सार्वजनिक संस्थाओं ने सबसे अधिक उल्लंघनों का अनुभव किया, अधिकांश घटनाओं के लिए दुर्भावनापूर्ण अपराधी जिम्मेदार थे। इनमें से कुछ क्षेत्र साइबर अपराधियों के लिए अधिक आकर्षक हैं क्योंकि वे वित्तीय और चिकित्सा डेटा एकत्र करते हैं, लेकिन नेटवर्क का उपयोग करने वाले सभी व्यवसायों को ठााहक डेटा, कॉर्पोरेट जासूसी या ठााहक हमलों के लिए लक्षित किया जा सकता है।

साइबर खतरे का स्तर लगातार बढ़ने के साथ, साइबर सुरक्षा समाधानों पर वैश्विक खर्च स्वाभाविक रूप से बढ़ रहा है। ऐसा अनुमान है कि साइबर सुरक्षा का खर्च 2026 तक वैश्विक स्तर पर 260 बिलियन डॉलर से अधिक हो जाएगा। दुनिया भर की सरकारों ने संगठनों को प्रभावी साइबर-सुरक्षा प्रथाओं को लागू करने में मदद करने के लिए मार्गदर्शन के साथ बढ़ते साइबर खतरे के प्रति जागरूकता पे ध्यान दिया है। अमेरिका में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्टैंडर्ड्स एंड टेक्नोलॉजी ने एक साइबर-सुरक्षा ढांचा बनाया है दुर्भावनापूर्ण कोड के प्रसार से निपटने और शीघ्र पता लगाने में सहायता के लिए, रूपरेखा सभी इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों की निरंतर, वास्तविक समय की निगरानी की सिफारिश करती है। यूके सरकार के राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा केंद्र द्वारा प्रदान किए गए मार्गदर्शन, " साइबर सुरक्षा के लिए 10 कदम " में सिस्टम निगरानी के महत्व को प्रतिध्वनित किया गया है ।

ऑस्ट्रेलिया में, ऑस्ट्रेलियाई साइबर सुरक्षा केंद्र नियमित रूप से इस बारे में मार्गदर्शन प्रकाशित करता है कि संगठन नवीनतम साइबर-सुरक्षा खतरों का मुकाबला कैसे कर सकते हैं।

साइबर आक्रमण या साइबर हमला एक प्रकार का अपराध है जो कंप्यूटर के माध्यम से किया जाता है। इसे अंठोज़ी भाषा में साइबर अटेक कहते हैं। सामान्यतः साइबर आक्रमण का संचालन अनामक संस्थाओं या व्यक्तिओं द्वारा महत्त्वपूर्म डाटा की चोरी करने के लिये किया जाता है।साइबर सुरक्षा कंप्यूटर सिस्टम, नेटवर्क, डिवाइस और डेटा की चोरी, क्षित, अनधिकृत पहुँच या किसी भी प्रकार के दुर्भावनापूर्ण इरादे से बचाने की प्रथा है।

साइबर सुरक्षा महत्वपूर्ण है क्योंकि सरकार, सैन्य, कॉर्पोरेट, वित्तीय और चिकित्सा संगठन कंप्यूटर और अन्य उपकरणों पर अभूतपूर्व मात्रा में डेटा एकत्र, संसाधित और संठाहीत करते हैं। उस डेटा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा संवेदनशील जानकारी हो सकता है, चाहे वह बौद्धिक संपदा, वित्तीय डेटा, व्यक्तिगत जानकारी, या अन्य प्रकार का डेटा हो, जिसके लिए अनधिकृत पहुंच या प्रदर्शन के नकारात्मक परिणाम हो सकते हैं। संगठन व्यवसाय करने के दौरान नेटवर्क और अन्य उपकरणों पर संवेदनशील डेटा प्रसारित करते हैं, और साइबर सुरक्षा उस जानकारी और इसे संसाधित करने या संठाहीत करने के लिए उपयोग की जाने वाली प्रणालियों की सुरक्षा के लिए समर्पित अनुशासन का वर्णन करती है। जैसे-जैसे साइबर हमलों की मात्रा और परिष्कार बढ़ता है, कंपनियों और संगठनों, विशेष रूप से जिन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा, स्वास्थ्य या वित्तीय रिकॉर्ड से संबंधित जानकारी की सुरक्षा का काम सौंपा जाता है, उन्हें अपने संवेदनशील व्यवसाय और कर्मियों की जानकारी की सुरक्षा के लिए कदम उठाने की आवश्यकता होती है। कुछ वर्षों पहले देश के शीर्ष खुफिया अधिकारियों ने आगाह किया था कि साइबर हमले और डिजिटल जासूसी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं, यहाँ तक कि आतंकवाद भी।

जागरूकता एवम शिक्षा साइबर-अपराधों की रोकथाम के बारे में सूचना के प्रसार के लिये महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक है और युवा आबादी साइबरस्पेस में अपनी भागीदारी के बारे में जागरूक होने तथा साइबर सुरक्षा के लिये और साइबर अपराध रोकने के लिये एक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करने के लिये बल गुणक के रूप में कार्य कर सकती है।साइबर सुरक्षा जागरूकता का मतलब यह है कि साइबर सुरक्षा के बारे में उपयोगकर्ताओं को कितना पता है कि उनके नेटवर्क को खतरा है और वे जो जोखिम पेश करते हैं। अंतिम उपयोगकर्ताओं को एक नेटवर्क के भीतर सबसे कमजोर लिंक और प्राथमिक भेद्यता माना जाता है। संगठन अपने नेटवर्क को बाहरी खतरों से बचाने और कमजोरियों को कम करने के लिए धन आवंटित करते हैं। अंत उपयोगकर्ता होने के नाते एक बड़ी भेद्यता है, सुरक्षा में सुधार करने के लिए तकनीकी साधन पर्याप्त नहीं हैं: संगठनों को साइबर सुरक्षा की व्यक्तिगत जागरूकता के लिए प्रशिक्षण भी देना चाहिए। उन्हें वर्तमान खतरों पर कर्मचारियों को शिक्षित करना चाहिए और उनसे कैसे बचना चाहिए।

अभी कुछ समय पहले आस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका का औपचारिक समूह 'क्वाड' साइबर सुरक्षा बढ़ाने के लिए 'मशीन लर्निंग' और संबंधित आधुनिक प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने पर सहमत हो गए हैं एवम आने वाले समय में साइबर सुरक्षा पे मिल के कार्य करेंगे। साइबर क्राइम से निपटने के लिए लगातार नए कदम उठाए जा रहे हैं।

ए आई चेट बोट की मदद से अब पुलिस केस निपटाएगी और लगातार इसको लेकर कदम भी उठाए जा रहे हैं। आप भी इसका आसानी से लाभ उठा सकते हैं। साइबर फ्रॉड के मामलों से बचने के लिए सरकार और सरकारी तंत्र अलग-अलग तरीके अपना रहा है। यूजर्स को भी समय समय पर इससे होने वाले खतरों से अवगत करवाया जाता है। साथ ही इससे बचने के तरीके भी बताए जाते हैं।

भारत में 2023 में लगभग 85 लाख उपकरणों पर 40 करोड़ से अधिक साइबर हमले हुए हैं। यानी हर मिनट 761 साइबर हमले हुए। इनमें से सूरत में 15 फीसदी और बंगलूरू में 14 फीसदी सबसे अधिक मामले देखे गए हैं। इनमें से 50 फीसदी से अधिक मीडिया और नेटवर्क ड्राइव से जुड़े हैं।

सुरक्षा उपायों में असमानता से वैश्विक स्तर पर साइबर खतरे बढ़ रहे है। यह दावा विश्व आर्थिक मंच ने ग्लोबल साइबर सिक्युरिटी आउटलुक 2024 जारी रिपोर्ट में किया है।एक्सेंचर के सहयोग से तैयार की गई रिपोर्ट में गलत जानकारी फैलाने या सार्वजनिक धारणा में हेरफेर करने के लिए एआई जनित डीपफेक से उत्पन्न खतरों को चिह्नित किया गया है। इसके साथ ही बाताया गया है कि पिछले वर्ष की तुलना में दुनिया के 10 में 8 कारोबार साइबर सुरक्षा के लिहाज से ज्यादा असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। यह रिपोर्ट तब सामने आई है, जब दुनिया के 45 से ज्यादा देशों में चुनाव होने वाले हैं।

साइबर क्राइम से जुड़े ज्यादातर मामले एक्ट 2000 के तहत दर्ज किए जाते हैं। इसमें अपराधी के द्वारा किए गए क्राइम की श्रेणी तय की जाती है और उसके अनुसार आरोपी के खिलाफ एक्शन लिया जाता है। कई मामलों में अपराधियों के खिलाफ धारा 43, 65, 66 और 67 के तहत केस चलते हैं।

भारत को व्यापक और अद्यतन कानून बनाने की आवश्यकता है जो साइबर सुरक्षा के सभी पहलुओं, जैसे साइबर आतंकवाद, साइबर युद्ध, साइबर जासूसी और साइबर धोखाधड़ी को दायरे में ले।

**अविनाश जोशी,**
स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक

# 140 रुपए का प्लग खराब निकला, कंपनी को देने होंगे 9500

**बीकानेर,** बिजली उपकरणों से जुड़ी एक कंपनी का पावर प्लग खराब होने पर उपभोक्ता आयोग ने 9500 रुपए का जुर्माना ल गाया है। पावर प्लग की कीमत 140 रुपए है। बीकानेर से जुड़े इस मामल े में पिछल े दिनों उपभोक्ता आयोग ने महत्वपूर्ण फैसल ा दिया है।

नोखा रोड पर रहने वाल े एडवोकेट अनिल सोनी ने इस संबंध में एक परिवाद उपभोक्ता आयोग के समक्ष ल गाया था। सोनी ने बताया कि उसने कोटगेट पर स्थित महेश इल ेक्ट्रिक कंपनी से एक पावर प्लग की खरीद की थी। इसमें 140 रुपए का पॉवर प्लग था और 30 रुपए का वायर खरीदा था। महेश इले क्ट्रिक कंपनी से इस सामान का बकायदा बिल लि या गया। खरीद के दो महीने बाद पावर प्लग खराब हो गया।

एंकर कंपनी का ये पॉवर प्लग काम नहीं कर रहा था तो दुकानदार को इसकी शिकायत की गई। जिसका समाधान न तो दुकानदार ने किया और न एंकर कंपनी ने। इस पर उपभोक्ता ने अधिकारों का उपयोग करते हुए एंकर कंपनी के मात्र 120 रुपए के पावर प्लग में खराबी पर परिवाद देते हुए प्लग की राशि देने के साथ ही बीस हजार रुपए जुर्माना ल गाने की मांग रखी। इसमें दस हजार रुपए मानसिक संताप के और दस हजार रुपए परिवाद व्यय के देने की डिमांड रखी गई।कंपनी की तरफ से आयोग के समक्ष शपथ पत्र भी दिया गया। ये शपथ पत्र एंकर कंपनी के अधिकृत सर्विस प्रोवाइडर सुरेंद्र नाथ ने दिया। जिसमें अपनी कंपनी की तारीफ करते हुए इस मामल े को खारिज करने का आग्रह किया गया।

इस अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद निर्णय दिया कि चूंकि पावर प्लग और वायर की कीमत महज 170 रुपए हैं। ऐसे में मानसिक संताप के रूप में दस हजार रुपए का दावा सही नहीं है। मानसिक संताप के रूप में ढ ाई हजार रुपए देने का निणर्य दिया गया है। वहीं परिवाद व्यय के रूप में दस हजार की डिमांड थी, आयोग ने पांच हजार परिवाद व्यय देने के आदेश एंकर कंपनी को दिए हैं। दो हजार रुपए का हर्जाना परिवादी एडवोकेट अनिल पहले ही वसूल चुके हैं।

# मेघवाल ने पालिकाध्यक्ष का कार्यभार संभाला

**सूरतगढ़** । नव मनोनीत नगरपालि का अध्यक्ष जगदीश मेघवाल ने अंतरिम कार्यभार संभाल लि या। अधिशासी अधिकारी पूजा शर्मा ने उन्हें कार्यभार ग्रहण करवाया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद पालि काध्यक्ष जगदीश मेघवाल ने कहा कि वे आमजन व कार्यकर्ताओं की भावना के अनुरूप बिना भेदभाव के कार्य करेंगे।

इस अवसर पर भाजपा जिल ाध्यक्ष शरणपाल सिंह मान, पूर्व मंत्री रामप्रताप कासनिया, पूर्व विधायक अशोक नागपाल , नगर अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, महामंत्री ल ाल चंद शर्मा, वरिष्ठ नेता जयप्रकाश सरावगी, पूर्व पालि काध्यक्ष मास्टर ओमप्रकाश काल वा, पूर्व महामंत्री सुभाष गुप्ता, नरेंद्र घिंटाला, महिला मोर्चा की पूर्व जिल ाध्यक्ष रजनी मोदी, जिला उपाध्यक्ष आरती शर्मा, जिला मंत्री काजल छाबड़ा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री विनोद सारस्वत, नगर अध्यक्ष मयंक वशिष्ठ और अंकुर ल डोइया सहित अन्य ल ोग मौजूद थे।

इनके अलावा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष परसराम भाटिया, संगठन महामंत्री धर्मदास सिंधी सहित कांग्रेस के पार्षदों व कई कार्यकर्ताओं ने भी भाजपा पालि काध्यक्ष मेघवाल का गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस मौके भाजपा जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह मान ने कहा कि पार्टी में हमेशा कार्यकर्ताओं का सम्मान होता है । कार्यकर्ताओं की भावना के अनुरूप तीन बार पार्षद रहे जगदीश मेघवाल को पालि काध्यक्ष नियुक्त कर कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया है।

# डेंगू संक्रमित मरीजों के मिलने का सिलसिला जारी

## 300 सैंपल की जांच हुई, 24 पॉजिटिव आए, इसमें चार दूसरे जिलों के मरीज रिपोर्ट

**बीकानेर,** डेंगू संक्रमित मरीजों के मिल ने का सिल सिल ा जारी है। डेंगू की रिपोर्ट में 24 नए संक्रमित मरीज सामने आए हैं। इसमें चार पेशेंट दूसरे जिल ों के थे। करीब 300 पेशेंट्स की डेंगू जांच करवाई गई थी। इसमें 20 मरीज बीकानेर के तथा 4 मरीज दूसरे जिल ों के डेंगू पॉजिटिव मरीज रिपोर्ट हुए हैं। डेंगू मरीजों की पॉजिटिविटी रेट भी बढ़ कर अब 8 प्रतिशत हो गई है।

सीएमएचओ राजेश गुप्ता ने बताया कि जिन मरीजों की रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आ रही है, उनके घरों और उसके आसपास स्वास्थ्य विभाग की टीम को भेजकर सर्वे करवाया जा रहा है। सोमवार को सुदर्शना नगर, व्यास कॉल ोनी, कमल ा कॉल ोनी, मुरल ीधर सहित शहर के विभिन्न एरिया में डेंगू पॉजिटिव मरीज रिपोर्ट हुए हैं।

सीएमएचओ डॉ. राजेश गुप्ता ने बताया कि डेंगू ऐसा नहीं है कि डेंगू रोधी गतिविधियां शहरी क्षेत्र में करवाई जा रही है, बल्कि जिन ग्रामीण एरिया में डेंगू मरीज मिल रहे हैं, वहां भी नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र के कार्मिक संबंधित मरीजों का फीडबैक ल े रहे हैं। डेंगू पॉजिटिव मरीजों को तल ा-भुना और मसाल ेदार भोजन नहीं खाना चाहिए। इससे पेट में जल न और गैस जैसी समस्याएं हो सकती हैं। कैफीन युक्त पेय पदार्थ जैसे चाय, कॉफी और कोल्ड ड्रिंक्स से बचना चाहिए। इसके बजाय प्राकृतिक और ताजे तरल पदार्थों का सेवन करें। मसाल ेदार भोजन से एसिडिटी बढ़ ने की संभावना रहती है जो मरीज की स्थिति को और बिगाड़ सकती है। खट्टे खाद्य पदार्थ जैसे सिरका और अचार से परहेज करना चाहिए। कच्चे खाद्य पदार्थों में हानिकारक बैक्टीरिया होने की संभावना होती है जो संक्रमण के खतरे को बढ़ ा सकते हैं। डेंगू के मरीजों को अच्छी तरह से पका हुआ भोजन ही खाना चाहिए। शुगर युक्त भोजन और अत्यधिक तेल से भरपूर स्नैक्स से बचें। यह शरीर के लि ए भारी होते हैं और रोग प्रतिरोधक क्षमता पर नकारात्मक असर डाल सकते हैं।

**इनका कहना है -**

डेंगू वायरस से संक्रमित होना शरीर के लि ए एक चुनौतीपूर्ण स्थिति होती है, खासकर क्योंकि इससे प्लेटल ेट्स (रक्त के थक्के बनाने वाल ी कोशिकाएं) का स्तर गिरता है और कमजोरी बढ़ जाती है। ऐसे में डेंगू पॉजिटिव मरीजों के लि ए उचित खान-पान का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। सही पोषक तत्व बीमारी से उबरने में मदद करता है।

**डॉ. विकास पारीक**
सीनियर फिजिशियन, बीकानेर।

## राशिफल बुधवार 13 नवम्बर, 2024



पंडित अनिल शर्मा


कार्तिक मास शुक्ल पक्ष, द्वादशी तिथि, बुधवार, विक्रम सम्वत 2081, रेवती नक्षत्र रात्रि 3.11 तक, वठा योग दिन 3.25 तक, बालव करण दिन 1.02 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 3.11 से मेष राशि में संचार करेगा।

ठाह स्थिति - सूर्य-तुला, चन्द्रमा-मीन, मंगल-कर्क, बुध-वृश्चिक, गुरु-वृष, शुक्र-धनु, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में संचार करेगा।


रवियोग रात्रि 3.11 से आरम्भ होगा। आज प्रदोष व्रत, मन्वादि कालिदास जयंती, तुलसी विवाह है। पंचक रात्रि 3.11 पर समाप्त होंगे।

**श्रेष्ठ चौघडिया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9.30 तक, शुभ 10.50 से 12.11 तक, चट 2.52 से 4.12 तक, लाभ-अमृत 4.12 से सूर्यास्त तक


**राहुकाल:** 12.00 से 1.30 तक, सूर्योदय 6.43 सूर्यास्त 5.33



**मेष**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भाग-दौड़ बनी रहेगी। आज समय अर्नगल कार्यों में खराब हो सकता है।




**वृष**
आर्थिक-वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।




**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**कर्क**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य संपन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।



**सिंह**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा।




**कन्या**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य संपन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। आज आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।




**तुला**
व्यावसायिक विवादों का निपटारा हो सकता है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**वृश्चिक**
परिवार में शुभ मांगलिक कार्य संपन्न हो सकते हैं। आज महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच विचार हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए भाग-दौड़ रहेगी।




**धनु**
घर-परिवार में अथितियों का आगमन रहेगा। अथितियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।



**मकर**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्य के लिए यात्रा संभव है।



**कुंभ**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है।



**मीन**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल आत्मविश्वास बडेगा। आवश्यक कार्ययोजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौन सिटी

Rashtradoot

फोनः- 230200, 230400 फैक्सः- 07469-230600 वर्षः 17 संख्याः 10 प्रभात हिण्डौन सिटी, बुधवार 13 नवम्बर, 2024 पो. रजि.SWM-RJ-6069/2017-18 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.


## महाराष्ट्र में भाजपा और कांग्रेस ने ''रेवड़ियों'' की बरसात की

### किसी ने नहीं मानी, रेवड़ी कल्चर पर रोक के लिए रिजर्व बैंक की सलाह

- श्रीनन्द झा -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 12 नवम्बर। चुनावों से मुफ्त सुविधाएं देना अर्थात ''रेवड़ी कल्चर'' पर सुप्रीम कोर्ट की कठोर सलाह का महाराष्ट्र में न तो महाविकास अघाड़ी पर कोई असर हुआ है ना ही सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन पर। भाजपा ने महिलाओं को प्रतिमाह 21,000 रुपये देने की घोषणा की है और कांग्रेस महिलाओं को प्रतिमाह तीन हजार रुपये देना का वादा किया है। भाजपा ने दस लाख विद्यार्थियों प्रतिमाह दस हजार रु. देने तथा 25 लाख रोजगार सृजित करने का वायदा किया है।

कांग्रेस ने बेरोजगार युवाओं चार हजार रु. का भत्ता देने की घोषणा की है वहीं भाजपा ने राज्य पुलिस में 25,000 महिलाओं को नौकरी देने का वादा किया है। भाजपा के अन्य वादों के बिजली के बिल में 30 प्रतिशत की कटौती, वृद्धावस्था पेंशन 1500 से बढ़ाकर 2100 करने ओर किसान सम्मान योजना में किसानों को सालाना बारह हजार से बढ़ाकर पन्द्रह हजार रु. देने की घोषणा की है और आंगनबाड़ी और आशा सहयोगिनियों को 15,000 और बीमा बतौर मासिक मानदेय दिए जाने का वादा किया गया है। दूसरी ओर महाराष्ट्र विकास अघाड़ी ने तीन लाख रु. तक का कर्ज माफ करने और 6 एल.पी.जी. सिलैण्डर 500 रु की रेट पर देने का वायदा किया साथ ही शिक्षित बेरोजगारों का 4,000 रु मासिक देने की घोषणा की है।

- भाजपा ने महिलाओं को प्रति माह 21 सौ रूपये देने का वादा किया तो कांग्रेस ने 3 हजार रुपये देने की घोषणा की।
- भाजपा ने 10 लाख विद्यार्थियों को 10 हजार रू. प्रतिमाह भत्ता देने व 25 लाख रोजगार सृजित करने की घोषणा की है, वहीं, कांग्रेस ने बेरोजगार युवाओं को चार हजार रू. प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया।
- इसके अलावा भाजपा ने बिजली के बिल में 30 प्रतिशत की कटौती, आंगनबाड़ी व आशा सहयोगियों के मानदेय में वृद्धि का वादा किया।
- कांग्रेस ने 500 रू. की दर पर साल में 6 रसोई गैस सिलैंडर देने की घोषणा की है।
- ज्ञातव्य है कि, जून में आई एक रिपोर्ट में आर.बी.आई. ने कहा था कि राज्य सरकारें सब्सिडी का बढ़ा हिस्सा मुफ्त सुविधाओं के रूप में दे रही हैं।

जून की एक रिपोर्ट में, आर. बी. आई. ने सी. ए. जी. के उपलब्ध डेटा का हवाला देते हुए कहा था कि सब्सिडी, जो 2020-21 में 11.2 प्रतिशत थी, 2021-22 में बढ़कर 12.9 प्रतिशत हो गई है, जबकि 2019-20 में ये कम हो गई थी। रिपोर्ट बताती है कि कुल राजस्व व्यय में सब्सिडीज का हिस्सा, जो 2019-20 में 7.8 प्रतिशत था, 2021-22 में बढ़कर 8.2 प्रतिशत हो गया है। रिपोर्ट में झारखंड, केरल, ओडिशा, तेलंगाना तथा उत्तर प्रदेश का उल्लेख ऐसे राज्यों के रूप में किया गया है, जिनमें पिछले तीन सालों में सब्सिडीज में सर्वाधिक वृद्धि दर्शाई गई है। गुजरात, पंजाब और चंडीगढ़ भी ऐसे राज्यों के रूप में दर्शाये गये हैं, जहां सब्सिडीज पर उनके राजस्व व्यय का 10 प्रतिशत से अधिक खर्च हुआ है। रिपोर्ट आगे कहती है कि हाल ही के दौर में, राज्य सरकारों ने अपनी सब्सिडीज का एक हिस्सा रेवड़ियों के रूप में बांटना शुरू कर दिया है।

## तकनीकी खराबी के कारण वापस लौटा राहुल का विमान

- जाल खंबाता -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 12 नवम्बर। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को मंगलवार को महाराष्ट्र के बुलढ़ाना जिले के चिखली कस्बे की अपनी चुनावी सभा निरस्त करनी पड़ी, क्योंकि उनकी फ्लाइट में कोई तकनीकी खराबी पैदा हो गई थी तथा पायलट उसे दिल्ली वापस ले आया।

उन्हें दिन में 12.30 बजे कांग्रेस प्रत्याशी राहुल वोन्द्रे के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित करना था। उन्होंने जनसभा के निरस्तीकरण के बारे में एक वीडियो बयान जारी किया तथा कहा कि वे वहां सोयाबीन तथा कपास उत्पादक किसानों से मिलने के लिये उत्सुक थे।

- राहुल महाराष्ट्र में चिखली जनसभा में नहीं पहुंच सके।

लेकिन राहुल गांधी ने गोदिया में अपनी दूसरी रैली में पहुंचने में कामयाब रहे।

अपने बयान में, उन्हंने चिखली के मतदाताओं को आश्वस्त किया कि इंडिया ग्रुप की सरकार वहां के लोगों की समस्याओं का समाधान करने की कोशिश करेगी।

## सुप्रीम कोर्ट में अर्जेंट सुनवाई के मौखिक आवेदन अब स्वीकार नहीं होंगे

### सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ने प्रक्रिया सम्बंधी पहले निर्णय में यह निर्देश दिया

- जाल खंबाता -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 12 नवम्बर। अब तक चली आ रही परम्परा से अलग हटते हुए, सर्वोच्च न्यायालय ने मुकदमों की अर्जेन्ट लिस्टिंग तथा सुनवाई के मौखिक निवेदन पर मंगलवार को रोक लगा दी। इसमें पहले से सूचीबद्ध मामलों को डिलीट न किये जाने का मौखिक निवेदन भी शामिल है।

अदालत की कार्यवाही की प्रक्रिया के संबंध में लिए गये अपने पहले निर्णय में, मुख्य न्यायाधीश पद का कार्य-भार संभालने दूसरे दिन ही मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने जोर देते हुए कहा कि अब दायर होने वाले नये केसों को तत्काल सूचीबद्ध किये जाने तथा उनकी सुनवाई किये जाने के मौखिक निवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। इनमें वे पुराने केस भी शामिल होंगे, जिन पर अभी तक विचार नहीं हुआ है। अब ऐसे निवेदनों के लिए ई-मेल या लिखित प्रार्थना पत्रों का ही रास्ता अपनाना होगा तथा उनमें मुकदमे की शीघ्र लिस्टिंग एवं सुनवाई के लिए कारण देने होंगे।

मुख्य न्यायाधीश ने मंगलवार को अदालत की कार्यवाही के प्रारम्भ में कहा, ''अब लिखित या मौखिक निवेदन बंद। केवल ई-मेल या लिखित स्लिप। अर्जेन्सी के कारणों का ही उल्लेख करें।'' याचिकाकर्ताओं को इन संदेशों, पत्रों में अपने निवेदन की अर्जेन्सी के कारण स्पष्टतः बताने होंगे।

- उन्होंने कहा कि नए केसों को तत्काल सूचीबद्ध करने के आदेश ई-मेल या लिखित पर्ची पर ही स्वीकार किए जाएंगे, जिसमें यह बताना होगा कि त्वरित सुनवाई करना क्यों जरूरी है?
- ज्ञातव्य है कि, रिटायर्ड सी.जे.आई. डी.वॉय. चंद्रचूड के कार्यकाल में मामलों को त्वरित सुनवाई के लिए लिस्ट करने के लिए ई-मेल से आवेदन भेजने के लिए कहा गया था, पर तब भी कुछ मामलों, जैसे भवन तोड़ने या गिरफ्तारी की संभावना होने पर, न केवल केस की त्वरित सुनवाई होती थी, बल्कि इसमें सम्बंधित पक्ष को राहत भी दी गई थी।
- पूर्व चीफ जस्टिस स्व. एस.एच. कपाड़िया के कार्यकाल, 2 मई 2010 से 28 सितम्बर 2012 तक, के दौरान केस की त्वरित लिस्टिंग के लिए मौखिक आवेदन देना स्वीकार नहीं करने का निर्देश दिया गया था पर यह परम्परा अब आगे नहीं बढ़ाई जाएगी।

अभी-अभी सेवानिवृत्त हुए मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चन्द्रचूड़ के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## रामगढ़ के अलावा बाकी सीटों पर कांग्रेस खतरे में

### सलूम्बर, झुंझनूं, देवली, उनियारा में निर्णय निर्दलीयों के हाथ में, दौसा व रामगढ़ में सीधा मुकाबला

जयपुर, 12 नवम्बर। राजस्थान में सात विधानसभा सीटों के लिए आज मतदान है और मतदान से पहले उभरी तस्वीर में कांग्रेस इस बार तीन सीटों पर तीसरे नंबर पर संघर्ष करती नज़र आ रही है। एक सीट पर मुख्य मुकाबला भाजपा और निर्दलीय के बीच सिमट गया है। दो सीटों पर बाप और भाजपा के बीच में मुकाबला नज़र आ रहा है। रामगढ़ को छोड़कर बाकी सीटों पर कांग्रेस को इस बार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

राजस्थान की सात विधानसभा सीटों में से देवली - उनियारा सीट पर मतदान से ठीक पहले उभरी तस्वीर में मुख्य मुकाबला निर्दलीय नरेश मीणा और भाजपा के राजेन्द्र गुर्जर के बीच दिख रहा है। कांग्रेस के कई नेताओं के दौरों के बावजूद, स्थानीय जनता और खुद कांग्रेसजनों ने भाजपा से आए मीणा की उम्मीदवारी को दिल से नहीं स्वीकारा है और यही कारण है कि यहां कांग्रेस बेहद कमजोर नजर आ रही है। दौसा में डॉ किरोड़ी लाल मीणा के भाई जगमोहन मीणा और कांग्रेस के डी.डी. बैरवा के बीच सीधा मुकाबला है, लेकिन ब्राह्मण नेताओं का झुकाव विप्र पंचायत के बाद भाजपा के पक्ष में जाने से भाजपा को फायदा मिलता दिख रहा है। भाजपा का परंपरागत वोट बैंक भी उसके साथ नजर आ रहा है।

- चौरासी सीट पर राजकुमार रोत की बाप पार्टी हावी, खींवसर में इस बार कांग्रेस व भाजपा के बागी प्रत्याशी नहीं होने से हनुमान बेनीवाल का गढ़ खतरे में नजर आ रहा है।

दौसा में स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर सत्ता के साथ रहेंगे, तो 4 साल तक विकास के काम हो पाएंगे और विपक्ष के साथ गए तो 4 साल का नुकसान हो सकता है। यह बात भी भाजपा के लिए फायदे का सौदा बन गई है। दौसा में कांग्रेस के स्थानीय नेता प्रचार में तो नजर आ रहे हैं लेकिन दिल दिमाग से वो पार्टी के साथ नजर नहीं आ रहे।

रामगढ़ विधानसभा सीट की बात करें तो स्पष्ट रूप से सहानुभूति कांग्रेस उम्मीदवार आर्यन जुबेर के साथ दिखाई पड़ रही है। वहीं, जातिगत समीकरण भी कांग्रेस के पक्ष में नजर आ रहे हैं। हालांकि, भाजपा के सुखवंत सिंह के पक्ष में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दो बार किए गए दौरे और अन्य नेताओं के प्रयासों के कारण भाजपा टक्कर देने में तो कामयाब हो गई है, लेकिन थोड़ा पीछे छूटती नजर आ रही है।

झुंझुनू विधानसभा सीट का उपचुनाव पूरी तरह से निर्दलीय राजेन्द्र गुढ़ा पर टिका है। गुढ़ा को मिलने वाले वोट ही तय करेंगे कि यहां पलड़ा किसके पक्ष में झुकेगा। यहां कांग्रेस के उम्मीदवार अमित ओला को परिवारवाद के आरोप के चलते विरोध झेलना पड़ रहा है। हालांकि भाजपा में भी भितरघात तो है, लेकिन स्पष्ट रूप से बागी सामने नहीं होने का फायदा राजेन्द्र भामू को मिल रहा है। यहां राजेन्द्र गुढ़ा जिस तरह की भीड़ जुटाते रहे हैं, अगर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सुप्रीम कोर्ट ने अबुबकर की मैडिकल रिपोर्ट मांगी

- जाल खंबाता -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 12 नवम्बर। सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को ऑफ इंडिया इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स) से ई.अबूबकर की मेडिकल रिपोर्ट मांगी है। प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पी.एफ. आई.) के पूर्व चेयरमैन अबूबकर ने मेडिकल आधार पर जमानत के लिये आवेदन किया है।

- मैडिकल रिपोर्ट के आधार पर ही सुप्रीम कोर्ट प्रतिबंधित संगठन, पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के पूर्व प्रमुख अबु बकर की जमानत याचिका पर फैसला करेगा।

न्यायमूर्ति एम.एम. सुन्द्रेश तथा अरविन्द कुमार की बैंच ने निर्देश दिये कि अबूबकर को दो दिन के अंदर एम्स ले जाया जाये तथा विधिवत भर्ती करने के बाद के चार दिन के अंदर, एक-इन-डोर मरीज के रूप में उसकी विस्तृत जांच की जाये। बैंच ने एम्स के निदेशक से भी कहा है कि वे उसकी जांच पूरी होने के तीन दिन के अंदर अदालत में उसकी रिपोर्ट पेश करें।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## क्या सनसनीखेज खुलासा कर खुद को संकट में डाल लिया है अजित पवार ने?

### राजनैतिक हल्कों में चर्चा है कि अजित पवार ने यह खुलासा शरद पवार को घेरने के लिए किया था पर उनका दांव उलटा पड़ गया है

- डॉ. सतीश मिश्रा -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 12 नवम्बर। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने अपने इस रहस्योद्घाटन से बरैया के छत्ते को छेड़ दिया लगता है, ''पांच साल पहले'' भारतीय जनता पार्टी तथा अविभाजित नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.) के बीच हुई महत्वपूर्ण मीटिंग में गौतम अडाणी भी मौजूद थे।

अजीत, जो इस समय सत्तारूढ़ ''महायुति'' गठबंधन का हिस्सा है, उस घटनाक्रम का जिक्र कर रहे थे, जो कथितरूप से सुबह जल्दी होने उस शपथ ग्रहण समारोह से पहले घटित हुआ था। इस समारोह में भाजपा नेता देवेन्द्र फडनवीस ने मुख्यमंत्री पद की, तथा स्वयं उन्होंने (तत्कालीन अविभाजित एन.सी.पी. का हिस्सा) उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

अजीत पवार ने न्यूज वेबसाइट ''द न्यूज़ मिनट' को दिये एक इन्टरव्यू में कहा, क्या आपको नहीं मालूम? यह घटना 5 साल पहले की है। सबको मालूम है कि वह मीटिंग कहां हुई थी। सभी कहां मौजूद थे। मैं आपको फिर से बताता हूं। वहां अमित शाह थे, वहां गौतम अडाणी थे, वहां प्रफुल्ल पटेल थे, वहां देवेन्द्र फडनवीस थे, वहाँ अजीत पवार थे, वहां पवार थे, वहां पवार साहब थे, उन्होंने कहा कि एक पार्टी कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने वहीं किया, जो उनके नेता (शरद पवार) ने कहा था।

- अजित पवार ने कहा था कि 5 साल पहले अविभाजित एन.सी.पी. और भाजपा के बीच गठबंधन को लेकर जो बैठक हुई थी उसमें शरद पवार, अमित शाह, वे खुद और गौतम अडाणी भी मौजूद थे।
- पवार के इस खुलासे से यह सवाल उठ रहा है कि विभिन्न दलों के साथ डीलिंग में क्या गौतम अडाणी भाजपा के मध्यस्थ बनते हैं।
- अजीत पवार के इस बयान से गौतम अडाणी और भाजपा की सांठ-गांठ के कांग्रेस के आरोप की भी पुष्टि होती है।
- चर्चा है, कि अजीत के इस बयान से भाजपा के भीतर भारी नाराज़गी है।

अजीत का विद्रोह 80 घंटे तक चला था, क्योंकि शरद पवार ने निर्णय लिया था कि वे उन्हें (समर्थन) नहीं देंगे। इसके बाद, जूनियर पवार के साथ गये अधिकांश विधायक मूल पार्टी में लौट गये थे। इस घटना के चन्द रोज बाद, अविभाजित एन.सी.पी., शिव सेना तथा कांग्रेस ने मिलकर महाराष्ट्र में महा विकास (एम.वी.ए.) सरकार बना ली थी।

यह पूछे जाने पर, कि उनके चाचा शरद पवार ने ''क्रासओवर'' क्यों नहीं किया था, अजीत ने कहा, ''शरद पवार इस प्रकार के व्यक्ति हैं, जिसकी सोच के बारे में कभी भी भविष्यवाणी नहीं जा सकती। दुनिया में एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं है, जो उनके बारे में भविष्यवाणी कर सके। यह काम तो हमारी चाची तथा सुप्रिया (उनकी पुत्री) भी नहीं कर सकती।''

जब सीनियर पवार के नेतृत्व वाली एन.सी.पी.-एस.पी. की सुप्रिया सुले से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने मुझे ऐसी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## उपभोक्ता आयोग ने जेडीए पर 5.21 लाख हर्जाना लगाया

जयपुर, 12 नवंबर। जिला उपभोक्ता आयोग, जयपुर-द्वितीय ने सीकर रोड स्थित रजत विहार योजना में परिवादी को 16 साल पहले आवंटित भूखंड का पट्टा व कब्जा नहीं देने को सेवा दोष करार दिया है। वहीं, जेडीए व जोन-12 उपायुक्त पर 5.21 लाख रुपए हर्जाना लगाया है। इसके साथ ही,

- सीकर रोड पर रजत विहार योजना में 16 साल पहले आवंटित भूखंड की राशि लेकर भी परिवादी को कब्जा नहीं दिया।

जेडीए को एक महीने में जहां खाली भूखंड हो, उसका कब्जा परिवादी को देने अन्यथा जमा राशि 6,88,532 रुपए 18 प्रतिशत ब्याज सहित परिवादी को लौटाने के लिए कहा है। आयोग के अध्यक्ष ग्यारसीलाल मीना व सदस्य

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## क्या राहुल गाँधी से बड़ी जीत मिलेगी प्रियंका को वायनाड में?

### प्रियंका गाँधी की जीत तो तय सी है, चर्चा बस जीत के मार्जिन को लेकर ही चल रही है

-लक्ष्मण वेंकट कूची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 नवंबर। जब तक आप यह खबर पढ़ेंगे, तब तक वायनाड के 14 लाख मतदाता अपना प्रतिनिधि चुनने के लिए मतदान शुरू कर चुके होंगे, और जमीनी रिपोर्ट के अनुसार, पूरी संभावना है कि कुछ सप्ताह पूर्व अपने भाई राहुल गाँधी द्वारा खाली की गई सीट से जीत कर प्रियंका गाँधी लोकसभा से प्रवेश करेंगी।

कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, यहाँ महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि प्रियंका गाँधी का जीत का अंतर कितना होगा, क्या वे अपने भाई राहुल गाँधी की तुलना में अधिक बहुमत से जीतेंगी।

राहुल दो बार वायनाड से जीत चुके हैं, पर इस बार वे रायबरेली लोकसभा सीट से भी जीते तथा उन्होंने वायनाड की सीट खाली करने और अपनी बहन को वहाँ से चुनाव लड़वाने का निर्णय लिया। इसका आशय यह था कि उत्तर तथा दक्षिण भारत, दोनों जगह गाँधी परिवार का कोई प्रतिनिधि हो। ज्ञातव्य है कि हिन्दी भाषी क्षेत्र की तुलना में कांग्रेस पार्टी की स्थिति दक्षिण भारत में बेहतर है।

बुधवार सुबह सात बजे, वायनाड के करीब एक हज़ार मतदान केन्द्रों पर वोटिंग शुरू होगी।

- प्रियंका गाँधी वायनाड में जहाँ भी गई हैं, या जहाँ नहीं जा पाई हैं, जनता में उन्हें लेकर भारी उत्साह दिख रहा है।
- भाजपा और वामपंथी दल बार-बार यही कह रहे हैं कि राहुल गाँधी ने वायनाड को धोखा दिया है और बड़ी जीत मिलने के बाद भी उन्होंने यह सीट छोड़ दी।
- वायनाड से प्रियंका गाँधी के खिलाफ भाजपा की नव्या हरिदास और वाममोर्चा के सत्यन मोकरी मैदान में हैं।

मतों की गिनती, महाराष्ट्र एवं झारखंड विधानसभा चुनावों तथा अन्य राज्यों के उपचुनावों के साथ 23 नवंबर को होगी।

प्रचार के दौरान, प्रियंका गाँधी ने काफी विस्तार से उस प्यार और स्नेह की बात की, जो वायनाड की जनता ने उनके भाई को दिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि केरल के इस शहर के लोग उन्हें भी उतना ही या और अधिक प्यार व स्नेह देंगे। उन्होंने उस प्राकृतिक आपदा को याद किया, जो हाल ही में वायनाड के लोगों ने झेली थी, जिसमें कई लोग मारे गए थे तथा अनेक संपत्तियाँ तहस-नहस हो गई थीं।

प्रियंका गाँधी का विरोध कर रहे, लैफ्ट डैमोक्रैटिक फ्रंट (एल.डी.एफ.) के सत्यम मोकेरी एवं भाजपा की नव्या हरिदास आशा कर रहे हैं कि चुनावी अनुभव की कमी प्रियंका के विरुद्ध जा सकती है। इसके अलावा, वाम व दक्षिण पंथी, दोनों उम्मीदवारों ने इस बात पर जोर दिया कि 2019 में 4.3 लाख वोटों से जीतने के बाद भी कैसे राहुल गाँधी ने इस निर्वाचन क्षेत्र की अनदेखी की है। पिछले चुनावों में राहुल गाँधी 3.4 लाख वोटों के अंतर से जीते थे। प्रियंका जहाँ भी गईं या नहीं गईं, उन्हें उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया मिली है। चुनाव प्रचार सोमवार शाम को समाप्त हो गया।

चुनाव अभियान के दौरान, प्रियंका गाँधी ने कहा, ''मैं एक योद्धा हूँ और हर मंच पर वायनाड के लोगों के लिए लड़ूंगी।''वायनाड लोकसभा सीट के अंतर्गत, वायनाड, कोझीकोड और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## प्रदेश की 23 हजार खानों की वैधता 31 मार्च तक बढ़ी

जयपुर, 12 नवंबर। सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश के 23 हजार खान संचालकों को बड़ी राहत दी है। अदालत ने इनकी खनन वैधता को 31 मार्च, 2025 तक बढ़ा दिया है। अदालत ने कहा है कि जो खनन पट्टा धारक जिला स्तरीय पर्यावरणीय प्रभाव आकलन प्राधिकरण से मंजूरी लेकर चल रहे हैं, वे तीन सप्ताह के भीतर राज्य स्तरीय प्राधिकरण में पर्यावरणीय मंजूरी के लिए आवेदन करें। चीफ जस्टिस ऑफ इण्डिया (सी.जे.आई.) संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश राज्य सरकार की विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई

- सुप्रीम कोर्ट ने जिला प्राधिकरण की मंजूरी वालों को तीन सप्ताह में राज्य स्तर पर आवेदन करने को कहा।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अश्लील वीडियो बनाकर ठगी करने वाली गैंग की महिला सदस्य गिरफ्तार

## गैंग ने महिला के साथ बुजुर्ग का होटल में अश्लील वीडियो बनाकर ठगे थे 5 लाख रुपये

**कोटपूतली।** पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यन्त ने बुजुर्ग व्यक्ति का महिला के साथ होटल में जाकर अश्लील वीडियो बनाकर ठगी करने की घटना के सम्बंध में दर्ज प्रकरण को गंभीरता से लेते हुये उक्त गैंग का पर्दाफाश करने तथा अभियुक्तों को अविलम्ब गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया था।

जिस पर एएसपी वैभव शर्मा के सुपरविजन,डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक व थानाधिकारी राजेश शर्मा के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित कि गई। टीम ने कड़ी मेहनत व लग्न से कार्य करते हुये तकनीकी सहायता एवं गुप्त रुप से आसूचना संकलन कर सीसीटीवी फुटेजों का गहनता से अवलोकन कर 60 वर्षिय बुजुर्ग व्यक्ति को होटल में बुलाकर उसका महिला के साथ अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर उससे 5 लाख रुपये की ठगी करने व 15 लाख रुपयों की और मांग करने वाली गैंग की महिला सदस्य निशा देवी (33) पत्नी परमजीत सिंह जाट निवासी खरखड़ी थाना बावल जिला रेवाड़ी (हरियाणा) को गिरफ्तार किया है।



कोटपूतली में बुजुर्ग व्यक्ति का अश्लील वीडियो बनाकर लूट में शामिल आरोपी महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

- घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद
- 15 लाख रुपये की और कर रही थी मांग
- बुजुर्ग व्यक्ति को ब्लैकमेल कर ऐंठे गये 3 लाख 50 हजार रूपये बरामद

उक्त गैंग के पांच सदस्यों को पूर्व में गिरफ्तार किया गया था। जिनसे पुलिस रिमाण्ड के दौरान घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार बरामद की गई एवं बुजुर्ग व्यक्ति को ब्लैकमेल कर ऐंठे गये 03 लाख 50 हजार रुपये बरामद किये गये। घटना में संलिप्त अन्य आरोपियान की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। एसपी राजन दुष्यंत ने जानकारी देते हुये बताया कि विगत 09 अक्टुबर को परिवादी धोलाराम ने रिपोर्ट पेश की थी कि 30 सितम्बर को एक महिला ने प्रार्थी को होटल पर बुला लिया तथा वहां पर उसको शराब पिलाकर उसका अश्लील वीडियो बना लिया व उसके बाद परिवादी को होटल के बाहर लाकर उसको जबरन गाड़ी में डालकर ले गये तथा उसके साथ मारपीट की व उसको अश्लील वीडियो दिखाकर ब्लैकमैल कर 05 लाख रुपये ले लिये एवं 15 लाख रुपये की मांग और करने लगे आदि रिपोर्ट पर अभियोग संख्या 540/24 धारा 115(2), 127 (2), 140(3), 308(2), 308 (6), 61(2)(ए) बीएनएस में दर्ज कर अनुसंधान शुरु किया गया।

उक्त घटना को अंजाम देने वाली गैंग का पर्दाफाश कर गैंग के 05 सदस्यों गौरव उर्फ आशू (23) पुत्र रतनलाल जाट व कुलदीप उर्फ चन्दू (21) पुत्र रोहिताश जाट दोनों निवासी बडली की ढ़ाणी थाना ततारपुर जिला खैरथल-तिजारा, राकेश (19) पुत्र श्यामलाल गुर्जर निवासी कांकरा थाना किशनगढ़बास जिला खैरथल-तिजारा, लोकेश (20) पुत्र ओमवीर जाट एवं योगेश कुमार (24) पुत्र सरजीत सिंह मेघवाल दोनों निवासी बडली की ढ़ाणी थाना ततारपुर जिला खैरथल-तिजारा को पूर्व में गिरफ्तार किया गया था तथा उक्त गैंग की महिला सदस्य निशा देवी को बाद अनुसंधान प्रकरण में गिरफ्तार किया गया।

### देशनोक ओरण परिक्रमा आज से

**देशनोक।** कस्बे की ओरण परिक्रमा इस बार तीन दिन की होगी। परिक्रमा को लेकर करणी माता मंदिर प्रशासन के साथ- पुलिस प्रशासन भी सक्रिय रहेगा। व्यवस्थाओं को लेकर ओरण परिक्रमा मार्ग पर पुलिस जाप्ता तैनात रहेगा। श्रीकरणी मंदिर निजी प्रन्यास के अध्यक्ष बादल सिंह देपावत ने बताया कि ओरण परिक्रमा 13 से 15 नवंबर तक चलेगी।

### 23 साल से फरार दो हजार का इनामी गिरफ्तार

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के सदर बाजार पुलिस थाना क्षेत्र में 23 साल पहले एक नाबालिग लडक़ी के प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी को अब गिरफ्तार कर लिया है। वक्त घटना पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए नाबालिग को आरोपी के घर से दस्तयाब कर लिया था। मगर आरोपी उसके बाद से ही फरार चला आ रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम का गठन किया गया। पुलिस ने टीम में उसे जयपुर से दस्तयाब कर अब गिरफ्तार किया है। वह हैदराबाद और जयपुर में आभूषण बनाने का काम करने लगा था। आरोपी पर दो हजार का इनाम भी घोषित किया गया था।

सदर बाजार थाना प्रभारी एएसआई कालूसिंह ने बताया कि मामले में बाइजी तालाब निवासी एक व्यक्ति की तरफ से रिपोर्ट दी गई थी। इसमें बताया कि 23 अक्टूबर 2001 उसकी नाबालिग बच्ची घर से बाहर गई थी मगर वह वापिस नहीं लौटी। फिर लगा कि घर के सामने रहने वाले एक बंगाली सुनार संजय बंगाली से प्रेमप्रसंग की चर्चा सुनी गई। तब पुलिस ने जांच करते हुए 27 अक्टूबर 2001 को आरोपी संजय बगाली के घर नाबालिग को दस्तयाब कर लिया था। मगर वह फरार हो गया था। इस पर पुलिस 23 साल से उसकी तलाश में जुटी हुई थी। न्यायालय द्वारा उसे उद्घोषित करवाया गया। पुलिस टीम को पता लगा कि वह हैदराबाद, जयपुर आदि स्थानों पर स्वर्णाभूषण बनाने का काम करता है। मगर बार बार स्थान भी बदलता है। उसके जयपुर में होने की जानकारी पुख्ता होने पर पुलिस की टीम वहां पहुंची और दस्तयाब कर अब गिरफ्तार किया गया।


**Rajasthan Medical Services Corporation Ltd.**
D-Block, Swasthya Bhawan, C-Scheme, Jaipur - 302005, Ph. No. 0141-2223887, Fax No. : 0141-2228065, E-mail : edepmrmsc.rj@nic.in
No. : F-8( )RMSC/EPM/M-4/2024-25/NIB-843/477 Dated :- 11/11/2024
**NOTICE INVITING BID**
Bids for Blood Collection and Transportation Van are invited from interested bidders up to Date: 20.11.2024 : 06:00 P.M. Other particulars of the bid may be visited on Procurement portal website **https://sppp.rajasthan.gov.in,** or **www.dipronline.org** or **https://eproc.rajasthan.gov.in** or website **http://rmsc.health.rajasthan.gov.in.**
UBN:- MSC2425GLRC00053
Raj.Samwad/C/24/7632 Executive Director (EPM)

**कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर**
क्रमांक :- राजकाज 11722886 दिनांक :- 11/11/2024
**ई-बिड सूचना संख्या :- जोन विद्युत/11/2024-25**
जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से विद्युत कार्यो हेतु संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से सिविल कार्यों हेतु ऑनलाईन बिड आमंत्रित की गई है। इन कार्यो की अनुमानित लागत, बिड बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, बिड शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट **www.jodhpurjda.org, www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in** पर देखा जा सकता है। **NIB Code : JOD2425A0110, UBN No. :- JOD2425WSOB00245 To JOD2425WSOB0047**
राज.संवाद/सी/24/7610 अधिशाषी अभियंता (विद्युत-I)

**MUNICIPAL COUNCIL JAISALMER**
S. No. :- NPJ/SBM/2024-25/109 Date :- 08/11/2024
**Notice Inviting Bid (NIB) No.- 04/2024-25**
Online Technical and Financial Bid in Single Stage two envelops are invited on behalf of Governor of Rajasthan by Municipal Council Jaisalmer for Dump site legacy waste remediation as per SWM Rules 2016 as amended time to time and Swachh Bharat Mission (Urban) 2.0 guidelines for old dumped MSW at Badabagh, Jaisalmer up to 02/12/2024.
Other particulars of the bid may be visited on the Procurement Portal **(https://sppp.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in)** of the State. The approximate value of the procurement is Rs. 3.42 Cr.
**NIB Code : DLB2425A3770, UBN No. : DLB2425WSOB11646**
Raj.Samwad/C/24/7621 Chairman Commissioner

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सानिवि जिला खण्ड प्रथम बीकानेर**
क्रमांक : 2487 **ई-निविदा संशोधन सूचना** दिनांक :8/11/24.
**(डीआईपीआर प्रकाशन संख्याः- 10456/2024 /26.10.2024)**
इस कार्यालय की ई निविदा सूचना सं0 09/2024-25 जो कि इस कार्यालय के क्रमांक 2246 दिनांक 21.10.2024 के द्वारा जारी है, जो कि दिनांक 29.10.2024 प्रातः 09:30 बजे से दिनांक 12.11.2024 सांय 06:00 बजे तक ऑनलाईन प्राप्त की जाकर दिनांक 13.11.2024 प्रातः 11:00 बजे खोली जानी प्रस्तावित है, को अब दिनांक 25.11.2024 को सांय 06:00 बजे तक ऑनलाईन प्राप्त कर दिनांक 26.11.2024 को सांयः 04:00 बजे खोली जाएगी। शेष नियम एवं शर्ते निविदानुसार यथावत रहेगी।
UBN No-: PWD2425WSOB08668
अधिशाषी अभियन्ता
DIPR/C/11181/2024 सा. नि. वि. जिला खण्ड प्रथम, बीकानेर

**राजस्थान सरकार आयुक्तालय उद्यान, पंत कृषि भवन, जयपुर**
क्रमांक-प.10()नि.उ./स्टोर./2024-25/1098-1102 दिनांकः-08/11/24
**नीलामी सूचना**
उद्यान निदेशालय, पंत कृषि भवन, जयपुर मे अनुपयोगी कार्यालय फर्नीचर, टेबल कुर्सी, ई-वेस्ट आदि मूल्य राशि रूपये 92,26,912 लाख की नीलामी दिनांक 22.11.2024 को 11.00 बजे कार्यालय परिसर मे जहाँ है जैसी स्थिति मे है की जावेगी। इच्छुक बोली दाता मौके पर 2 प्रतिशत बयाना राशि रूपये 1,84,538.00 नगद जमा करवा कर बोली मे भाग ले सकते है। नीलामी की शर्तों की जानकारी कार्यालय में आकर एवं सामान का निरीक्षण किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय समय मे किया जा सकता है।
UBN.NO. HOR2425GLOB00110 कार्यालयाध्यक्ष एवं आहरण एवं वितरण अधिकारी, उप निदेशक उद्यान (मुख्यालय)
DIPR/C/11163/2024 आयुक्तालय उद्यान, जयपुर

**OFFICE OF THE ZILA PARISHAD, BARAN, (RAJASTHAN)**
No:- ZP/PS Mangrol Building/2024-25/411-416 Date:- 7/11/2024
**Tender Notice inviting (NIT-02/2024-25)**
Bids are hereby invited for the Procurement of Construction of Panchayat Samiti Bhwan at Mangrol (Total Estimated Value- 200.00 Lacs) through E-Procurement Portal. Details of The NIB may be seen in the bidding documents at our office or at website of state procurement portal http://sppp.raj.nic.in or https://eproc.rajasthan.gov.in
NIB No. ZBR 2425A0256 UBN No. ZBR2425WSOB00598
Chief Executive Officer
DIPR/C/11117/2024 Zila Parishad Baran


# 13 लाख श्रद्धालुओं ने किए खाटूश्याम बाबा के दर्शन



खाटू नरेश के जन्म दिवस पर दशमी व एकादशी को काफी संख्या में भक्तगण पहुंचे।

**खाटूश्यामजी।** विश्व विख्यात खाटूधाम में कार्तिक शुक्ल एकादशी के अवसर पर बाबा श्याम के जन्मदिन पर देश के प्रत्येक कोने से लाखों श्याम भक्तों का हुजूम खाटू नगरी में उमड़ पड़ा। श्याम बाबा की दशमी की रात्रि से भक्तों के रैला का रैला ही चलता रहा और इस दशमी व एकादशी को 13 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन किए।श्याम जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय मासिक मेले में कस्बे की हर गली श्याम नाम में सराबोर दिखी।रींगस से खाटूश्यामजी तक पदयात्रियों का तांता लगा रहा।

श्री श्याम मंदिर कमेटी द्वारा की गई बैरिकेडिंग की व्यवस्था में श्याम भक्त श्याम रंग बिरंगे निशान लेकर बाबा श्याम की जय,शीश के दानी की जय,हारे के सहारे की जय,मोर मुकुट बंशी वाले की जय, लखदातार की जय,खाटू नरेश की जय जैसे जयकारें लगाते हुए बाबा श्याम के दरबार में हाजरी लगाने पहुंचे।बाबा श्याम की एक झलक पाकर श्याम दीवाने धन्य हो गये।इस अवसर पर बाबा का अलौकिक श्रृंगार किया गया।दो दिवसीय मासिक मेले में आने वाले भक्तों के चलते धर्मशाला,होटल, गेस्ट हाउस फूल रहे।वहीं सुरक्षा के लिहाज से करीब एक हजार का जाब्ता तैनात किया गया।

**सम्पूर्ण रात्रि हुई आतिशबाजी :-** श्याम बाबा के जन्मोत्सव को लेकर प्रशासन के तमाम इंतजाम धरे रह गये।इस बार जिला प्रशासन व पुलिस ने खाटूश्यामजी में धर्मशाला, गेस्ट हाउस, होटल व सार्वजनिक स्थानों पर पटाखों से आतिशबाजी करने पर प्रतिबंध लगाया था।इसके लिए जिला कलेक्टर धारा163 भी लगाई थी। लेकिन जैसे ही दशमी की रात्रि आई तो कस्बे में सम्पूर्ण रात्रि श्याम भक्तों ने जबरदस्त आतिशबाजी की।कस्बे के तोरणद्वार सहित अनेक स्थानों पर लोग रात्रि को आतिशबाजी करते नजर आए।हजारों की संख्या में भक्तों की तादाद के चलते पुलिस के प्रतिबंध का कोई असर देखने को नहीं मिला।

**56 भोग की झांकी सजाकर लगाया बाबा श्याम को भोग :-** कार्तिक शुक्ल एकादशी पर आयोजित बाबा श्याम के जन्मोत्सव पर श्री श्याम मंदिर में बाबा श्याम के 56 भोग लगाया गया।श्री श्याम मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि बाबा श्याम के 56 भोग की झांकी सजाकर भोग लगाया गया तथा भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

**जन्मोत्सव पर आकर्षक सजा बाबा श्याम का दरबार :-** कार्तिक शुक्ल एकादशी के अवसर पर श्री श्याम मंदिर कमेटी द्वारा बाबा श्याम का जहां अलौकिक श्रृंगार किया वहीं बाबा श्याम के दरबार को भी बंगाली कारीगरों द्वारा आकर्षक सजाया गया।इसके साथ ही मंदिर के बाहर विधुत रोशनी भी की गई।बाबा श्याम के जन्मदिन पर कस्बे की धर्मशाला, गेस्ट हाउस,होटलों मे भी सजावट की गई तथा बाबा श्याम का दरबार सजाकर लखदातार का जन्मदिन मनाया गया।

**भांति-भांति के केक चढ़ाकर मनाया श्याम बाबा का जन्मदिन :-** श्याम बाबा के जन्मदिन के अवसर पर देश के कोने कोने से आएं लाखों श्याम भक्तों में बाबा श्याम के केक चढ़ाने की होड़ सी लगी रही।एक किलोग्राम केक से लेकर क्विंटल,सवा क्विंटल केक भी श्याम भक्त सजाकर बाबा श्याम के दरबार में पहुंचे और बाबा श्याम को केक चढाकर हैप्पी बर्थडे सांवरिया बोलकर परिवार की खुशहाली की कामना की।

### सिलेंडर लीकेज से लगी आग

**श्रीगंगानगर।** सिटी हॉस्पिटल के पीछे मॉडल कॉलोनी में एक घर में रखे गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई। पहले घर के सदस्यों ने ही आग बुझाने के प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। इस पर सिलेंडर को घर से बाहर निकाल दिया गया, लेकिन आग लगातार जलती रही। इस पर दमकल विभाग को सूचना दी गई। महज 7-8 मिनट में दमकल घटना स्थल पर पहुंच गई। 15 से 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। दमकल विभाग के अनुसार सूचना मिली थी कि मॉडल कॉलोनी के जसकरण के घर में रखे सिलेंडर में लीकेज की वजह से आग लग गई है।

# हर विधानसभा के दस-दस बीएलओ को नोटिस

**बीकानेर।** मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत प्रत्येक विधानसभा में पात्र महिला मतदाताओं के नाम मतदाता सूचियों में लक्ष्य के अनुरूप नहीं जोड़ने पर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के दस-दस बीएलओ को नोटिस जारी किए गए हैं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. दुलीचंद मीना ने बताया कि इन बीएलओ द्वारा विधानसभा निर्वाचन नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत वंचित पात्र महिला मतदाताओं के नाम नामावली में जोड़ने हेतु दिए गए लक्ष्य निर्धारित किया गया था। वर्तमान में इसकी समीक्षा करने पर पाया गया कि कई बीएलओ ने लक्ष्य के अनुरूप कार्य नहीं किया है। इसके मद्देनजर प्रत्येक विधानसभा के न्यूनतम प्रगति वाले दस-दस बीएलओ को नोटिस दिए गए हैं। इन सभी बीएलओ के भाग संख्या की मतदाता सूची में लिंगानुपात जिले के औसत लिंगानुपात 901 से बहुत कम है। इस संबंध में पूर्व भी निर्देश दिए गए थे लेकिन इसके बावजूद संबंधित मतदान केंद्र की मतदाता सूची में लिंगानुपात न्यूनतम है। ऐसे में संबंधित बीएलओ को नोटिस जारी कर 7 दिन में स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं।

# एम्स की महिला डॉक्टर से कार्डिलॉजिस्ट बनकर 18 लाख ठगे

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर एम्स में लगी महिला डॉक्टर को किसी शातिर ने कार्डियोलॉजिस्ट बनकर 18 लाख रूपयों की ठगी कर ली। जरूरी उपकरण खरीद और होटल बिल पे करने के नाम पर ठगी का शिकार बनाया गया है। घटना 15 अक्टूबर से 29 अक्टूबर के बीच की है। पीड़ित महिला डॉक्टर ने इस बारे में भगत की कोठी थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दी है।

मूलतः मेट्रो आसाम हाल सुभाष कॉलोनी गली नंबर 10 में रहने वाली डॉ. अनुष्का शुक्ला वैद्य ने थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि वह एम्स अस्पताल जोधपुर में कार्यरत है। उनकी ऑनलाइन बम्बर ऐप के जरिए आकाश जोशी नाम के व्यक्ति से 15 अक्टूबर को जान-पहचान हुई थी। तब उसने अपने आप को डॉक्टर व कार्डियोलॉजिस्ट बताया व अपने आप को एक ही प्रोफेशन का व्यक्ति बताया। इस पर विश्वास कर हम दोनों ने व्हाट्स एप के जरिये बातचीत करना शुरू किया था। इससे हम दोनों के मध्य जान-पहचान हो गयी तथा उस पर पूर्ण रूप से विश्वास करने लगी व हमारी बात शादी करने तक पहुंच गई थी।

22 अक्टूबर को डॉ. आकाश ने मुझे व्हाट्स एप से कॉल कर यह सूचना दी कि उसे मदद चाहिए तब पूछने पर बताया कि मेरा प्राइम ट्रस्ट सेविंग बैंक का खाता जो कि फ्रीज हो चुका है तथा इस वक्त मैं टर्की में हूं। जहां मैं अपने क्लिनिक के लिए मेडिकल उपकरण खरीद करने के लिए आया हुआ हूं तथा मेरे द्वारा सम्पूर्ण मेडिकल उपकरण का बिल का भुगतान कर दिया गया है मगर मेडिकल उपकरण के शिपिंग चार्जेज एवं होटल चार्जेज के लिए मेरे पास अब पर्याप्त रूपये नहीं होने से क्या तुम मुझे उक्त बकाया भुगतान के लिए रूपये भेज सकती हो क्या। उसने यह आश्वासन दिया कि आपको यह रूपये जल्द से जल्द वापस लौटा दूंगा। तब डॉ. आकाश के द्वारा मुझे बार-बार कॉल करके मदद मांगी व मुझे वापस लौटाने का विश्वास दिलाया तब मेरे द्वारा उस पर विश्वास करते हुए उसके द्वारा भेजे गए बैंक खातों के विवरण अनुसार रूपए ट्रांसफर किए गए थे।

डॉक्टर अनुष्का ने अपने दोस्त डॉ. गौरव सिंह, जो हाल ही में बड़ौदा मेडिकल कॉलेज में कार्यरत है ने कुल मिलाकर 9,890 यूरो यानि भारतीय मुद्रा के अनुसार लगभग 09 लाख रूपए विभिन्न तारीखों को ट्रांसफर किए गए थे।

28 अक्टूबर को डॉ. आकाश का फिर से व्हाट्स एप कॉल आया तब उसके द्वारा यह सूचना दी गई कि अपने खाते में रोकड़ राशि प्राइम ट्रस्ट सेविंग बैंक में जमा करवाए है जिससे मैं आपको उक्त राशि कुल 9,890 यूरो के बदले 20,000 यूरो अधिक यानि 30,000 यूरो ट्रांसफर कर दिए है। उसने मदद किए जाने के एवज में यह रकम डाली थी। मगर उसे बाद में सिर्फ दिए गए पैसे लौटाने को कहा गया। 29 अक्टूबर को डॉक्टर अनुष्का को कॉल कर उनसे बैंक संबंधी डिटेल मांगी गई। डॉक्टर अनुष्का ने रिपोर्ट में बताया कि उनके सहयोगी डॉक्टर हर्ष सैनी के साथ फिर से आकाश को 9.35 लाख रूपए ट्रांसफर किए गए। इस तरह शातिर ने उनसे 18 लाख रूपयों की ठगी कर डाली। आकाश ने अपने परिचित मिस्टर हुलियांगधाग के साथ योजनाबद्ध तरीके से यह ठगी की है।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड राजाखेडा**
क्रमांक :- 1200-1214 दिनांक :- 09.11.2024
**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्याः 05/2024-25**
**NIB code PWD2425A2577 and UBN is: PWD2425WSOB09459**
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड राजाखेड़ा जिला धौलपुर में सडक एवं पुलिया मरम्मत कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों, राज्य सरकार के अन्य विभागों में पंजीकृत "एए","ए"बी"सी" एवं "डी" श्रेणी संवेदकों एवं केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "एए, "ए"बी"सी" एवं "डी" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण बेवसाईट "www.eproc.dipronline.org" व http://www.pwd.rajasthan.gov.in/, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

| क्र.सं. | मुख्यालय का नाम | : | कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड राजाखेडा |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा का कार्य | : | पुलिया स्थाई मरम्मत कार्य |
| 2 | निविदा की कुल लागत | : | रु. 60.45 लाख |
| 3 | निविदा शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क एवं धरोहर राशि जमा कराने की प्रक्रिया | : | वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्र प. (5) / वित्त/ साविलेनि/2018 दिनांक 27.04.2020 के अनुसार ई-ग्रास चालान पर ऑनलाइन एक ही चालान द्वारा निम्न बजट मद में जमा करानी है। 1) निविदा शुल्क 0075-00-800-52-01 2) प्रोसेसिंग शुल्क 8658-00-102-(16)-02 (निर्माण विभाग) (RISL Fees) 3) धरोहर राशि 8443-00-108-00-00 |
| 4 | निविदा आवेदन/डाउनलोड करने की तारीख (बेवसाइट पर) | : | दिनांक 11.11.2024 प्रातः 11:00 बजे दिनांक 22.11.2024 सायं 6:00 बजे तक |
| 5 | निविदा फार्म जमा कराने की तारीख (बेवसाइट पर) | : | दिनांक 11.11.2024 प्रातः 11:00 बजे दिनांक 22.11.2024 सायं 6:00 बजे तक |
| 6 | निविदा खोलने की तारीख (बेवसाईट पर) | : | दिनांक 25.11.2024 सायं 04:00 बजे |

(डी.के. गुप्ता)
अधिशाषी अभियन्ता
DIPR/C/11191/2024 सा.नि.वि. खण्ड राजाखेडा


# गर्ल्स हॉस्टल में रीडिंग रूम बनाया जायेगा : डॉ. सोनी

**बीकानेर।** सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज बीकानेर के प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉक्टर गुंजन सोनी ने मंगलवार को एसएमसी में अध्ययनरत मेडिकल स्टूडेंट्स के लिए आवास, सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरा तथा साफ सफाई व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर हॉस्टल वार्डन से अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

डॉक्टर सोनी ने बताया कि बॉयज एवं गर्ल्स यूजी पीजी हॉस्टल कैंपस में कुल 42 नए सीसी टीवी कैमरे लगवा दिए गए है , नए टेंडर में अतिरिक्त सुरक्षा गाड्‌र्स लगाए जाएंगे, बॉयज हॉस्टल में एक कनिष्ठ लिपिक की ड्यूटी लगाई गई है। इस दौरान सफाई ठेकेदार को हॉस्टल परिसर में सफाई की चाक चौबंद व्यवस्था रखने के निर्देश दिए।




मेडिकल कालेज प्राचार्य डॉ गुजन सोनी ने मेडिकल कॉलेज हास्टल का किया निरीक्षण।

- प्राचार्य डॉ. सोनी ने किया हॉस्टल का निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

निरीक्षण के पश्चात निगम द्वारा प्राप्त एलईडी लाइट्स जो लगवाई गई उनका भी अवलोकन किया, डॉक्टर सोनी ने कहा कि मेडिकल स्टूडेंट्स एसपीएमसी परिवार के सदस्य है उनके लिए मूलभूत सुविधाओं सहित अन्य उचित प्रबंधन के लिए कॉलेज प्रशासन प्रतिबद्ध है। गर्ल्स हॉस्टल में लगाए गए नए गेट का अवलोकन भी प्राचार्य ने किया साथ ही गर्ल्स हॉस्टल में रीडिंग रूम बनाए जाने की स्वीकृति प्रदान की।

एसीपी महेश आचार्य ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की मॉनिटरिंग एनवीआर तकनीक से एलईडी स्क्रीन पर निरंतर की जा रही है। इस दौरान अतिरिक्त प्राचार्य डॉक्टर रेखा आचार्य, चीफ हॉस्टल वार्डन डॉ. यूनुस खिलजी, गर्ल्स हॉस्टल वार्डन विजयेता मोदी, प्राचार्य कॉर्डिनेटर डॉक्टर गौतम लूनिया, एसीपी महेश आचार्य निरीक्षण एवं अवलोकन के दौरान साथ रहे।


**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**
CAD सर्किल के पास कोटा
फोन नं. 0744-2500539, वेबसाइट : https://lsg.rajasthan.gov.in/uitkota/#/home/dptHome
एफ 11/नीलामी/2024/1851 दिनांक 12.11.24
**ई-ऑक्शन के माध्यम से भूखण्ड खरीदने का अवसर**
प्राधिकरण द्वारा ई-ऑक्शन के माध्यम से पंडित मदन मोहन मालवीय योजना खेड़ा जगपुर झालावाड़ रोड में रिसोर्ट हेतु भूखण्ड संख्या-आर-5 को नीलाम किया जा रहा है। उक्त भूखण्ड एन.एच. 12 पर स्थित है एवं प्राधिकरण की फार्म हाउस योजना, आर.टी.ओ. ऑफिस, रीको संस्थान एवं औद्योगिक क्षेत्र के समीप स्थित है। ई-ऑक्शन दिनांक 04.12.2024 प्रातः 11.00 बजे से प्रारंभ होकर दिनांक 06.12.2024 को दोपहर 02.00 बजे समाप्त हो जायेगा (अन्तिम 5 मिनट में स्वतः बोली विस्तार नहीं होने की स्थिति में) नियम/शर्तें एवं अन्य जानकारी https://lsg.rajasthan.gov.in/uitkota/#/home/dptHome एवं udhonline.rajasthan.gov.in कार्यालय समय में प्राधिकरण में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है। दूरभाष 0744-2500539/ (Helpline For Online Support-01412560211) पर सम्पर्क करें।
भूखण्ड संख्या आर-5 का क्षेत्रफल (16124.84 वर्गमीटर)
प्रारम्भिक नीलामी दर-12100/-प्र.व.मी.
आरक्षित दर-3500/-प्र.व.मी.
धरोहर राशि-3902500/-




सचिव

## देवउठनी एकादशी मनाई

**भरतपुर (निस)।** मंगलवार को देवउठनी एकादशी बडे ही हर्षोल्लास एवं आस्था के साथ मनाई गई। देवउठनी एकादशी पर लम्बे इंतजार के बाद फिर से शुरू शादियों की शहनाई की गूंज की हुई शुरूआत। देवउठनी एकादशी के अवसर पर शहर के सभी मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रम हुए। वहीं मंदिरों में तुलसी सालिगराम विवाह का भी आयोजन किया गया। शादियों का सीजन शुरू होने से लोगों में खुशी का माहौल है। शादी के लिए घोडी, बैंडबाजा, हलवाई, केटर्स और मैरिज गार्डन मालिकों की ओर से तैयारी पूरी कर ली गई है। ज़िले में इस दिन 1200 से अधिक शादियां होंगी। इस मौके पर पंडित मनु मुदगल ने बताया कि कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की जो एकादशी पडती है। उसको देवउठनी देव प्रबोधिनी एकादशी कहते है। आज ही के दिन विष्णु भगवान चार मास की योग निद्रा के बाद जागते हैं। इसी दिन से मांगलिक कार्यों की शुरूआत हो जाती है। मंदिरों में तुलसी जी व भगवान सालिगराम का विवाह होता है। जिन महिलाओं की कन्या नहीं होती हैं वे तुलसी का पालन पोषण कर सालिगराम जी के साथ तुलसी जी का विवाह कराकर पुण्य कमाती है। आज के दिन दीपदान का भी महत्व होता है। भगवान का पंचामृत स्नान कराकर विशेष श्रृंगार किया जाता है। अपने घरों में लोगों के द्वारा भगवान को उठाया जाता है। इसी प्रकार विजय हनुमान मंदिर के महन्त मुनेन्द्र दास महाराज कहते हैं कि आषाण मास में विष्णु भगवान सो जाते है।

# देव उठनी एकादशी पर मंदिरों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**गंगापुर सिटी ।** चार महीने की निद्रा के बाद देव उठनी एकादशी पर भगवान विष्णु अपनी निद्रा से जागेंगे। ऐसे में कार्तिक मास शुक्ल पक्ष एकादशी पर घर-घर धार्मिक कार्यों का आयोजन हो रहा है। वहीं, शाम के वक्त गोधूली बेला पर देवताओं को जगाया जाएगा। देवउठनी एकादशी पर

■ **धूम धाम से निकली ठाकुर जी की बारात, मां तुलसी और ठाकुर जी के विवाह के साक्षी बने कॉलोनीवासी**

गंगापुर सिटी जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्र के मंदिरों में भगवान के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड पडा और हजारों श्रद्धालु मंदिर में भगवान के दर्शन करने पहुंचे। देव उठनी एकादशी पर्व पर नहर के कुशालगढ बाबा श्याम के मंदिर पर विशेष पूजा अर्चना और आरती के बाद बाबा का भव्य श्रृंगार कर दरबार सजाया गया। इस मौके पर बाबा के छप्पन भोग और फूल बंगला झांकी भी सजाई गई। दूसरी ओर देव उठनी एकादशी के साथ ही मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो गई। अकेले गंगापुर शहर में जहां 5० से अधिक और जिले में करीब 3०० शादियां होंगी। दूसरी और बाजारों में भी लोग शादी विवाहों की खरीदारी करने में जुटे हुए हैं और कपडे, इलेक्ट्रॉनिक आइटम, ज्वेलरी आदि की खरीद कर रहे हैं। देव उठनी एकादशी पर्व लोगों द्वारा परिवार की खुशहाली और उन्नति की कामना की जाएगी। जिसको लेकर सुबह से ही बाजार में गन्ने और देवताओं के पूजन की विशेष सामग्री की मांग देखी जा रही है, साथ में सिंघाडे और शकरकंदी की भी खरीदारी हो रही है। पंडित अशोक आचार्य और रामेश्वर शास्त्री ने बताया कि आषाढ मास में देवता एकादशी को शयन मुद्रा में चले जाते हैं।

भगवान विष्णु भी सभी कार्यो को शिवजी को सौप क्षीर सागर में चार मास शयन करते हैं। ऐसे में विवाह सहित कोई भी मांगलिक कार्य नहीं होता। ऐसा शास्त्रों में विधान है। जब चौमासा बीतता है और दीपावली का त्यौहार आता है तो उसके ठीक 12 दिन बाद देवता अपनी नींद से जागते है।

भगवान विष्णु भी जब निद्रा से जागते हैं, तो विशेष आयोजन किया जाता है। इसे देव उठावनी एकादशी कहते हैं। यह एकादशी का पर्व विशेष महत्व रखता है। ऐसे में हर घर में देवताओं की पूजा की जाती है और ऐसे में हर घर में देवताओं की पूजा की जाती है और उनके साथ अपने पितरों को भी याद किया जाता है। आज देवताओं को जागृत करने के लिए दो मुहूर्त दिए गए हैं। जिनमें एक गोधूलि बेला का है जो 5 से 6 बजे के बीच है। वही दूसरा मुहूर्त 7 से 8 बजे के बीच रखा गया है।

सनातन धर्म की मान्यताएं एवं धार्मिक आस्थाओं के साथ गंगापुर सिटी की बजरंग कॉलोनी में तुलसी विवाह का आयोजन किया गया। जिस प्रकार से मानव विवाह संपन्न होता है उसी तरह मां तुलसी व ठाकुर जी का विवाह कराया गया। सात दिनों से लगातार चल रहे इस कार्यक्रम में नियम अनुसार सभी कॉलोनी वासीयों ने ठाकुर जी की बारात में शामिल होकर आनंद लिया।

मां तुलसी के विवाह कार्यक्रम में तुलसी जी को अपनी पुत्री बनाने वाली ममता स्वामी ने विधिपूर्वक बारात का स्वागत कर मां तुलसी का कन्यादान किया।। वर पक्ष की और से ठाकुर जी को अपना पुत्र मानकर बारात ले जाने वाले प. मुकेश शास्त्री पूरे शास्त्र विधि अनुसार बारात लेकर पहुंचे। सैकडों की संख्या में लोग बारात में शामिल हुए व प्रसाद ग्रहण की।



देव उठनी एकादशी पर तुलसी जी ठाकूर विवाह के दौरान तौरण मारते ठाकूर जी एवं देव अनुष्ठान करते यजमान

## सार-समाचार

### खाटूश्याम जी का जन्मोत्सव मनाया

**हिंडौन सिटी ।** मोहन नगर स्थित श्री श्याम मंदिर सेवा धाम में देवउठनी एकादशी पर खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव मनाया। इसी के साथ सुबह मंगला आरती के साथ छप्पन भोग के दर्शन शुरू हुए। मंदिर परिसर में मनमोहक श्रृंगार किया गया है। जिसमें रंग बिरंगे गुब्बारे, फूल व पत्तियों की मालाओं से सजावट की गई है। एक दिन पूर्व शयन आरती के उपरांत ही मंदिर में सजावट शुरू हो गई थी।इस दौरान श्याम बाबा, राधा कृष्ण और गिर्राज धरण दरबार में छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। विभिन्न प्रकार के मिष्ठान, नमकीन और फल की थाली सजाई। मंदिर में सुबह से ही श्याम भक्तों का आने का सिलसिला शुरू हो गया। कई स्थानों से पदयात्रा भी पहुंची। मंदिर में दर्शन के साथ श्याम बाबा के जयकारे गूंजते रहे। वहीं मंदिर के आसपास फूल, माला, प्रसाद व खिलौनों की अस्थाई दुकानें भी सजी हुई है। श्याम बाबा की शीश प्रतिमा को ऑर्केट फूलों की मालाओं से विशेष श्रृंगार किया। श्याम भक्तों ने दर्शन के साथ धोक लगाकर खुशहाली की मन्नतें भी मांगी। ग्रामीण क्षेत्रों से भी महिलाएं, पुरुष व बच्चे - युवा पदयात्री के रूप में दर्शन के लिए पहुंचे।

### लायंस क्लब गंगापुर सिटी को मिला सम्मान

**गंगापुर सिटी ।** लायंस क्लब इंटरनेशनल 3233 ई-1 प्रांत के प्रांतपाल लायन सुनील अरोडा द्वारा आयोजित द्वितीय कैबिनेट मीटिंग सार्थक का आयोजन भरतपुर शहर की एक रिसोर्ट में आयोजित की गई थी जिसमें ऐतिहासिक 648 रजिस्ट्रेशन करके मिसाल कायम की गई। प्रांत पाल द्वारा सेवा सप्ताह जो कि दो से 8 अक्टूबर तक पूरे प्रांत में मनाया गया विशेष कार्यों के लिए लायंस क्लब गंगापुर सिटी को सम्मान दिया गया। यह सम्मान वहां उपस्थित लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन सुरेश चंद्र गुप्ता, कैबिनेट मेंबर विजय कुमार अग्रवाल, अवध बिहारी गुप्ता, राजीव पालीवाल, जॉन चेयर पर्सन रीना पालीवाल द्वारा ग्रहण किया गया। लायंस क्लब अध्यक्ष सुरेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि कैबिनेट मेंबर लायन विजय कुमार अग्रवाल को भी प्रांतपाल द्वारा सम्मानित किया गया। चार एवं 5 जनवरी 2025 को जी एल टी सेमिनार लायन आशुतोष वशिष्ठ सेकंड वी डी जी द्वारा श्याम बाबा की पावन धरा पर खाटू श्याम जी में आयोजित की जाएगी। उन्होंने गंगापुर सिटी रीजन के सभी लायन सदस्यो से ज्यादा से ज्यादा संख्या में आने का अनुरोध किया।

### अंजनी माता का स्थापना दिवस मनाया

**करौली**(नि.स.)। अंजनी माता मंदिर का इतिहास इस प्रकार का बताया गया। करौली शहर अपना 676 वां स्थापना दिवस आज मनाया गया मन्दिर में बाल हनुमान को गोद में लेकर बैठी और दूध पिलाती माता अंजनी के दर्शन होते हैं। उन्होने बताया कि मन्दिर में विशेष तौर पर कान की बीमारियों से पीड़ित लोग सरकंडे का तीर चढ़ाकर मनौती मांगते हैं। कहा जाता है कि कलयुग में एक मात्र सिद्ध देव कोई है तो वो केसरी नंदन हनुमान। ऐसे देव जिनके नाममात्र से भूत पिशाच दूर भाग जाते हैं और मन भय मुक्त हो जाता है। ऐसे महाबली हनुमान मंदिर देशभर में गली गली मिल जाते हैं जो जन-जन की भक्ति व आस्था के प्रतीक है, लेकिन हम आपको हनुमान जी के ऐसे स्वरूप के दर्शन करा रहे हैं जिनकी मासूम सी छवि पर आप भी मोहित हो जाएंगे। हम आपको लेकर चल रहे हैं करौली के अंजनी माता के मंदिर में जहां महाबली हनुमान माता अंजनी के गोद में बाल रूप में विराजमान हैं। अंजनी माता मंदिर के पहाड़ के नीचे पाताली हनुमान का मंदिर है। मान्यता है कि ये जमीन से निकले हैं इस कारण इनका नाम पाताली हनुमान मंदिर पडा है।करौली में पांच नदियों के संगम के स्थल पांचना बांध के पास पहाडी पर स्थित सुप्रसिद्ध माता अंजनी का मंदिर राजस्थान का इकलौता मंदिर माना जाता है। आकर्षक प्राकृतिक परिवेश में स्थित मंदिर काफी विख्यात है। यहां श्रद्धालु दूर-दूर से अपनी अराध्या देवी अंजनी माता के दर्शन करने व मनौती मांगने आते हैं। अंजनी माता यदुवंश की जादौन शाखा की कुलदेवी मानी जाती है। इस मंदिर की स्थापना यदुवंश द्वारा करीब 1327 से 1348 ईस्वी के बाद अर्जुनदेव ने की थी। इस के बाद 1348 में देव उठनी एकादशी को करौली शहर की स्थापना की। अंजनी माता मंदिर पर हर वर्ष देव उठनी एकादशी पर मेला आयोजित होता है।

### भागवत कथा में मनाया नंदोत्सव

**गंगापुर सिटी ।** स्थानीय राजपूत कॉलोनी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में नंदोत्सव बडे हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर यजमान राजेंद्र सिंह राजावत ने केक काटकर सभी को बधाई दी और श्री राजपूत सभा महूकलां के अध्यक्ष शिम्भू सिंह कोठी मूंदा व जीतू बना की ओर से सभी भक्तों को श्रद्धालुओं को कलाकंद और कचोरी एवं रबडी का प्रसाद वितरित किया गया। आचार्य भगवान दास जी ने बालकृष्ण के अवतार के अवसर पर सभी भक्तों को बधाई दी तथा कलयुग में धर्म के बारे में बताते हुए दान का सबसे बडा महत्व बताया। भागवत सप्ताह का भंडारा 15 नवंबर को राजपूत कॉलोनी महूकलां में होगा।

### ग्रामीणों ने सौपा ज्ञापन

**भरतपुर** (निस)। उपखंड के गांव मदनपुर, नगला चौधरिया, नगला जैता व गांव पीलूपुरा आदि गांवों के ग्रामीणों ने मंगलवार को बयाना में एसडीएम कार्यालय के समक्ष नारेबाजी कर प्रदर्शन करते हुए बिजली की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौपा। युवा ग्रामीण कार्यकर्ता प्रदीप गुर्जर ने बताया कि बिजली विभाग के अधिकारियों की मनमानी के चलते ग्रामीणों को ना तो पर्याप्त घरेलू विद्युत आपूर्ति मिल पा रही है और ना ही खेतों की सिंचाई के लिए बिजली की आपूर्ति मिल पा रही है। ऐसी स्थिति में ग्रामीण व किसान बिजली को लेकर काफी चिंतित और परेशान हैं। जबकि सरकार किसानों को पर्याप्त बिजली दिए जाने की बड़ी-बड़ी बातें कर रही है। प्रदर्शनकारी ग्रामीणों का कहना था कि अगर खेतों की सिंचाई के लिए दिन के समय और पर्याप्त बिजली नहीं दी गई तो खेतों में बोई गई फसलें बर्बाद हो जाएंगी।

### डॉ. नेहा मोदी को किया सम्मानित

**भरतपुर** (निस)। विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में भरतपुर की लाडली बिटिया डॉ. नेहा मोदी का अपने परिवार व भरतपुर जिले का नाम रोशन करने पर, भरतपुर स्थित खंडेलवाल धर्मशाला में दुपट्टा पहनाकर पुष्पगुच्छ एवं श्री बांके बिहारी जी का प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया एवं शुभकामनाएं दी गई। सभी प्रतिनिधियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। लाडली बिटिया डॉ नेहा मोदी ने भी चिकित्सा के क्षेत्र में मानवीय योगदान देने का आश्वासन दिया। ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा ने बताया कि भरतपुर की लाडली बिटिया ने यह सिद्ध कर दिखाया कि यदि साध्य मजबूत हो तो साधन कोई मायने नहीं रखते। विषम पारिवारिक परिस्थितियों के बावजूद भी बच्ची ने अपने इरादे मजबूत रखें और अपने लक्ष्य को साबित कर दिखाया। सभी परीक्षार्थियों को ऐसे होनहार व्यक्तित्व से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में इष्टदेव गणेश जी का भोग लगाकर सभी सदस्यों को स्वल्पाहार करवाया गया। कार्यक्रम में ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा, विप्र फाउंडेशन के पूर्व जिलाध्यक्ष नेमीचंद मुद्गल, समता आंदोलन के जिलाध्यक्ष केदारनाथ पाराशर, अन्नपूर्णा रसोई के संचालक विष्णुदत्त शर्मा, समाजसेवी सेवानिवृत अध्यापक बृज किशोर शर्मा, खण्डेलवाल समाज के अध्यक्ष रमेश चन्द खण्डेलवाल, राज.रोडवेज संघ के पूर्व संभागीय अध्यक्ष दिनेश शर्मा जघीना, सेवानिवृत्त सहायक लेखाधिकारी ईश्वरी प्रसाद शर्मा, ब्राह्मण समाज, तिलक नगर के अध्यक्ष बनवारीलाल शर्मा, वाइस प्रिंसिपल बाबूलाल कटारा, एलआईसी के लालचंद शर्मा, अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के जिलाध्यक्ष राजेंद्र भारद्वाज, समाजसेवी कृष्ण गोपाल शर्मा, समाजसेवी आनन्द भारद्वाज, समता आन्दोलन के अशोक शर्मा, सेवानिवृत्त अमीन रामेश्वर प्रसाद शर्मा, निर्मल शर्मा आदि भाग लिया।

### ऊर्जा मंत्री ने सामूहिक विवाह सम्मेलन में लिया भाग

**बयाना ।** ऊर्जा मंत्री नागर ने बयाना में कस्बे में आयोजित धाकड समाज के सामुहिक विवाह सम्मेलन में भाग लेकर वर-वधु को आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के समय में अत्यधिक खर्चे से बचते हुए सामुहिक विवाह अपनाऐं जिससे समाज में समानता आ सके। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा, संस्कार एवं सफलता के लिए सभी मिलकर कार्य करें जिससे युवा देश-प्रदेश के विकास में भागीदार बन सकें। उन्होंने नव वर-वधु को आशीर्वाद देते हुए कहा कि भविष्य में सामुहिक विवाह सम्मेलन अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित करते हुए एम्बेसेडर के रूप में कार्य कार्य करें।

## करौली नगर का 676वां स्थापना दिवस मनाया

**करौली** (नि.स.)। इंटैक के विरासत शिक्षा एवं संचार सेवा प्रभारी राजेन्द्र दीवान ने बताया कि इस अवसर पर इंटैक करौली के सदस्यों ने करौली की स्थापना के प्रतीक प्राचीन कल्याणराय मन्दिर में पूजा अर्चना कर करौली की सांस्कृतिक व सर्वांगीण उन्नित की शुभकामना की।

राज्याचार्य पण्डित प्रकाश जति द्वारा कल्याण स्वरूप भगवान विष्णु के 24 अवतार युक्त प्राचीन विग्रह का मंत्रोच्चार से पूजन कर सामूहिक आरती कारवाई गई। श्री मदनमोहन मन्दिर के मैनेजर मलखान पाल,भूपेन्द्र पाल द्वारा लड्डुओं का भोग अर्पण कर वितरण किया गया।

इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी भी आयोजित की गई जिसमें वक्ताओं ने बताया कि इतिहासकारों के अनुसार आज ही के दिन देव उत्थापन एकादशी के पावन अवसर पर 676 साल पूर्व ईस्वी सन् 1348 में रीवा के यदुवंशी शासक अर्जुन देव द्वारा भद्रावती नदी के तट पर करौली नगर की नींव रखी गई। तथा पांचना के समीप पहाड़ी पर कुलदेवी अंजनी माता की बाल हनुमान को स्तनपान कराती हुई प्रतिमा की स्थापना कर मंदिर निर्माण कराया गया।

साथ ही सैन्य छावनी के रूप में वीरवास गांव बसाया गया। इंटैक प्रभारी व कैलादेवी ट्रस्ट के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी किशन पाल सिंह जादौन ने बताया कि इंटैक करौली चैप्टर द्वारा करौली की एतिहासिक विरासत को सहेजने संवारने के लिए आम जन को जागरुक किया जा रहा है।

इस अवसर पर डॉ पुष्पेन्द्र नाथ शर्मा, योगेन्द्र सिंहल, राजेन्द्र दीवान, आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

## बाल विवाह रोकथाम के लिए निकाली रैली

**हिंडौन सिटी ।** देव उठनी एकादशी से शुरू हो रहे वैवाहिक सीजन के साथ बाल विवाह रोकथाम को लेकर महिला अधिकारिता विभाग ने हिंडौन में सोमवार को जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर जोर देते हुए बाल विवाह रोकथाम के प्रति जागरूक किया।रैली को महिला व बाल विकास अधिकारी प्रकाशी देवी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की। जिसमें मंडावरा रोड, गोपाल टॉकीज सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए नई मंडी पुलिस थाना पहुंची। जिसमें पुलिस कर्मी रविंद्र सिंह ने संबोधन किया। उन्होंने उपस्थित साथिन से ग्राम पंचायत क्षेत्रों में बाल विवाह रोकथाम को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रचेता रेखा गोयल ने बताया कि कम उम्र में बालक-बालिकाएं शादी के लिए परिपक्व नहीं होते है।

## देवउठनी एकादशी पर श्रद्धालुओं का उमड़ा जन सैलाब

**करौली**(नि.स.)। करौली हिण्डौन मंदिर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष देवउठनी एकादशी के अवसर पर लगी जात में श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड पड़ा जहां श्रद्धालुओं की व्यवस्थाओं के लिए पुलिस प्रशासन का जाता बड़ी संख्या में पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम के नेतृत्व में लगाया गया उसके उपरांत भी भीड़ में कुछ महिलाओं की जेब कतरों ने चैन चोटी। मेले में हजारों श्रद्धालुओं ने ढोक लगाई और खुशहाली की मनौती मांगी। श्रद्धालु अंजनी माता के जयकारे लगाते ऊंची त्रिकूट पहाड़ी पर पहुंचे। जहां अंजनी माता के दर्शन और पूजा अर्चना कर के खुशहाली की मनौती मांगी देवउठनी एकादशी पर 1348 ईस्वी में करौली शहर की स्थापना की गई। जिला मुख्यालय स्थित हिंडौन सड़क मार्ग पर यहां के निकट पहाड़ी पर स्थित अंजनी माता के मंदिर पर हर वर्ष देवउठनी एकादशी के अवसर पर मेला जात भर्ती है उसी कड़ी में मंगलवार को देवउठनी एकादशी के त्यौहार के अवसर पर अंजनी माता के दर्शनो प्रात: 4:00 बजे से लेकर शाम देर तक जन सैलाब उमडा रहा इस मौके पर पुलिस प्रशासन की व्यवस्थाओं के लिए माकूल व्यवस्था रही देवउठनी एकादशी के अवसर पर करौली जिले के ही नहीं आसपास के जिलों धौलपुर भरतपुर दौसा सवाई माधोपुर जिले तक के श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई इधर हर वर्ष की भांति इस वर्ष देवउठनी एकादशी के अवसर पर जिला कलेक्टर की ओर से अवकाश घोषित किया गया जिस अवकाश के चलते सरकारी कर्मचारी ने से परिवार के अंजनी माता के दर्शन लाभ लिए देवउठनी एकादशी पर अंजनी माता के मंदिर पर लगी जात के लिए ग्राम पंचायत माची की ओर से भी बड़े पांचना पुल पर पांचना बांध के पानी में अनहोनी घटना से बचने के लिए तैराका की व्यवस्था की गई अंजनी माता के मेला में इतना जन सैलाब श्रद्धालुओं का उमडा की अंजनी माता की पहाड़ी के दोनों और पचना नदी के बने पुलो पर भी रंग-बिरंगे परिधानों में महिलाओं की भीड़ देखी गई भीड़ इतनी थी की दोनों पुलों पर हिंडौन करौली सड़क मार्ग पर आने जाने वाले वाहनों का जाम बार-बार लगता रहा जिसको हटाने के लिए यातायात पुलिस प्रशासन मौके पर तैनात रहा बड़ी संख्या में उमरा जन सैलाब की सूचना पर जिला प्रशासन की ओर से अतिरिक्त जिला कलेक्टर भी व्यवस्थाओं को देखने के लिए मौके पर पहुंचे।

# भाविप मुख्य शाखा ने मनाया दीपावली मिलन समारोह

**गंगापुर सिटी ।** भारत विकास परिषद मुख्य शाखा गंगापुर सिटी द्वारा दीपावली परिवार मिलन समारोह। खंडेलवाल सेवा सदन गंगापुर सिटी में मनाया गया। शाखा सचिव रामदयाल मीना ने बताया कि कार्यक्रम की विधिवत् शुरुआत मां भारती और स्वामी विवेकानंद के समक्ष मुख्य अतिथि राकेश राजोरा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गंगापुर सिटी, प्रांतीय पदाधिकारी किशनपाल सिंह जादौन, डा धर्मेंद्र मित्तल, अनिल खंडेलवाल, प्रमोद बोहरा, स्वाती शर्मा, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, विनोद खंडेलवाल, शाखा समन्वयक वेदप्रकाश शर्मा, शाखा अध्यक्ष राजेन्द्र खारवाल, शाखा सचिव रामदयाल मीना, कोषाध्यक्ष अनिल वैष्णव, शाखा महिला प्रमुख श्रीमती निर्मला खारवाल, शाखा संरक्षक शिवनारायण, कार्यक्रम संयोजक अशोक बंसल द्वारा दीप प्रज्जलन कर की गई। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना आरध्य आर्य ,तिलक लगाओ, लक्ष्मी बनाओ पूजा गुप्ता, प्रियंका सोनी, एकल नृत्य मे ज्योती आर्य, रेणु गुप्ता, पुष्पा गुप्ता, अनाया आर्य ने अपनी संस्कृति प्रस्तुतियां दी। मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि भारत विकास परिषद सभी क्षेत्रों में अग्रणी संस्था है और सामाजिक सरोकार के कार्य करती है। शाखा अध्यक्ष राजेन्द्र खारवाल ने सभी आगंतुक सदस्यों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में सभी शाखाओं के पदाधिकारी और प्रांत के पदाधिकारियों ने भाग लिया। मंच संचालन पंकज मंगलम ने किया। इस दौरान कार्यक्रम सह संयोजक रिद्धि चंद गुप्ता, राजेश खंडेलवाल चश्मा, लक्ष्मी कुमार अग्रवाल, अश्वनी गुलाटी, ओमप्रकाश धर्मकांटा, देवेश पीतलिया, राहुल गुप्ता, पवन जिंदल , अनिल डांस, कैलाश चंद बीटीसी, माधव गौरव गुप्ता सहित करीब 1०० परिवारो से 3०० सदस्य दीपावली मिलन समारोह में शामिल हुए।

## शिविर का आयोजन

**भरतपुर** (निस)। कैला देवी क्षेत्र विकास संस्थान की ओर से निशुल्क फिजियोथेरेपी शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 51 रोगियों की फिजियोथेरेपी की गई। साथ ही डीकंप्रेशन ट्रेक्शन सिस्टम मशीन से उपचार किया गया। शिविर का उदघाटन संस्थान अध्यक्ष राधाकिशन बिंदल एवं मंत्री ब्रजकिशोर गुप्ता ने दीप प्रज्जवलन कर किया। इस मौके पर फिजियोथेरेपिस्ट डॉ वीएन शर्मा ने कहा कि सर्दी का प्रभाव बढने के कारण इंजरी पीडितों को दर्द की शिकायत बढती है इसलिए ऊनी कपडे पहनने चाहिए अथवा इंजरी वाले स्थान को ठंड से बचाना चाहिए। साथ ही चिकित्सक द्वारा बताए तेल अथवा ओइंटमेंट लगाकर धूप में शिकताप करें, लेकिन मालिश नहीं करें।

## जनसुनवाई कर समस्या सुनकर समाधान के निर्देश दिए

**भरतपुर** (निस)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर एक दिवसीय दौर पर जिले के बयाना उपखंड पहुंचे जहां जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। ऊर्जा मंत्री ने जनसुनवाई के दौरान पूर्व में प्राप्त हुई समस्याओं के निराकरण की जानकारी लेकर आमजन को प्रदान की गई राहत के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने लोगों की सुनी समस्याएं सुनकर मौके पर ही निराकरण कराया। उन्होंने अधीक्षण अभियंता को बजट घोषणा 132 केवी सबस्टेशन ग्राम सूपा और 220 केवी सबस्टेशन निभेरा के प्रगतिरत कार्य की जानकारी लेकर समय पर पूरे करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन बजट घोषणाओं में जमीन आवंटन हो चुका है टेंडर प्रक्रिया जल्दी पूरी करे जिससे आमजन को निर्बाध बिजली आपूर्ति हो सके। ऊर्जा मंत्री ने आमजन से रूबरू होते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिजली की सभी समस्याओं को दूर कर जनता को किसानों को सुलभ व सस्ती बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा आने वाले 4 साल में किसानों को निर्बाध बिजली मिलेगी और उद्योगों को भी समय पर बिजली मिल सकेगी, इसके लिए राइजिंग राजस्थान में भी 5000 करोड़ के एमओयू होने जा रहे हैं। पूर्व में भी जो एमओयू हुए हैं।

## जांगिड़ ब्राह्मण समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न

**टोडाभीम ।** कस्बे में जांगिड़ ब्राह्मण समाज के द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन बुधवार को धूमधाम के साथ संपन्न हुआ।जिसमे 31 जोड़े ने एक साथ फेरे लिये। वही दिनभर समारोह स्थल पर पहुंचने पर आयोजन समिति दुआरा जांगिड़ समाज के पदाधिकारियों और भामाशाहों का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडितों द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार, भूमि पूजन, विवाह सम्मेलन के झंडे और विश्वकर्मा पूजन से हुई।

टोडाभीम कस्बे में सम्पन्न हुये जांगिड़ ब्राह्मण समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 31 जोड़े पाणिग्रहण संस्कार के बाद एक दूसरे के हमसफ़र बने । सम्मेलन में अलवर,भरतपुर, जयपुर, करौली, सवाईमाधोपुर, दौसा, गंगापुरसिटी सहित अन्य जिलों से भी जोड़ों ने पंजीयन कराया था। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए आवास व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, अतिथि सम्मान व्यवस्था, पाणिग्रहण संस्कार समिति व स्वागत व्यवस्था समिति सहित कई कमेटियों का गठन किया गया।संभाग प्रभारी वेदप्रकाश जांगिड़ ने जानकारी देते हुए बताया की सामूहिक विवाह सम्मेलन में 31 जोड़ों का विवाह संपन्न हो गया आयोजन में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिनिधि भी जुड़े।

संभाग प्रभारी वेद प्रकाश जांगिड़ ने बताया कि विवाह सम्मेलन को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के लिये 10 बीघा में होकर सुव्यवस्थित समारोह का पांडाल तैयार किया गया था । टेंट लगभग 5 लाख रुपये का खर्चा कर लगाया गया है।जिसमे मुख्य द्वार पर स्वागत कक्ष, सामाजिक सम्मेलन सभा स्थल,भोजन शाला, वर वधु के लिये जनकपुरी, अवधपुरी और पाणिग्रहण पांडाल, उपहार सामग्री पांडाल, विशाल भंडारे के लिये रसोई घर, पार्किंग व्यवस्थाओं सहित अनेक व्यवस्थाऐ शामिल थी । समारोह में सभी समाजो के संगठन पदाधिकारी, राजनैतिक मंच के अनेक जनप्रतिनिधियो सहित अनेक मंदिरों और मठो के मठाधीश व संतो का आवागमन दिनभर रहा।

वही जिला अध्यक्ष जगमोहन जांगिड़ ने बताया कि जांगिड़ ब्राह्मण समाज आयोजन समिति द्वारा लगभग 15 से 20 हजार लोगों का भोजन तैयार किया गया था। दर्जनभर से अधिक हलवाइयों द्वारा भोजन तैयार किया गया था। जिसमें बालूशाही ,लड्डू, पुड़ी ,आलू की सब्जी, नमकीन रायता आदि तैयार किया गया ।सम्मेलन में आने वाले सभी बारातियों व लोगों को भोजन की व्यवस्था की गई । वही सभी को सुबह के समय नाश्ता भी दिया गया।

तहसील अध्यक्ष रमेश चंद्र जांगिड़ ने बताया कि पूरे कस्बे में होकर 10 बजे एक साथ 31 दूल्हे कस्बे के बाज़ार में होकर वरयात्रा निकाली गई ।अलग अलग वाहनों बैठाकर बेंड बाजो के धुनो नाचते गाते निकासी निकाली गई।

## करवा चौथ क्वीन में रेखा ने जीता खिताब

**भरतपुर** (निस)। शहर में आयोजित हुई ऑनलाइन करवाचौथ व दीपावली दिवा क्वीन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसके विजेताओं की ऑफलाइन अवार्ड सेरेमनी का आयोजन मॉल ऑफ सिल्वर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में बतौर अतिथि मेकअप आर्टिस्ट मंजू चौधरी व शैलेंद्र सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम की आयोजक व मॉल ऑफ सिल्वर की निदेशिका रितु अग्रवाल ने बताया कि महिलाओं के सामाजिक व मानसिक उत्साहवर्धन को बढ़ावा देने में ऐसे कार्यक्रमों की बड़ी भूमिका रहती है। दिवा क्वीन प्रतियोगिता की डायरेक्टर अभिलाषा चौधरी ने बताया कि करवाचौथ प्रतियोगिता में वेस्टर्न करवाचौथ क्वीन में रेखा रवि चौधरी, ट्रेडिशनल वियर में इशिता राणा, करवाचौथ क्वीन मोनिका चौधरी तो वहीं रनर अप विजयी लवली सिंह विजयी रहीं। साथ ही दीपावली प्रतियोगिता में वेस्टर्न दिवा क्वीन में रेखा रवि चौधरी, ट्रेडिशनल वियर में नीतू भारद्वाज, दिवाली दिवा क्वीन रूबी गुप्ता, मिस दिवाली क्वीन ट्रेडिशनल वियर में रिया सिंह तो वहीं वेस्टर्न वियर में पलक कंसल विजयी रहीं। सभी विजयी प्रतिभागियों को शील्ड व गिफ्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया, निर्णायक की भूमिका यूनिवर्स इंडिया इंटरनेशनल विनर भूमि डागुर ने निभाई साथ ही नैना गोयल, कृपा, अंजलि सहित अर्चना का विशेष सहयोग रहा।

# जिला कलेक्टर ने किया जनाना अस्पताल का औचक निरीक्षण



रामलीला में नारद अभिमान तोडने का मंचन करते कलाकार ।

**भरतपुर** (निस)। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने मंगलवार को राजकीय जनाना अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अस्पताल परिसर में सफाई व्यवस्था में सुधार करने एवं स्टाफ को निर्धारित ड्रेस कोड का पालन करने की हिदायत दी। जिला कलक्टर ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल में दीवारों पर पीक के निशान एवं परिसर में जगह-जगह गंदगी को देखकर अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि सफाई ठेकेदार को व्यवस्था में सुधार के लिए पाबंद करें। चिकित्सकों एवं अन्य कार्मिकों के समय पर उपस्थित नहीं होने को गम्भीरता से लेते हुए कहा कि समय का पालन नहीं करने वाले कार्मिकों के

■ **सफाई व्यवस्था में सुधार एवं कार्मिकों की समय की पाबंदी के दिए निर्देश**


खिलाफ सख्त कदम उठायें। उन्होंने चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ को निर्धारित ड्रेस कोड का पालन करते हुए अस्पताल में ड्यूटी के दौरान एप्रिन और नेम प्लेट लगाना के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को पाबंद करें कि गुटखा-खैनी खाकर प्रवेश नहीं करें, दीवारों पर पीक थूकने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए चालान बनायें। उन्होंने अस्पताल परिसर में चिकित्सा उपकरणों एवं स्टाफ के बैठने की व्यवस्था को भी सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए। अस्पताल में नि:शुल्क दवा काउंटर एवं ओपीडी में आने वाले रोगियों के लिए सरकार की मंशानुरूप सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने निरीक्षण के समय अस्पताल में उपस्थित रोगियों से वार्डों में जाकर अस्पताल प्रशासन द्वारा उपलब्ध करवायी जा रही सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि वार्डों में मौसम के मद्देनजर सर्दी से बचाव के लिए अभी से व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। प्रसुताओं एवं नवजात शिशुओं के लिए सर्दी से बचाव एवं साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।

# एसएचओ के क्वार्टर से एक लाख पच्चीस हजार रूपये मिले

## महिला थाने के एसएचओ भंवर सिंह का मार्च में है सेवानिवृति का समय

**भरतपुर (निस)।** मंगलवार को महिला थाने में मोटी रकम होने की सूचना पर एसीबी भरतपुर की टीम ने एएसअपी अमित चौधरी के नेतृत्व में महिला थाने पर छापेमारी कर जांच की। जांच पड़ताल के दौरान एसीबी को थाने में बंद लिफाफों से 4 लाख से 30 हजार रूपये राशि मिली है।

वही थाना प्रभारी के क्वार्टर से 1 लाख 25 हजार रुपए मिले है। इस प्रकार कुल पांच लाख पचपन हजर रूपये की राशि मिली। थाना प्रभारी भंवर सिंह का मार्च में सेवानिवृति का समय है। थाना प्रभारी भंवर सिंह व रीडर जय सिंह से पूछताछ जारी है। जानकारी के मुताबिक एसीबी को महिला थाने में एक मोटी रकम रखे होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद एसीबी की टीम थाने में तलाशी लेने पहुंची। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम को देखकर महिला थाने में तैनात पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया।



**एसीबी को महिला थाने में जांच के दौरान आलमारी में मुकदमा नम्बर लिखे लिफाफों में 4 लाख तीस हजार की रकम मिली।**

टीम द्वारा थाने में अलमारी और अन्य सामान को चेक किया गया तो करीब 15 लिफाफे मिले और उन पर मुकदमा नंबर डला हुआ पाया गया। लिफाफों में करीब 4 लाख 30 हजार रुपए की राशि मिली है।

एसीबी एडिशनल एसपी अमित चौधरी ने बताया कि गोपनीय सूत्रों से सूचना मिली कि महिला थाने में कुछ राशि लिफाफों में रखी हुई है। जिस पर मंगलवार शाम को महिला थाने पर पहुंच करके कार्रवाई की गई और तलाशी के दौरान अलमारी से 15 लिफाफे निकले। जिनमें करीब चार लाख 30 हजार रुपए मिले। उसके बाद एसएचओ महिला थाना भंवर सिंह के क्वार्टर की तलाशी ली गई वहां 1 लाख 25 हजार मिले हैं। कुल राशि 5 लाख 55 हजार रुपए मिली है। फिलहाल एसीबी की टीम थाना प्रभारी भंवर सिंह और रीडर जय सिह से पूछताछ की जारी है।

## चोरों ने कोचिंग सेंटर को बनाया निशाना

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर के क्रिश्चियन गंज थाना क्षेत्र एक कोचिंग सेंटर में चोरी की वारदात सामने आई है। चोर खिडक़ी का कांच तोडक़र अंदर घुसे और कीमती सामान के साथ सैनिटरी फिटिंग तक खोल कर ले गए। कोचिंग सेंटर के मालिक विनोद शर्मा की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

■ **कीमती सामान पर किया हाथ साफ**

पंचशील नगर निवासी शर्मा ने बताया कि 10 अक्टूबर की रात पंचशील नगर बी-84 में कोचिंग सेंटर के मुख्य द्वार और खिडक़ी का शीशा तोडक़र दो चोरों ने अंदर प्रवेश किया। चोरों ने तीन लैपटॉप, एक डी एस एल आर कैमरा सहित बाथरूम के नल और वॉल, कॉपर पाइप चोरी कर ले गए। चोरी की यह वारदात कोचिंग सेंटर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश में जुटी है। शर्मा ने बताया कि चोर संस्थान की खिडक़ी का कांच तोड़तें समय एक चोर घायल हो गया। मौके पर खून के धब्बे मिले हैं।

# एसीबी कार्यालय के होद में सांपों का डेरा



**भीलवाड़ा के एसीबी के ऑफिस के पानी के होद में सांप मिलने से कार्यालय में दहशत फैल गई।**

**भीलवाड़ा।** एसीबी के ऑफिस में बनी पानी की होद में सांप नजर आने के बाद कार्यालय में दहशत फैल गई। सांप की सूचना पर एनिमल केचर मौके पर पहुंचे तो पानी के टैंक में सांपों का डेरा देख के सभी के होश उड़ गए।

जानकारी के अनुसार भीलवाड़ा एसीबी की प्रथम शाखा, सुखाड़िया सर्किल के निकट बने पानी के टैंक में सांप नजर आने पर एएसपी पारस कुमार ने एनिमल केचर कुलदीप सिंह को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंचे सिंह ने जब टैंक में पड़ताल की तो एक नहीं चार चार जहरीले सांपों का डेरा देख के सभी के होश उड़ गए। कड़ी मशक्कत के बाद एक के बाद एक चारों अलग अलग प्रजाति के जहरीले सांपों का सफल रेस्क्यू किया गया। सभी सांपों को सुरक्षित स्थान पर छोड़ने के बाद एसीबी के कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।

■ **कड़ी मशक्कत के बाद एक के बाद एक चार अलग अलग प्रजाति के जहरीले सांपों का सफल रेस्क्यू किया**

## शिक्षा विभाग के कर्मचारियों ने किया सद्बुद्धि यज्ञ

**बीकानेर।** शिक्षा निदेशालय के कर्मचारी इन दिनों आंदोलन पर है। पदोन्नति सहित अनेक मांगों को लेकर कर्मचारियों ने धरने के बीच मंगलवार को सद्बुद्धि यज्ञ किया और आला अधिकारियों पर हठधर्मिता का आरोप लगाया। शिक्षा विभागीय कर्मचारी संघ के बैनर तले चल रहे इस आंदोलन के तहत अनिश्चितकालीन धरना मुख्य द्वार पर चल रहा है।

कर्मचारी नेता राजेश व्यास ने बताया- पिछले वर्षों में पात्र व कार्यरत कर्मचारियों एवं सेवानिवृत कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ दिया जाना है। साल 2024-25 की नियमित डीपीसी नहीं हुई है। जिससे नए जिलों में स्थित कार्यालयों में परेशानी हो रही है। स्कूल शिक्षा विभाग में संस्थापन अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी सहायक प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ सहायक एवं कनिष्ठ सहायक के पदों की रिव्यू डीपीसी और पदोन्नति भी नहीं हुई है।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल नारायण आचार्य ने बताया कि लोक सेवा आयोग से चयनित 1986 के कार्मिकों के प्रकरणों, पंचायत राज विभाग से आये कार्मिकों के प्रकरणों एवं दिव्यांगजनों के प्रकरणों का भी निपटारा नहीं हो रहा है। साथ ही पदस्थापन में ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया के सम्बन्ध में आदेश अविलम्ब जारी होने चाहिए। धरने पर मदन मोहन व्यास प्रदेश संस्थापक, प्रदेशाध्यक्ष कमलनारायण आचार्य, ओम प्रकाश बिश्नोई आदि उपस्थित रहे।

# बिट्स पिलानी के दीक्षांत समारोह में छात्रों को दी डिग्री

**जयपुर।** नवाचार और उत्कृष्टता के प्रति समर्पित, बिट्स पिलानी का 2024 दीक्षांत समारोह पिलानी कैंपस में संपन्न हुआ, जिसमें 1,832 स्नातकों को डिग्री प्रदान की गई। इस वर्ष, सभी कैंपस में मिलाकर कुल 15,681 डिग्रियां प्रदान की गईं, जिनमें 3,893 महिलाएं थीं, जो स्टेम में बढ़ती विविधता का प्रतीक हैं। इस समारोह में माइक्रोन टेक्नोलॉजी के सीईओ संजय मेहरोत्रा और इसरो के अध्यक्ष डॉ. एस. सोमनाथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

संस्थान ने पिलानी कैंपस में 80 और राष्ट्रीय स्तर पर 81 प्लेसमेंट दर हासिल की। आईटी, बैंकिंग, फाइनेंस और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे सेक्टर्स में शीर्ष रिक्रूटर्स में गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, सिस्को और आईएमसी ट्रेडिंग शामिल थे। आईटी सेक्टर ने कुल प्लेसमेंट का 42 योगदान दिया, जबकि बैंकिंग और फाइनेंस तथा इलेक्ट्रॉनिक्स में क्रमशः 18 और 16 नियुक्तियाँ हुईं। उभरती हुई इंडस्ट्रीज़, जैसे हाई-फ्रीक्वेंसी ट्रेडिंग और सप्लाई चेन मैनेजमेंट ने भी इस वर्ष विशेष योगदान दिया। बिट्स ने पीएचडी में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है, जिससे कुल 2,050 शोधार्थी संस्थान से जुडे, जिनमें 42 महिलाएँ शामिल हैं। वर्ष 2023-24 में, 81.33 करोड़ रुपए की 72 शोध परियोजनाएँ स्वीकृत हुईं, और संस्थान ने 121 नए पेटेंट के लिए आवेदन किया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर वी. रामगोपाल राव ने कहा, "हमारे स्नातक समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सक्षम हैं।" इस दीक्षांत समारोह में पूर्व छात्रों ने बिट्स पिलानी एंडोमेंट फंड के लिए 100 मिलियन डॉलर का संकल्प किया। मुख्य अतिथि डॉ. एस. सोमनाथ ने कहा, "टेक्नोलॉजी में भारत का भविष्य आप पर निर्भर है, "जबकि संजय मेहरोत्रा ने अपने बिट्स अनुभव को प्रेरणा का स्त्रोत बताते हुए कहा, "आज के स्नातक कल के लीडर्स और इनोवेटर्स हैं।"

इस कार्यक्रम में "बिट्स पिलानी: ए जर्नी ऑफ इनोवेशंस इन हायर एजुकेशन" और "बिट्स पिलानी ट्रेलब्लेज़र्स" पुस्तकों का विमोचन भी किया गया, जो संस्थान की यात्रा और उपलब्धियों को दर्शाती हैं।

## बुजुर्ग के कानों से तोड़ी सोने की मुरकियां

**टोंक।** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के गांव गनवर में बीती रात्रि को चोरो ने एक बुजुर्ग के दोनों कानों से सोने की मुरकियां तोड कर ले गये । गांव गनवर के गुर्जर समाज के एक बुजुर्ग के कानों से रात्रि को करीब 1 बजे चोरो ने सोने की मुरकियां तोड कर ले गये, जिससे बुजुर्ग लुहलुहान हो गया तथा पीडित के जोरदार चिल्लाने की आवास से ग्रामीण व परिजन इकठ्ठा हो गये। ग्रामीणों के आने से पहले ही चोर वहां से भागने में कामयाब रहे।

## सारूंडा गांव में चिकित्सा विभाग की कार्रवाई

**नोखा।** ऑपरेशन ब्लैक थंडर अभियान के तहत मंगलवार को बीसीएमओ डॉ. कैलाश गहलोत और डीसीओ राजेश मीणा के संयुक्त नेतृत्व में सारूंडा गांव में निजी क्लीनिक और मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया। अनियमितता पाए जाने पर मौके पर ही सीज की कार्रवाई की गई।

बीसीएमओ डॉ. कैलाश गहलोत ने बताया कि ग्राम सारूंडा में निरीक्षण के दौरान एक निजी क्लीनिक शिवम हेल्थ केयर एंड डायग्नोस्टिक लेब का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मौके पर कोई डॉक्टर नहीं पाया गया। जिसके बाद क्लीनिक को सीज करने की कार्रवाई की गई। साथ ही एक मेडिकल स्टोर में निरीक्षण के दौरान एंटीबायोटिक का शेड्यूल एच में रिकॉर्ड मेंटेन नहीं पाया गया तो स्टोर संचालक को रिकॉर्ड मेंटेन करने के निर्देश दिए। टीम द्वारा अचानक निरीक्षण और कार्रवाई करने से अन्य मेडिकल स्टोर वाले अपने स्टोर बंद कर भाग छूटे।

# मोबाइल लूटेरे बैखौफ, फर्राटे से आए और लूट ले गए मोबाइल

**चाकसू, (निस)।** मोबाइल लूटेरों पर पुलिस का खौफ खत्म होता जा रहा है। लूटेरे रात के अंधेरे में राहगीरों से मोबाइल लूटने की वारदात आराम से करके फरार हो रहे है। बहुत सी बार तो मोबाइल के पुराने होने या कम दाम होने के चलते लोग रिपोर्ट दर्ज नहीं करते हैं। मोबाइल लूटेरे फराटे के साथ आते हैं और अंधेरे का फायदा उग्रकर मोबाइल लूट कर ले जाते हैं।

ऐसी ही एक वारदात चाकसू इलाके के अंबेडकर सर्किल टोंक रोड पर सोमवार शाम को हुई है जिसमें अंधेरे का फायदा उग्रकर मोबाइल पर बातचीत करते हुए पैदल जा रहे राहगीर से मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात चोरों ने झपट्टा मारकर मोबाइल लेकर भाग गए।

रावत कॉलोनी निवासी राजेंद्र गुप्ता ने बताया कि सोमवार रात को करीब 7:30 बजे उसका बेटा निमित रावत बस से जयपुर से चाकसू आ रहा था और चाकसू के अंबेडकर सर्किल पर बस से उतरकर टोंक रोड पर भरतरी ढाबे की ओर से मोबाइल पर बात करता हुआ अपने घर आ रहा था। अचानक अंधेरे का फायदा उठाकर अंबेडकर सर्किल की ओर से दो मोटरसाइकिल सवार जिनके चेहरे दुपट्टे से ढके हुए थे निमित के पास झपट्टा मारते मोबाइल छीनकर टोंक रोड होते हुए चम्पेश्वर मंदिर की ओर फरार हो गए। अचानक हुई दुर्घटना से वह हक्का-बक्का रह गया और अंधेरा होने की वजह से पीड़ित मोटरसाइकिल के नंबर भी नहीं देख पाया। मामले को लेकर स्थानीय पुलिस थाने में शिकायत दर्ज दी गई है।

# हनीट्रेप के अलग-अलग मामलों में वांटेड 25 हजार का इनामी अपराधी पकड़ा

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर जिला ग्रामीण की स्पेशल टीम ने हनीट्रेप के अलग अलग प्रकरणों में वांटेड 25 हजार की इनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है। वह गुजरात भागने की फिराक में था, उसे ब्यावर से दस्तयाब कर लाया गया है। रेंज स्तर पर चल रहे अभियान भौकाल के तहत यह कार्रवाई की गई। आरोपी फेक इंस्टाग्राम आईडी से प्रतिष्ठित लोगों को युवती के माध्यम से हनीट्रेप मे फंसाकर बडी राशि की डिमांड करता था।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी ने बताया कि बालेसर में 5 सितंबर को प्रकाश सिंह ने रिपोर्ट दी थी। इसमें बताया कि महेन्द्रसिंह व 5-6 अन्य लोगों द्वारा एक युवती के माध्यम से हनीट्रेप में फंसाकर युवती के साथ अश्लील वीडियो बनाया व वीडियो वायरल करने की धमकियॉ देकर करीबन 50 लाख रूपये की मांग कर 32 लाख रूपये की वसूली की गई।

इसी तरह 3 सितंबर को पुलिस थाना शेरगढ़ पर कमल सिंह द्वारा रिपोर्ट दी गई कि महेन्दसिंह व 5-6 अन्य लोगो द्वारा एक युवती के माध्यम से हनीट्रेप में फंसाकर युवती के साथ अश्लील वीडियो बनाया व वीडियो वायरल करने की धमकियॉ देकर करीबन 01 करोड रूपये की मांग की।

■ **आरोपी गुजरात भागने की फिराक में था, उसे ब्यावर से दस्तयाब किया**

एसपी जोशी ने बताया कि जिले में प्रतिष्ठित व व्यापारी वर्ग के लोगो के साथ फेक इंस्टाग्राम आईडी के द्वारा युवती के माध्यम से हनीट्रेप में फंसाकर युवती के साथ अश्लील विडियो बनाकर बडी राशि की वसूली की आपराधिक घटनाओं के पर्दाफाश के लिए जिले के सभी थानाधिकारियों व जिला विशेष टीम को विशेष निर्देश दिए गए।

एएसपी भोपाल सिंह लखावत के सुपरवीजन व उपाधीक्षक रतन सिंह के निर्देशन में जिला विशेष टीम प्रभारी एसआई करणीदान के नेतृत्व में इस गैंग के सदस्यों की धरपक्कड़ के लिए विशेष टीम गठित की गयी। डीएसटी के कांस्टेबल सुरेश कुमार द्वारा हनीट्रेप गैंग के सदस्यों का तकनीकि डाटा बैस तैयार किया गया। गैंग का मुख्य सरगना महेन्द्र सिंह को जिला विशेष टीम द्वारा गुजरात भागते समय बीच रास्ते से दस्तयाब किया गया। अब आरोपी खिरजाखास शेरगढ़ निवासी महेंद्रसिंह पुत्र किशन सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया।

# अजमेर रोडवेज बस स्टैंड पर झपट्टामार गिरोह सक्रिय

**अजमेर, (कासं)।** पुष्कर मेले में मद्देनजर शहर में झपट्टामार गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गया है। भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों सहित बस स्टैंड और रेल वे स्टेशन पर गिरोह वारदात को अंजाम दे रहे हैं। अजमेर के बस स्टैंड पर गिरोह के शातिर सदस्यों ने एक महिला यात्री के गले से तीन तोला सोने की चेन झपट ली। नागौर निवासी महिला यात्री संगीता सोनी बीकानेर डिपो की बस से घर लौट रही थी। भीड़ का फायदा उठाकर अज्ञात महिला ने संगीता के गले से सोने की चेन तोड़ ली और फरार हो गई। पीडिता को इस वारदात की भनक तक नहीं लगी।

■ **महिला यात्री की 3 तोला सोने की चेन चोरी**

पीडिता को जैसे ही पता चल की उसके गले से सोने की चेन गायब है, वह सकते में आ गई। उसने सिविल लाइन थाने शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एएसआईभीम सिंह कर रहे हैं, पुलिस बस स्टैंड पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। सिविल लाइन थाना पुलिस के अनुसार संगीता सोनी द्वारा दर्ज शिकायत में बताया कि वह अपने पीहर अजमेर आई थी। ससुराल जाने के लिए वह बस स्टैंड पर बस का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान बस में चढ़ते समय भीड़ का फायदा उठाकर अज्ञात महिला ने उनके गले से तीन तोल ा सोने तोड़ ली। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी महिला की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

**पुष्कर मेले में गिरोह सक्रिय :** इन दिनों पुष्कर में मेला आयोजित किया जा रहा है। जिसके चलते देश भर की जेब तराश और झपट्टामार गिरोह अजमेर में सक्रिय है। यह गिरोह भीड़ का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम देते हैं। गिरोह के सदस्य अलग-अलग और आगे-पीछे चलते हैं। जैसे ही वारदात को अंजाम देते हैं वह चोरी किए सामना को बढ़ी सफाई से अपने साथी को सौंप देते हैं, और वह साथ बड़ी चाल की से घटना स्थल से रफूचक्कर हो जाता है। हाल ांकि ऐसे गिरोह पर स्थानीय पुलि स की नजर रहती है, लेकिन इसके बाद भी बड़ी चालाकी से गिरोह वारदात को अंजाम देने से बाज नहीं आते हैं।

## पेट्रोल पंप पर तोड़फोड़

**भीलवाड़ा।** जिले के मांडल थाना क्षेत्र स्थित आरजिया चौराहे पर एचपी कंपनी के पेट्रोल पंप पर अज्ञात बदमाशों ने तोड़फोड़ और लूट की वारदात को अंजाम दिया है । जानकारी के अनुसार मांडल थाना इलाके में अजमेर निवासी रेहान गनी खान का एचपी कंपनी का पेट्रोल पंप स्थित है, जिस पर मंगलवार देर रात को बाईकों पर सवार होकर आए एक दर्जन से ज्यादा बदमाशों ने जमकर उत्पाद मचाया। अज्ञात बदमाशों ने पेट्रोल पंप पर तोड़फोड़ की घटना को अंजाम देने के साथ ही लूट की वारदात को भी अंजाम दिया है। वारदात का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद मांडल थाना पुलिस ने बदमाशों की पहचान करने के साथ ही उनकी गिरफ्तारी को लेकर प्रयास शुरू कर दिए हैं।

# एसयूवी को हाइड्रो कार ने चपेट में लिया

## महिला की मौत, परिवार के तीन सदस्य घायल

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के निकटवर्ती 12 मील केरू के पास में गलत दिशा एवं तेज गति से आ रही एक हाइड्रो क्रेन के चालक ने एसयूवी को चपेट में ले लिया। एसयूवी में सवार परिवार की एक महिला की मौत हो गई जबकि उसका पति सहित दो अन्य घायल हो गए। यह लोग कार में सवार होकर उदयपुर जा रहे थे। पुलिस ने शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया। इस बारे में मृतका के पुत्र की तरफ से राजीव गांधी नगर थाने में रिपोर्ट दी गई है।

राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि मूलतः चूरू जिले के सरदार शहर गोकूल कुंज टाटिया कुआं के पास हाल रायगढ़ महाराष्ट्र का एक परिवार अपनी एसयूवी लेकर शादी समारोह में उदयपुर जा रहा था। यह लोग जब जोधपुर सीमा में 12 मील केरू के पास में पहुंचे तब गलत दिशा से तेज गति से आई एक हाइड्रो क्रे न के चालक ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में 60 साल की सुशीला देवी पत्नी लक्ष्मी नारायण शर्मा की मौत हो गई। जबकि खुद लक्ष्मी नारायण शर्मा एवं पौत्र हरीओम घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए एमडीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद हाइड्रो का चालक मौके से भाग गया। घटना को लेकर लक्ष्मी नारायण शर्मा के पुत्र मनोज शर्मा ने रिपोर्ट दी है। राजीव गांधी नगर पुलिस ने शव को कार्रवाई के उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया।

# शराबी ने पुलिसवाले को दी वर्दी उतरवाने की धमकी

**अनूपगढ़।** पुलिस थाने के एएसआई तुलसीराम से ड्यूटी के दौरान एक युवक के द्वारा दुर्व्यवहार करते हुए एएसआई को वर्दी उतरवाने की धमकी दिए जाने पर पुलिस ने युवक सहित चार युवकों को गिरफ्तार किया है।

एएसआई तुलसीराम ने बताया कि वह टीम के साथ गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि चार-पांच युवक लड़ाई कर रहे हैं। सूचना मिलने पर जब एएसआई टीम के साथ मौके पहुंचे तो युवक रजत सोनी ने पुलिस के साथ दुर्व्यवहार करते हुए उन्हें वर्दी उतरवाने की धमकी दे डाली। धमकी दिए जाने पर 4 युवको को गिरफ्तार किया है। एएसआई तुलसीराम ने बताया कि वह टीम के साथ रात्रि कालीन गलत कर रहे थे। गश्त के दौरान उन्हें सूचना मिली कि बस स्टैंड के पीछे कुछ लड़के लड़ाई झगड़ा कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर जब मौके पहुंचे तो पुलिस की गाड़ी को देखकर सभी युवक मौके से फरार हो गए। एएसआई ने बताया कि जब उन्होंने टीम के साथ युवकों का पीछा किया तो उन्हें नगरपरिषदके पास खड़े हुए पाया। उन्होंने जब उनसे वहां रुकने का कारण पूछा तो उन युवको में से रजत सोनी ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया और वर्दी उतरवाने की धमकी दे डाली। उन्होंने बताया कि धमकी देने के बावजूद भी पुलिस के द्वारा चारों युगों से समझाइस की गई मगर रजत सोनी लगातार गुस्से में आकर दुर्व्यवहार करता रहा ऐसा करने पर पुलिस ने चारों युवको को मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार करने के बाद जब उनका मेडिकल करवाया गया तो रजत सोनी व एक अन्य युवक शराब के नशे में पाया गया। इस मामले में एसएचओ अनिल कुमार ने बताया कि पुलिस के द्वारा एएसआई तुलसीराम के द्वारा युवको की शिकायत मिली है और सभी युवकों के खिलाफ अनूपगढ़ पुलिस थाने में कार्रवाई की जा रही है।

# घी, कलाकंद व मावा के सैम्पल जांच में मिले अनसेफ

## विभाग द्वारा की जाएगी कानूनी कार्रवाई, जारी रहेगा शुद्ध आहार-मिलावट पर वार

**हनुमानगढ़।** जिला कलक्टर कानाराम के निर्देशन में जिले में चल रहे 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत लिए जा रहे खाद्य सैम्पल की रिपोर्ट जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला, बीकानेर से प्राप्त हो रही है। त्यौहारी सीजन के तहत जिले में अधिक से अधिक सैम्पल लेने की कार्यवाही की गई ताकि आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री मिले। इसी क्रम में गत अक्टूबर माह में लिए गए खाद्य सामग्री के सैम्पल की रिपोर्ट में घी, कलाकंद और मावा की रिपोर्ट अनसेफ प्राप्त हुई है। अब विभाग द्वारा दोनों संस्थानों के विरुद्ध आगामी कार्यवाही की जाएगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि जिला कलक्टर कानाराम के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा दल द्वारा गत 22, 23 व 24 अक्टूबर को नोहर, गोलूवाला व भादरा स्थित चार संस्थानों में खाद्य सामग्री के सैम्पल लिए गए थे, जिनकी रिपोर्ट खाने में अनसेफ प्राप्त हुई है। डॉ. शर्मा ने बताया कि गत 22 अक्टूबर को नोहर के जय भवानी मावा भण्डार से खाद्य सुरक्षा अधिकारी रफीक मोहम्मद ने मावा का सैम्पल लिया था, जिसे जांच के लिए बीकानेर की जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला में जांच के लिए भिजवा दिया गया। स्वास्थ्य विभाग को 11 नवम्बर देर शाम प्राप्त हुई जांच रिपोर्ट में मावा का सैम्पल खाने में अनसेफ प्राप्त हुआ। डॉ. शर्मा ने बताया कि इसी तरह, 22 अक्टूबर को नोहर के ही अम्बे मिष्ठान भण्डार से एफएसओ रफीक मोहम्मद द्वारा लिया घी का सैम्पल, 23 अक्टूबर को गोलूवाला के शिव किरयाना स्टोर से एफएसओ सुदेश कुमार गर्ग द्वारा लिया गया घी का सैम्पल एवं 24 अक्टूबर को एफएसओ रफीक मोहम्मद द्वारा छानीबड़ी (भादरा) से राधे मिष्ठान भंडार से लिये गये कलाकंद का सैम्पल की जांच रिपोर्ट भी अनसेफ प्राप्त हुई है। डॉ. शर्मा ने बताया कि चारों संस्थान मालिकों के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में वाद दायर किया जाएगा। डॉ. शर्मा ने बताया कि जिले में खाद्य सामग्री की जांच की कार्रवाई जारी रहेगी ताकि जिले में मिलावटखोरों के खिलाफ नकेल कसी जा सके।

डॉ. नवनीत शर्मा ने आमजन से अपील की कि मिलावट करने वाले खाद्य विक्रेता एवं अवधिपार सामग्री बेचने वाले वाले लोगों की जानकारी चिकित्सा विभाग के नम्बर 01552-261190 अथवा राज्यस्तरीय व्हाट्स एप नंबर 9462819999 पर दें, ताकि जिले में 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत प्रभावी कार्रवाई हो सके। इस पर शिकायत मिलने पर विभागीय टीम खाद्य पदार्थ की जांच करेगी और सैंपल लेगी। इसके बाद रिपोर्ट आने पर न्यायालय की ओर से जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि खाद्य व्यापारी शुद्ध, बिना मिलावटी और एक्सपायरी डेट आदि देखकर ही खाद्य पदार्थों का बेचान करें।



बुमराह का एक्शन अनूठा है। वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक हैं। उनके एक्शन की कॉपी कर पाना मुश्किल है। मुझे उनका सामना करने का इंतजार है।

– नाथन मैकस्वीनी

ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज, जसप्रीत बुमराह के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — बारबोरा क्रेजिसिकोवा



**टेनिस** स्टार बारबोरा क्रेजिसिकोवा खेल की दुनिया का बड़ा नाम है। उन्होंने कई खिताब अपने नाम किए हैं। बारबोरा ने अपने खेल के जरिए नाम और शोहरत कमाई है। लेकिन उनके खेल के अलावा उनके शरीर पर टिप्पणी की गई तो खिलाड़ी भड़क गई। उन्होंने न सिर्फ बयान देने वाले को बल्कि उन सभी को सबक दिया जो कि महिला खिलाड़ियों पर इस तरह की टिप्पणी दिया।टेनिस चैनल पर कमेंट्री करते हुए पत्रकार जॉन वरथिम ने बारबोरा के माथे को लेकर टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा कि, आपको क्या लगता है, मैं क्या कहूं? बारबोरा क्रेजिसिकोवा।

**क्या आप जानते हैं ?...** द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान फीफा के इतालवी उपाध्यक्ष डॉ. ओटारियानो बैरासी ने विश्व कप ट्रॉफी को अपने पलंग के नीचे एक जूते के डिब्बे में छुपाए रखा।

## शमी रणजी ट्रॉफी के अगले मैच में मध्यप्रदेश के खिलाफ खेलेंगे

नई दिल्ली, 12 नवम्बर। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी करीब एक साल बाद बुधवार को शुरु हो रहे रणजी ट्रॉफी के मुकाबले में मध्यप्रदेश के खिलाफ मैदान पर वापसी करेंगे। शमी को कल से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी के अगले मैच के लिए बंगाल की टीम में शामिल किया गया है। बंगाल की टीम इंदौर में मध्य प्रदेश से भिड़ेगी। अगर वह बुधवार से शुरू होने वाले रणजी मैच के बाद और अधिक घरेलू मैच खेलते है तो उन्हें 23 नवंबर से शुरू होने वाली 20 ओवर की सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेल सकेंगे, जो कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मेगा नीलामी से एक दिन पहले शुरु हो रही है। ऐसा माना जा रहा है कि शमी आगामी चार दिवसीय मैच में अपनी फिटनेस साबित कर देते हैं तो उन्हें भारत की टेस्ट टीम में शामिल किया जा सकता हैं।

## राजस्थान 23 सी.के. नायडू ट्रॉफी टीम घोषित, अंडर-19 टीम घोषित

जयपुर, 12 नवम्बर। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीप बिहाणी के अनुसार बीसीसीआई के घरेलू क्रिकेट सत्र 2024 -25 की राष्ट्रिय क्रिकेट प्रतियोगिताओं में भाग ले रही राजस्थान अंडर 23 सी के नायडू ट्रॉफी टीम के आंध्रा के खिलाफ जयपुर में आगामी 15 - 18 नवम्बर 2024 को खेले जाने वाले मैच हेतु राजस्थान अंडर 23 सी के नायडू ट्रॉफी का चयन किया टीम से राहुल गर्ग व देव यादव के स्थान पर हिमांशु नेहरा व शुभम शर्मा का चयन किया गया है। आंध्रा के विरुद मैच हेतु राजस्थान अंडर 23 सी के नायडू ट्रॉफी टीम घोषित :-

करण लांबा ( कप्तान ), सुमित गोदारा, राज शर्मा, मुकुल चौधरी, जयंत ताम्बी, मोहित चांगरा, चेतन शर्मा, अशोक शर्मा, दीपेंद्र सिंह, हिमांशु नेहरा, शुभम शर्मा, साहिल भास्कर, हार्दिक गौर, रौनक गौर, पुखराज कुमार। महाराष्ट्र के विरुद्ध मैच हेतु राजस्थान 19 कूच बिहार ट्रॉफी टीम घोषित आगामी 13 नवम्बर से जयपुर में खेली जाने वाली राष्ट्रिय अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी ( मल्टी डेज ) में महाराष्ट्र के विरुद मैच हेतु राजस्थान अंडर 19 टीम घोषित। मैच दिनांक 13 से 16 नवम्बर को महाराष्ट्र के विरुद जयपुर में खेला जायेगा।

**राजस्थान अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी टीम :-** यश यादव, तनय थवानी, निर्मल बिश्नोई, सचिन शर्मा, ध्रुव सेठी, जतिन सैनी, गुलाब सिंह, तोषित भाटिया ( कप्तान ), नावेद खान, आकाश मुंडेल, चंद्रपाल, पार्थ यादव, मो अनस, आभाष श्रीमाली, सचिन चौधरी, देवेंद्र सिंह तंवर, मनय कटारिया। राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में कल दिनांक 13 नवम्बर से खेले जाने वाले अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी मैच से पूर्व आज आरसीए अकादमी पर राजस्थान - महाराष्ट्र अंडर 19 कूच बिहार टीमों ने आरसीए अकादमी पर अभ्यास किया।

# पर्थ स्टेडियम में लगा लॉकडाउन, टीम इंडिया करेगी सीक्रेट ट्रेनिंग

नई दिल्ली, 12 नवम्बर। आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2024-25 साइकल की सबसे अहम टेस्ट सीरीज 22 नवंबर से पर्थ में शुरु होगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में इस बार चार की जगह पांच टेस्ट मैच खेले जाने हैं और इस टेस्ट सीरीज का रिजल्ट ये फैसला करेगा की डब्ल्यूटीसी 2023-25 के फाइनल में भारत जगह बना पाएगा या नहीं।टेस्ट सीरीज का पहला मैच 22 नवंबर से पर्थ में खेला जाना है।



पर्थ के पुराने टेस्ट वेन्यू यानी वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट एसोसिएशन पर भारतीय टीम ने सीक्रेट ट्रेनिंग कैंप लगाया है। स्टेडियम के चारों तरफ नेट्स लगाए गए हैं और इसके पब्लिक के लिए बंद कर दिया गया है। विराट कोहली पर्थ पहुंचने वाले भारतीय टेस्ट टीम के पहले खिलाड़ी थे, जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज शुरू होने से दो हफ्ते पहले ही पहुंच गए। सीरीज के पहले टेस्ट मैच में कप्तान रोहित शर्मा का खेलना मुश्किल है। द वेस्ट ऑस्ट्रेलियन की एक रिपोर्ट के अनुसार, स्टेडिय इस समय लॉकडाउन में है, जो उस समय की याद दिलाता है जब ऑस्ट्रेलिया में 2022 टी20 वर्ल्ड कप के दौरान भारतीय टीम पर्थ पहुंची थी। इसकी बाउंड्री को नेट्स लगाकर ढक दिया गया था और पब्लिक के लिए इसे बंद कर दिया गया था और इसके अलावा स्टेडियम के कर्मचारियों को भी अंदर फोन इस्तेमाल करने की परमिशन नहीं थी।

भारत को ऋतुराज गायकवाड़ की अगुवाई वाली भारत ए टीम के खिलाफ प्रैक्टिस खेल खेलना था, जो पहले से ही ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो मैचों की अनऑफिशियल टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया में थी। हालांकि, बीसीसीआई ने घरेलू टेस्ट सीरीज में न्यूजीलैंड के खिलाफ क्लीनस्वीप के बाद प्रैक्टिस मैच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला टेस्ट मैच के रूप में ही खेलेंगे।

## पर्थ की पिच बनी टीम इंडिया के लिए मुसीबत

नई दिल्ली, 12 नवम्बर। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की शुरुआत हो रही है। पहला टेस्ट मैच पर्थ में खेला जाएगा। जहां टीम इंडिया को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। पर्थ की पिच को तेज गति और बाउंस के लिए जाना जाता है और इस बार भी पिच का मिजाज कुछ ऐसा ही रह सकता है। ऐसे में पहले टेस्ट को बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा कहा जा सकता है।भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की शुरुआत हो रही है। पहला टेस्ट मैच पर्थ में खेला जाएगा, जहां टीम इंडिया को मुश्किलों का सामना करना पड़ा सकता है। पर्थ की पिच को तेज गति और बाउंस के लिए जाना जाता है और इस बार भी पिच का मिजाज कुछ ऐसा ही रह सकता है।

वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट के मुख्य क्यूरेटर आइसैक मैकडोनाल्ड का कहना है कि, ये ऑस्ट्रेलिया है, ये पर्थ है। मैं सुनिश्चित करना चाहता हूं कि पिच से गेंदबाजों को गति, बाउंस मिले और गेंद बहुत बढ़िया ढंग से कैरी करे। मैकडोनाल्ड कोशिश कर रहे हैं कि वो उसी तरह की पिच से गेंदबाजों को गति, बाउंस मिले और गेंद बहुत बढ़िया ढंग से कैरी करे। मैकडोनाल्ड कोशिश कर रहे हैं कि वो उसी तरह की पिच तैयार कर सकें जैसी पिछले साल दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया बनाम पाकिस्तान पहले टेस्ट मैच के समय थी। याद दिला दें कि उस मैच में कुल 35 विकेट गिरे थे, जिनमें से 28 विकेट तेज गेदंबाजों के नाम रहे थे। उस मैच को पाक टीम 360 रनों से हार गई थी।

## राजस्थान और मुंबई के मशहूर फुटबॉल खिलाड़ी सुशील कुमार का निधन



जयपुर, 12 नवम्बर। जिला फुटबॉल संघ भूतपूर्व सचिव और विजय फुटबॉल क्लब के सचिव अब्दुल जब्बार ने बताया कि बड़े दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि राजस्थान और मुंबई के मशहूर फुटबॉल खिलाड़ी सुशील कुमार जी का दिनांक देहांत हो गया है। उनकी आयु लगभग 65 वर्ष की थी। राजस्थान की ओर से 3-4 बार संतोष ट्रॉफी जूनियर खेली थी। साथ ही राजस्थान पुलिस में भी बहुत फुटबॉल टूर्नामेंट खेले थे। कुछ सालों के बाद वे मुंबई फर्टिलाइजर में चले गए। वहां उन्होंने 10 साल तक लगातार संतोष ट्राफी खेली और मुंबई के मशहूर फुटबॉल खिलाड़ियों में उनकी गिनती होती थी। रिटायरमेंट के बाद अपने बच्चों के साथ नासिक में शिफ्ट हो गये। अक्टूबर में उनका कुछ स्वास्थ्य ठीक ना होने के कारण बीमार रहने के बाद उनकी मृत्यु हो गई। सुशील कुमार सेन्टर फारवर्ड खेला करते थे। वे खेलते हुए बहुत खुबसुरत लगते थे वे बहुत खुश रहते थे और खिलाड़ियों को भी हंसाते रहते थे। ऐसा खिलाडी आज हमारे बीच नहीं रहा। सुशील कुमार हनुमानगढ़ नोहर के रहने वाले थे।

आज सवाई मानसिंह स्टेडियम पर सभी खिलाड़ियों ने 2 मिनट का मौन रख शोक मनाया। सुशील कुमार के भांजे सुनील राव, बिहारी लाल, अरुण बोहरा, जसवंत सिंह, और फुटबॉल कोच एसके सिन्हा, हितेश शर्मा एवं सभी खिलाड़ियों ने शोक जाहिर कर उनकी ओर से परिजनों को शोक संदेश भेजे कि सुशील कुमार भगवान अपने चरणों में स्थान देवें। सुशील कुमार जी की याद में 11 नवंबर 2024 से बहुत बड़े टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मुंबई के पुराने खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

## दक्षिण अफ्रीका में हो सकती है चैम्पियंस ट्रॉफी




नई दिल्ली, 12 नवम्बर। भारत ने पाकिस्तान दौरे पर जाने से मना कर दिया है। इस बीच इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने चैंपियंस ट्रॉफी की हाइब्रिड मॉडल में मेजबानी करने पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से जवाब मांगा है। पीसीबी ने रविवार को पुष्टि की थी कि उसे आईसीसी से एक ईमेल मिला है, जिसमें कहा गया है कि भारतीय टीम पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगी। अगर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड मेजबानी से इनकार करता है तो टूर्नामेंट का आयोजन साउथ अफ्रीका में हो सकता है। पाकिस्तान क्रिकेट का बड़ा नुकसान हो सकता है। आईसीसी ने पीसीबी को हाइब्रिड मॉडल को लेकर आश्वासन दिया है कि उसे पूरी मेजबानी फीस और अधिकांश मैच मिलेंगे। 2008 के मुंबई आंतकी हमलों के बाद से भारत ने पाकिस्तान का दौरा नहीं दिया है। दोनों टीमें केवल आईसीसी टूर्नामेंट में ही एक दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करती हैं।

जब तक पीसीबी चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी से पीछे हटने का फैसला नहीं करता तब तक मौजूदा योजना भारत के मैच यूएई में और फाइनल दुबई में आयोजित करने की है। बीसीसीआई ने आईसीसी से कहा है कि हाइब्रिड मॉडल उन्हें तभी स्वीकार्य है जब फाइनल दुबई में हो न कि पाकिस्तान में। पीसीबी ने सोमवार को बीसीसीआई द्वारा आईसीसी को ये सूचित करने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी कि वह चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने के लिए अपनी टीम पाकिस्तान नहीं भेजेगा। समाचार एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से जानकारी दी है कि आईसीसी ने पीसीबी से ये पुष्टि करने को कहा है कि क्या हाइब्रिड मॉडल उन्हें स्वीकार्य है, जिसमें भारत के मैच और फाइनल दुबई में आयोजित किया जाएगा।

वहीं आईसीसी ने पीसीबी को आश्वासन दिया है कि इस व्यवस्था के तहत उन्हें पूरी मेजबानी फीस और अधिकांश मैच मिलेंगे। सूत्र ने कहा कि, आईसीसी ने पीसीबी से कहा है कि अगर वह हाइब्रिड मॉडल पर इस मेगा इवेंट की मेजबानी करने का फैसला करता है तो उसे पूरी मेजबानी फीस और अधिकांश मैच मिलेंगे। वहीं सूत्र ने ये भी बताया कि, अगर भारत के इनकार के कारण पीसीबी टूर्नामेंट की मेजबानी से पीछे हटने का फैसला करता है तो आईसीसी टूर्नामेंट को साउथ अफ्रीका में शिफ्ट करने पर विचार कर सकता है। इससे पहले पीसीबी के एक सूत्र ने कहा था कि अभी हाइब्रिड मॉडल पर कोई बात नहीं हुई है।

## पाकिस्तान वापस ले सकता है आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी से नाम

नई दिल्ली, 12 नवम्बर। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के पाकिस्तान जाने की संभावनाओं पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आने के बीच आधिकारिक सूत्रों का हवाला देते हुए दावा किया गया है कि मेजबान टीम टूर्नामेंट से पूरी तरह से हट सकती है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को सूचित किया है कि भारतीय टीम पाकिस्तान नहीं जाएगी और वह अपने मैचों के लिए यूएई जैसे तटस्थ स्थल पर खेलने को लेकर सहज है। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन फरवरी में किया जाएगा। यह ताजा घटनाक्रम उन रिपोर्टों के बाद सामने आया है जिनमें कहा गया है कि आईसीसी इस टूर्नामेंट को पूरी तरह से स्थानांतरित करने पर विचार कर सकता है। डॉन ने एक सूत्र के हवाले से कहा, ''ऐसे मामले में सरकार जिन विकल्पों पर विचार कर रही है, उनमें से एक विकल्प पीसीबी से यह सुनिश्चित करने के लिए कहना है कि पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी में भाग न ले।''

**राजधानी**

# 'मालवीय नगर में आदिनाथ पार्क की 23,633 वर्गगज भूमि ''ग्रीन फायर अस्पताल प्रा. लि.'' को देने पर उतारू है जे.डी.ए. प्रशासन'

**हैरानी की बात है कि जयपुर विकास प्राधिकरण इस अस्पताल की लीज निरस्त करके 25 प्रतिशत राशि जब्त करते हुए शेष 75 प्रतिशत राशि वापस लौटा चुका है**

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में जवाहर लाल नेहरू मार्ग पर ''आदिनाथ पार्क'' की 23 हजार 633 वर्गगज बेशकीमती जमीन को जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारी प्राइवेट हॉस्पिटल की फर्म ''ग्रीन फायर अस्पताल प्रा. लि.'' को देने पर उतारू हो रहे है। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े को आदिनाथ नगर विकास समिति की अध्यक्ष उमा शर्मा ने भेजी है।




- **बड़ा सवाल यह भी है कि, आदिनाथ पार्क के आसपास 7 बड़े निजी-सरकारी अस्पताल फॉर्टिस, ई.एच.सी.सी., जयपुरिया अस्पताल, राजस्थान हॉस्पिटल, खंडाका अस्पताल, भगवान महावीर कैंसर अस्पताल और कैलगिरी हॉस्पिटल पहले से मौजूद हैं, तो फिर जे.डी.ए. प्रशासन नियमों को दरकिनार करते हुए फैसिलिटी एरिया की जमीन इस प्राइवेट हॉस्पिटल को देने की मेहरबानी क्यों दिखा रहा है?**
- **आदिनाथ नगर विकास समिति की अध्यक्ष उमा शर्मा ने इस प्रकरण की शिकायत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े को भेजकर ''सार्वजनिक पार्क'' की जमीन आमजन के हित में बचाने की गुहार लगाई है। उन्होंने इसकी प्रतिलिपि केन्द्रीय वन-पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव, केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, राजस्थान के वन मंत्री संजय शर्मा, नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा और मुख्य सचिव सुधांश पंत को भी भेजी है।**
- **उमा शर्मा का आरोप है कि, जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारी, राजस्थान हाईकोर्ट में लंबित डी.बी. स्पेशल अपील (रिट) संख्या 107/2017 उनवानी रतन प्रभा बनाम ग्रीन फायर अस्पताल प्रा. लि. में अब गैर-कानूनी रूप से समझौता करके पुनः यह जमीन इस निजी अस्पताल को देने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं।**

उमा शर्मा का कहना है कि, यह पार्क ''आदिनाथ नगर'' स्कीम के 40 प्रतिशत ''फैसिलिटी एरिया'' की भूमि का अभिन्न हिस्सा है। इसके अलावा इस पार्क की जमीन में 40 मीटर ओ.टी.एस. नाला और उसकी 30-30 मीटर की बफर स्ट्रिप दोनों ओर स्थित है। इस पार्क को जे.डी.ए. की उद्यानिकी शाखा ने वर्ष 2015 में अपने पार्कों की सूची में शामिल किया था। वर्तमान में भी इस पार्क की सार-संभाल जे.डी.ए. ही करवा रहा है।

हैरानी की बात यह है कि, मालवीय नगर में मुख्य जवाहर लाल नेहरू रोड पर जहां यह आदिनाथ पार्क स्थित हैं, उसके आसपास में 7 बड़े निजी और सरकारी अस्पताल पहले से मौजूद है। जिनमें फॉर्टिस, ई.एच.सी.सी., जयपुरिया अस्पताल, राजस्थान हॉस्पिटल, खंडाका अस्पताल, भगवान महावीर कैंसर अस्पताल और कैलगिरी हॉस्पिटल शामिल है। इसके बावजूद आदिनाथ पार्क की इस 23 हजार 633 वर्गगज जमीन को निजी अस्पताल ''ग्रीन फायर अस्पताल प्रा. लि.'' को देने का कुत्सित प्रयास जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारी कर रहे हैं।

जबकि राजस्थान नगरीय सुधार न्याय (नगरीय भूमि का निपटान) नियम 1974 के विनियमों 6 (1) (के) में साफ कहा गया है कि, फैसिलिटी एरिया की जमीन अस्पताल के लिए आवंटित नहीं की जा सकती। यह भूमि सरकार सार्वजनिक पार्क, स्कूल-कॉलेज, हॉस्टल, धर्मशाला, सावर्जनिक अतिथि गृह, धार्मिक स्थल, गौशाला, प्ले ग्राउंड के लिए काम में ली जा सकती है। फैसिलिटी एरिया की जमीन को चिकित्सा सुविधाओं यथा, हॉस्पिटल, डायग्नोस्टिक सेंटर और नर्सिंग होम्स के लिए काम नहीं लिया जा सकता। यहां तक कि फैसिलिटी एरिया का भू-उपयोग परिवर्तन स्पष्ट रूप से कानूनन वर्जित है।

उमा शर्मा का कहना है कि, जयपुर विकास प्राधिकरण, इस निजी अस्पताल को जारी लीज निरस्त करके आवंटी द्वारा जमा करवायी गई 25 प्रतिशत राशि जब्त करते हुए शेष 75 प्रतिशत राशि लौटा चुका है। जिससे संबंधित प्रकरण सुप्रीम कोर्ट में पहुंचने के बावजूद इस लीज निरस्तीकरण के आदेश में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। राजस्थान हाईकोर्ट में लंबित डी.बी. स्पेशल अपील (रिट) संख्या 107/2017 उनवानी रतन प्रभा बनाम ग्रीन फायर अस्पताल प्रा. लि. में अब जे.डी.ए. के अधिकारी गैर-कानूनी रूप से समझौता करके पुन: यह जमीन इस निजी अस्पताल को देने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं।

उमा शर्मा का कहना है कि आदिनाथ पार्क की जमीन में आदिनाथ नगर का फैसिलिटी एरिया होने के साथ-साथ 40 मीटर ओ.टी.एस. नाला और उसकी 30-30 मीटर की बफर स्ट्रिप भी है। यह भूमि और सेटबैक का एरिया घटाने के बाद यहां अस्पताल के लिए उपयुक्त जगह भी नहीं बचती।

इस प्रकरण को लेकर आदिनाथ नगर विकास समिति ने राजस्थान उच्च न्यायालय में डी.बी. सिविल रिट याचिका 18317/2023 दायर कर रखी है, जो कि विकास समिति बनाम राज्य सरकार व अन्य है। इस प्रकरण में राज्य सरकार और जेडीए ने आज तक कोई जवाब नहीं दिया, अब पुराने प्रकरण में निजी अस्प्ताल से समझौता करके यह बेशकीमती जमीन उसे सौंपने की कोशिशें चल रही हैं।

समिति अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े से मांग की है कि वे इस प्रकरण में हस्तक्षेप करके आदिनाथ नगर के पार्क की इस भूमि को बचाने में मदद करें। यह भूमि किसी कंपनी, अस्पताल, फर्म, एलएलपी, संस्था अथवा व्यक्ति को आवंटित नहीं की जाये और यहां ''आदिनाथ पार्क'' यथावत रखते हुए जेडीए द्वारा इसकी सार-संभाल करवायी जाये।

उमा शर्मा ने अपनी शिकायत की प्रतिलिपि केन्द्रीय वन-पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव, केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, राजस्थान के वन मंत्री संजय शर्मा, नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा और मुख्य सचिव सुधांश पंत को भी भेजी है।

## वोट बैंक की राजनीति करती है कांग्रेसः मदन राठौड़

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि विपक्ष क्या कर रहा है, इस पर ध्यान करने की बजाय भाजपा हमेशा अपने कार्यों पर ध्यान देती है। विपक्षी नेताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के 140 करोड़ देशवासियों को अपना परिवार कहने से आपत्ति है, उनको देशवासियों को संगठित रहने की अपील करने से आपत्ति है और उनको वस्त्र और उसके रंग से भी आपत्ति है तो इससे उनकी विकृत मानसिकता देशवासियों के सामने उजागर हो गई। कांग्रेसी नेताओं को औवेसी के बयानों पर कभी आपत्ति नहीं हुई, वो 15 मिनट पुलिस हटाने वाले बयान पर प्रतिक्रिया नहीं देते, क्योंकि कांग्रेस वोटबैंक की राजनीति करती है, उसको विकास से कोई लेना देना नहीं है।

राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस में राजनीति का स्तर गिरता जा रहा है, इसका नुकसान कांग्रेस पार्टी को होना तय है। भाजपा ने कभी भी कांग्रेस क्या कर रही है, इस पर ध्यान नहीं दिया, बल्कि सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास की नीति पर कार्य करते हुए जन कल्याणकारी नीतियां तैयार की। भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार ने बजट में हर वर्ग, हर समुदाय के लिए योजनाएं बनाई। भाजपा समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति के लिए कार्य कर रही है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के अधिकांश नेता भ्रष्टाचार और घोटालों में संलिप्त पाए जा रहे हैं। कर्नाटक में कांग्रेसी नेता के 64 ठिकानों पर कमरे नोटों से भरे मिले। कर्नाटक ही नहीं, कांग्रेस शासित प्रदेशों में घोटाले पर घोटाले किए जा रहे है। ऐसे में कांग्रेस को अपनी गिरेबा में झांक कर देखना चाहिए।

## 6 हजार रु. रिश्वत लेते स्वास्थ्य निरीक्षक गिरफ्तार

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जयपुर नगर-प्रथम टीम ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए नगर निगम हैरिटेज जयपुर जोन-आदर्श नगर के स्वास्थ्य निरीक्षक देव कुमार को परिवादी से 6 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की जयपुर नगर-प्रथम टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके पिता की हाजिरी माफी और सफाई कार्य में राहत देने की एवज में नगर निगम हैरिटेज जयपुर जोन-आदर्शनगर के स्वास्थ्य निरीक्षक देव कुमार द्वारा प्रतिमाह ती हजार रुपये के हिसाब से छह हजार रुपये की रिश्वत की मांग कर रहा है। जिस पर एसीबी की जयपुर नगर-प्रथम टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में ट्रेप की कार्रवाई की गई।

## सरकार की प्रथम वर्षगांठ पर लगभग 25 हजार युवाओं को मिलेंगी नियुक्तियां

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राज्य सरकार का एक साल पूरा होने से पहले करीब 25 हजार युवाओं को नियुक्तियां देने और 51 हजार से अधिक नई भर्तियों की सौगात देने जा रहे हैं। युवाओं के रोजगार के सपने को पूरा करने में ये नियुक्तियां एवं विज्ञिप्तयां महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी और 'सुराज संकल्प' की दिशा में अहम कदम साबित होंगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हाल ही में समीक्षा बैठक आयोजित कर सभी विभागों को जारी भर्ती प्रक्रियाएं समय पर पूरी कर युवाओं को शीघ्र नियुक्तियां देने एवं नई भर्तियां निकालने पर तेजी से कार्य करने के निर्देश दे चुके हैं। इसके बाद अब राज्य सरकार पहली वर्षगांठ के मौके पर मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के दौरान 7 विभागों के लगभग 25 हजार युवाओं को नियुक्तियां दिए जाने की तैयारी कर रही है। राज्य सरकार 48 हजार 593 चतुर्थ श्रेणी एवं समकक्ष पदों तथा 3 हजार 170 वाहन चालकों की भर्ती प्रक्रिया भी शीघ्र शुरू करने जा रही है। उल्लेखनीय है कि विभिन्न विभागों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और वाहन चालकों के लम्बे समय से रिक्त चले आ रहे पदों को भरने के लिए राज्य सरकार ने हाल ही इनसे जुड़े सेवा नियमों और भर्ती प्रक्रिया में जरूरी बदलाव किए थे।

राज्य सरकार की युवाओं को निरंतर रोजगार उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता के क्रम में तीसरे मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नर्सिंग ऑफिसर, चिकित्सा अधिकारी (दंत चिकित्सक), हॉस्पिटल केयर टेकर, अध्यापक लेवल एक एवं दो, वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक, आयुर्वेद विभाग में कनिष्ठ कम्पाउंडर व नर्स, आयोजना विभाग में संगणक, कृषि विभाग में कृषि पर्यवेक्षक और संस्कृति शिक्षा विभाग में वरिष्ठ अध्यापक के पदों पर सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा, सफाई कर्मियों के पदों पर नियुक्तियां दी जाएंगी। उल्लेखनीय है कि विगत दो रोजगार उत्सवों में 28 हजार 200 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं।

स्थायी पदों के अतिरिक्त एनएचएम के 21 काडर के विभिन्न पदों पर संविदा भर्ती की जाएगी, जिसके लिए अभ्यर्थना राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड को भिजवाई जा रही है। अब तक एनएचएम में 3 काडर की भर्ती परीक्षाएं बोर्ड द्वारा कराई जा चुकी हैं। इनमें से जीएनएम को दिसम्बर माह में नियुक्ति दे दी जाएगी। इसके अतिरिक्त कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर और एएनएम के पदों के लिए सफल अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन का कार्य चल रहा है।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर जापान से आए प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात की। शर्मा से प्रतिनिधिमण्डल सदस्यों ने, राइज़िंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट के तहत राज्य में अतिरिक्त निवेश के लिए चर्चा की। मुख्यमंत्री ने सदस्यों को प्रदेश में निवेश के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया, साथ ही आगामी समिट के लिए आमंत्रित भी किया। प्रतिनिधिमण्डल में जापानी कम्पनी नीडैक के अध्यक्ष, हिरोशी कोबे, प्रबंध निदेशक कैजी ओशिमा, सलाहकार माशाहिरो मियूरा शामिल थे। मुख्यमंत्री कार्यालय के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल सहित वरिष्ठ अधिकारी इस दौरान उपस्थित रहे।

# आतंकवादी पन्नू ने राम मंदिर पर हमले की धमकी दी

## पुलिस ने रामजन्म भूमि परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को हाई अलर्ट पर किया

- कैनडा के खालिस्तानी आतंकवादी गुरूपतवंत सिंह पन्नू ने ऑडियो संदेश के द्वारा 16 और 17 नवम्बर को राम मंदिर पर हमले की धमकी दी।

अयोध्या, 12 नवम्बर। खालिस्तानी आतंकवादी गुरुपतवंत सिंह पन्नू द्वारा अयोध्या में राम मंदिर पर हमले की धमकी के मद्देनजर रामजन्मभूमि परिसर की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाकर हाई अलर्ट कर दिया गया है।

पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि खालिस्तानी आतंकवादी पन्नू द्वारा अयोध्या में भव्य राम मंदिर पर हमले की धमकी को देखते हुए अयोध्या को अलर्ट करके सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गयी है। आगामी 16 और 17 नवम्बर को हमले की धमकी देने वाले, पन्नू के ताजा ऑडियो संदेश के बाद सुरक्षा व्यवस्था और सख्त कर दी गई है। इस धमकी के सामने आते ही पुलिस और प्रशासन ने पूरी तरह सतर्कता बरतने की तैयारी शुरू कर दी है।

कैनडा स्थित खालिस्तानी आतंकवादी पन्नू ने इस बार अयोध्या में राम मंदिर पर हमला करने की धमकी दी है। पुलिस ने बताया कि अयोध्या पहले से ही कड़े सुरक्षा घेरे में है। अर्धसैनिक बल चौबीस घंटे तैनात रहते हैं। किसी भी आतंकवादी हमले का मुकाबला करने के लिये पुलिस बल तैयार हैं।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस तरह के वीडियो पहले भी सामने आये हैं, जिनमें खालिस्तानी आतंकवादी और अन्य आतंकवादी संगठनों ने अयोध्या में बम विस्फोट और फिदायीन हमले की धमकी दी थी। हालांकि, सुरक्षा एजेंसियां हमेशा इन धमकियों को नाकाम करने में सफल रही हैं। इससे पहले आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया था, जिनके खालिस्तानी आतंकवादी संगठनों से ताल्लुकात थे। ये संदिग्ध अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले रैकी कर रहे थे। इन संदिग्धों की पहचान राजस्थान के शंकर दुहसाद उर्फ शंकर जाजोद, अजीत कुमार शर्मा और प्रदीप पुनिया के रूप में हुई थी। इन गिरफ्तारियों के बाद एक और आडियो सामने आया था।

अयोध्या की क्षेत्राधिकारी ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि अयोध्या में चौदह कोसी और पंचकोसी का मेला आज शाम को ही समाप्त हुआ है। मेले में पहले से ही विशेष सतर्कता है, इसके लिये केन्द्र और राज्य के अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है। इसके बावजूद विवादित वीडियो को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य की खुफिया एजेंसियों के लोग होटल, धर्मशाला, बस स्टेशन और रेलवे स्टेशन पर कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखाई पड़ने पर पूछताछ कर रहे हैं। नगर की सीमाओं पर रात में भी चेकिंग बढ़ा दी गयी है। उन्होंने बताया कि पहले से ही सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से फूलप्रूफ है। अब मेला खत्म होने के बाद आतंकियों की धमकी के मद्देनजर अयोध्या को हाईअलर्ट करके पूरी सतर्कता बढ़ा दी गयी है।

# सी.आई.एस.एफ. में महिला बटालियन बनेगी

- गृह मंत्रालय की मंजूरी के बाद पहली महिला बटालियन के मुख्यालय के लिए प्रारम्भिक भर्ती, प्रशिक्षण व स्थान के चयन की तैयारी शुरू हो गई है।

नयी दिल्ली, 12 नवम्बर। गृह मंत्रालय ने महिला सशक्तिकरण और राष्ट्रीय सुरक्षा में उनकी भूमिका बढ़ाने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सी.आई.एस.एफ.) की पहली महिला बटालियन के गठन की मंजूरी दे दी है। सी.आई.एस.एफ. के प्रवक्ता ने मंगलवार को यहां बताया कि बल उन महिलाओं के लिए पसंदीदा विकल्प रहा है, जो केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल में देश की सेवा करना चाहती हैं और बल में उनकी हिस्सेदारी 7 प्रतिशत से अधिक है।

महिला बटालियन के गठन से देश भर में महत्वाकांक्षी युवा महिलाओं को बल में शामिल होने और देश की सेवा करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। इससे बल में महिलाओं को एक नई पहचान मिलेगी। सी.आई.एस.एफ. मुख्यालय ने नई बटालियन के मुख्यालय के लिए प्रारंभिक भर्ती, प्रशिक्षण और स्थान के चयन की तैयारी शुरू कर दी है। प्रशिक्षण को विशेष रूप से एक उत्कृष्ट बटालियन बनाने के लिए डिज़ाइन किया जा रहा है, जो वी.आई.पी. सुरक्षा और हवाई अड्डों, दिल्ली मेट्रो रेल कर्तव्यों की सुरक्षा में कमांडो के रूप में बहुविध भूमिका निभाने में सक्षम हो।

सी.आई.एस.एफ. के 53 वें स्थापना दिवस समारोह में केन्द्रीय गृह मंत्री के निर्देश के अनुरूप, बल में सभी महिला बटालियनों के गठन का प्रस्ताव किया गया था।

# चार दिन दक्षिण भारत में भारी वर्षा की सम्भावना

- पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश व हिमाचल प्रदेश में देर रात व सुबह घने कोहरे की भविष्यवाणी।

नयी दिल्ली, 12 नवंबर। अगले चार से पांच दिनों के दौरान, देश के दक्षिणी हिस्सों में भारी बारिश और उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में घना कोहरा छाए रहने के आसार हैं।

मौसम विज्ञान विभाग (आई.एम.डी.) ने मंगलवार को बताया कि दक्षिणी-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में सोमवार के चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव में बना निम्न दबाव का क्षेत्र लगभग पश्चिम की ओर बढ़ गया है और अब यह दक्षिण-पश्चिम तथा उससे सटे पश्चिम-मध्य, बंगाल की खाड़ी, उत्तरी तमिलनाडु और उससे सटे दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटों पर स्थित है। मौसम विभाग ने कहा, इसके प्रभाव से 12 से 16 नवंबर तक तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम तथा रायलसीमा में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर की बारिश या गरज और बिजली गिरने की संभावना है।

चौदह नवंबर की सुबह तक पंजाब के अलग-अलग इलाकों में देर रात और सुबह के समय घना से बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। इसके बाद, अगले दो दिनों तक घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। विभाग ने कहा, "17 नवंबर की सुबह तक हिमाचल प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में देर रात और सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने की संभावना है, जबकि 15 नवंबर तक हरियाणा और उत्तर प्रदेश में ऐसा ही रहने की संभावना है।"

मौसम विभाग के अनुसार 14 नवंबर से एक नया पश्चिमी विक्षोभ के पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है। अगले पांच दिनों में उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में न्यूनतम तापमान में कोई महत्वपूर्ण बदलाव की उम्मीद नहीं है, जबकि पूर्वी भारत में अगले चार दिनों में न्यूनतम तापमान में 3-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है।

# भारत ने लम्बी दूरी की क्रूज मिसाइल का पहला परीक्षण किया

## सतह पर मार करने वाली मिसाइल का उड़ान परीक्षण ओडीशा की चांदीपुर रेंज पर हुआ

- विश्वसनीय प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए मिसाइल उन्नत एवियोनिक्स और सॉफ्टवेयर से लैस है। यह मिसाइल वैमानिकी निकास प्रतिष्ठान, बेंगलूरू में विकसित हुई है।

नयी दिल्ली, 12 नवंबर। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डी.आर.डी.ओ.) ने मंगलवार को एक "मोबाइल आर्टिकुलेटेड लॉन्चर" से ओडिशा के तट पर एकीकृत परीक्षण रेंज चांदीपुर से सतह पर मार करने वाली लंबी दूरी की क्रूज़ मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण किया।

परीक्षण के दौरान, सभी उप-प्रणालियों ने अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन किया और प्राथमिक मिशन उद्देश्यों को पूरा किया। मिसाइल के प्रदर्शन की निगरानी, उड़ान पथ की पूरी कवरेज सुनिश्चित करने के लिए आई.टी.आर. द्वारा विभिन्न स्थानों पर तैनात रडार, इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम और टेलीमेट्री जैसे कई रेंज सेंसर द्वारा की गई थी। बेहतर और विश्वसनीय प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए मिसाइल उन्नत एवियोनिक्स और सॉफ्टवेयर से भी लैस है।

मिसाइल को अन्य डी.आर.डी.ओ. प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों के योगदान के साथ-साथ वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान, बेंगलुरु द्वारा विकसित किया गया है। भारत डायनेमिक्स लिमिटेड, हैदराबाद और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, बेंगलुरु इसके दो विकास-सह-उत्पादन-साझेदार हैं और वे मिसाइल विकास और एकीकरण में लगे हुए हैं। इस परीक्षण को विभिन्न डी.आर.डी.ओ. प्रयोगशालाओं के वरिष्ठ वैज्ञानिकों के साथ-साथ तीनों सेनाओं के प्रतिनिधियों, सिस्टम के उपयोगकर्ताओं ने देखा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल प्रथम उड़ान परीक्षण पर डी.आर.डी.ओ., सशस्त्र बलों और उद्योग को बधाई दी है।

उन्होंने कहा, यह भविष्य के स्वदेशी क्रूज मिसाइल विकास कार्यक्रमों का मार्ग प्रशस्त करता है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डी.आर.डी.ओ. के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने मिसाइल के पहले सफल प्रक्षेपण पर डी.आर.डी.ओ.की पूरी टीम को बधाई दी।

## सुप्रीम कोर्ट में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कार्यकाल में, इस बात पर जोर दिया गया था कि अर्जेन्ट लिस्टिंग या अन्य किसी प्रकार की अर्जेन्सी के निवेदन ई-मेल के जरिए स्वीकार किये जायेंगे, लेकिन फिर भी मौखिक निवेदन रोजाना किये जा रहे हैं तथा उन पर विचार भी किया जा रहा है। कुछ मामलों में तो इन मौखिक निवेदनों के फलस्वरूप, मुकदमों की तुरन्त सुनवाई की जाती रही है तथा अंतरिम राहत तक दी जाती रही है।

काफी पहले, स्वर्गीय मुख्य न्यायाधीश एस. एच. कापड़िया (2 मई, 2010-28 सितंबर, 2012) के कार्यकाल में यह प्रथा बंद हो गई थी, लेकिन उनके उत्तराधिकारियों ने वह स्थिति जारी नहीं रखी।

मुख्य न्यायाधीश कापड़िया के कार्यकाल में अर्जेन्ट लिस्टिंग के निवेदन अदालत के रजिस्ट्रार के समक्ष जाते थे तथा जिन केसों की अर्जेन्ट सुनवाई जरूरी समझी जाती थी, उन्हें लंच के बाद ले लिया जाता था।

## क्या सनसनीखेज ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

किसी मीटिंग की कोई जानकारी नहीं थी। उन्होंने कहा, "साफ-साफ कह दूं कि जिन लोगों का जिक्र उन्होंने (अजीत) इनटरव्यू में किया है, उनकी ऐसी किसी भी मीटिंग की उन्हें बिल्कुल जानकारी नहीं है।"

किन्तु, राज्यसभा सांसद तथा शिवसेना (यू.बी.टी.) की प्रवक्ता प्रियंका चतुर्वेदी ने "एक्स" पर पोस्ट किया, "कैबिनेट के एक वरिष्ठ मंत्री द्वारा एक डिजिटल फ्लेटफॉर्म को दिये गये एक इन्टरव्यू के अनुसार, "गौतम अडाणी यह निर्णय लेने वाली मीटिंगों में पूरे समय बैठे है कि भाजपा महाराष्ट्र की सत्ता कैसे हासिल करे तथा इसके लिये उन्होंने असम्भावित गठबंधनों को "फिक्स" करने की कोशिशें की हैं। इससे कुछ गंभीर सवाल पैदा होते है : क्या वे भाजपा के अधिकृत मध्यस्थ हैं?

क्या उन्हें गठबंधन "फिक्स " करने की जिम्मेदारी दी गई है। कोई व्यवसायी भाजपा को महाराष्ट्र में सत्ता में लाने के लिये आखिर इतनी तत्परता एवं तन्मयता से काम क्यों कर रहा है?"

जब एक कांग्रेस प्रवक्ता से सम्पर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि पार्टी को इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं करनी है।

जहां अडानी ग्रुप के एक प्रवक्ता ने कोई टिप्पणी करने से इंकार कर दिया, वहीं भाजपा से एक सूत्र ने कहा कि अजीत पवार ने भले ही यह कहा हो कि यह मीटिंग पांच साल पहले हुई थी, वस्तुतः यह मीटिंग 2017 में हुई थी।

राज्य की राजनीति के चीर-गंभीर पर्यवेक्षकों ने मुंबई से कहा कि पांच साल पहले की मीटिंग के बारे में रहस्योद्घाटन करके, हालांकि अजीत पवार अपने चाचा शरद पवार पर चोट करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन ऐसा करके, उन्होंने स्वयं को जरूर संकट में डाल लिया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

नैशनल इन्वैस्टिगेशन एजेंसी (एन.आई.ए.) ने पी.एफ.आई. पर मारे गये एक देशव्यापी छापे के दौरान, 22 सितम्बर, 2022 को अबूबकर को गिरफ्तार किया था। केन्द्र ने तभी से पी.एफ.आई. पर "अनलॉफुल एक्टिविटीज (प्रीवेशन) एक्ट के तहत, रोक लगा दी है।

अबूबकर ने जमानत के लिये सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है, क्योंकि दिल्ली उच्च न्यायालय ने उसे इस वर्ष 28मई को जमानत देने से इंकार कर दिया था।

## रामगढ़ के अलावा बाकी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

वह वोट में तब्दील हुई, तो फिर कांग्रेस भारी नुकसान में जा सकती है। हालांकि यहां मुकाबला बेहद नजदीकी है।

खींवसर सीट अस्तित्व में आने के साथ ही हनुमान बेनीवाल का गढ़ बन गया था, लेकिन इस बार भाजपा या कांग्रेस का कोई भी बागी उम्मीदवार मैदान में नहीं होने से हनुमान बेनीवाल को यहां परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राजपूत समाज के वोट नहीं बंटने का फायदा भी भाजपा को मिल रहा है। हालांकि हमेशा की तरह, अगर हनुमान बेनीवाल के वोटों में सेंध नहीं लगी और कांग्रेस उम्मीदवार ने जिस तरह का प्रचार किया है, उसके अनुरूप अगर वोटों में बढ़ोतरी हुई, तो अंतिम समय में यहां समीकरण बदल सकते हैं। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में हनुमान बेनीवाल की पकड़ अभी भी बरकरार दिख रही है।

मतदान से ठीक पहले, बाप के गढ़ चौरासी की जनसभा में मुख्यमंत्री भजनलाल पहुंचे, तो भारी भीड़ देखकर भाजपा का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया। हालांकि, इस मंच से एक सरपंच द्वारा सांसद राजकुमार रोत के खिलाफ बोले गए शब्दों का नुकसान भाजपा को उठाना पड़ सकता है। राजकुमार रोत विधानसभा चुनाव 80000 से ज्यादा वोटों से जीते थे, लेकिन, इस बार यहां अंतर घटना तो तय है, लेकिन बाप के अनिल कटारा ही मजबूत नजर आ रहे हैं। भाजपा के कारी लाल और कांग्रेस के महेश रोत भी मुकाबले में पूरा जोर लगा रहे हैं। यहां बाप के बागी, बादामी लाल भी मैदान में हैं। वे बाप को कितना नुकसान पहुंचाएंगे, यह भी देखना महत्वपूर्ण होगा।

सलूंबर में भाजपा, कांग्रेस और बाप में त्रिकोणीय मुकाबला है। कांग्रेस ने पूर्व प्रधान रेशमा मीणा को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, भाजपा ने दिवंगत अमृतलाल मीणा की पत्नी शांता को उम्मीदवार बनाया है। बाप ने पिछले चुनाव में 55000 वोट लेने वाले को उम्मीदवार बनाया है। यहां कांग्रेस में ऊपरी तौर पर तो एकता दिखाई दे रही है, लेकिन भितरघात का खतरा भी बना हुआ है और भाजपा के पक्ष में सहानुभूति दिख रही है। ऐसे में बाप के उम्मीदवार जीतेश कटारा को मिलने वाले वोटों पर हार जीत निर्भर होगी।

# डेमचौक-देपसांग में भारत-चीन सम्मिलित गश्त करेंगे

नई दिल्ली, 12 नवंबर। भारत और चीन की सेनाओं ने पूर्वी लद्दाख सेक्टर के डेमचोक और देपसांग इलाकों में हर हफ्ते एक समन्वित गश्त करने पर सहमति जताई है और वहां गश्त का एक दौर पहले ही पूरा कर लिया है। अक्तूबर के आखिरी हफ्ते में डेमचोक और देपसांग दोनों में सैनिकों की वापसी पूरी करने के बाद, दोनों पक्षों ने महीने के पहले हफ्ते में समन्वित गश्त शुरू की थी। दोनों पक्षों ने देपसांग और देपसांग में हर हफ्ते एक-एक गश्त करने पर सहमति जताई है।

रक्षा सूत्रों ने बताया कि प्रत्येक क्षेत्र में एक गश्त भारतीय सैनिकों की तरफ से और एक गश्त चीनी सैनिकों की तरफ से की जाएगी। दोनों पक्ष राजनीतिक, कूटनीतिक और सैन्य स्तरों पर कई दौर की बातचीत के बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा के साथ पूर्वी लद्दाख में देपसांग और डेमचोक से सैनिकों की वापसी के लिए समझौते पर पहुंचे हैं। भारतीय और चीनी पक्ष इन क्षेत्रों में नियमित अंतराल पर जमीनी कमांडर स्तर की बातचीत जारी रखेंगे।

# एयर इण्डिया और विस्तारा की विलय प्रक्रिया पूरी हुई

## एकीकृत एयर इण्डिया समूह अब 312 मार्गों पर 8300 साप्ताहिक उड़ानें संचालित करेगा

- एयर इण्डिया के अनुसार छात्र, वरिष्ठ नागरिक, डॉक्टर, नर्स, सशस्त्र बलों के सदस्य व उनके आश्रित एयर लाइन की वैबसाइट पर विशेष छूट वाला किराया बुक कर सकते हैं।

चेन्नई, 12 नवंबर। देश की प्रमुख एयर लाइन एयर इंडिया समूह ने मंगलवार को एयर इंडिया और विस्तारा के बीच परिचालन एकीकरण और कानूनी विलय को पूरा कर लिया। एयर इंडिया ने यहां एक बयान में कहा कि यह एक अक्टूबर, 2024 को समूह की कम लागत वाली एयरलाइनों, एयर इंडिया एक्सप्रेस और ए.आई.एक्स. कनैक्ट (पूर्व में एयर एशिया इंडिया) के विलय के बाद हुआ है।

एकीकृत एयर इंडिया समूह अब 312 मार्गों पर 8,300 से अधिक साप्ताहिक उड़ानें संचालित करता है एवं 300 विमानों के बेड़े के साथ 100 से अधिक घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों को जोड़ता है।

बयान में कहा गया है कि नई पूर्ण-सेवा इकाई एयर इंडिया 5,600 से अधिक साप्ताहिक उड़ानें संचालित करती है और 208 विमानों के बेड़े के साथ 90 से अधिक घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों को जोड़ती है। एयरलाइन अब हर दिन 120,000 से अधिक यात्रियों को ले जाएगी और 75 से अधिक कोडशेयर और इंटरलाइन भागीदारों के माध्यम से 800 से अधिक गंतव्यों के लिए विस्तारित विश्वव्यापी कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।

एयर इंडिया एक्सप्रेस ने कई मार्गों पर प्रमुख बुकिंग चैनलों पर 1599 रुपये से शुरू होने वाली किराए की पेशकश करते हुए फ्लैश सेल की घोषणा की है। उन्नीस नवंबर, 2024 और 30 अप्रैल, 2025 के बीच यात्रा के लिए 13 नवंबर, 2024 तक घरेलू उड़ानों पर बुकिंग के लिए फ्लैश सेल खुली है।

एयर इंडिया एक्सप्रेस ने 1444 रुपये से शुरू होने वाले अतिरिक्त छूट के साथ-साथ अपनी पुरस्कार विजेता वेबसाइट पर लॉग-इन सदस्यों के लिए शून्य सुविधा शुल्क के साथ विशेष एक्सप्रेस लाइट किराए की भी घोषणा की। इसके अतिरिक्त, छात्र, वरिष्ठ नागरिक, डॉक्टर और नर्स, और सशस्त्र बलों के सदस्य और उनके आश्रित एयरलाइन की वेबसाइट पर विशेष छूट वाले किराए बुक कर सकते हैं।

## क्या राहुल गाँधी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मलप्पुरम जिलों की सात विधानसभा सीटें आती हैं। वायनाड के अधिकतर विधानसभा क्षेत्रों पर कांग्रेस का कब्जा है, इसलिए प्रियंका को अधिक परेशानी नहीं होगी।

जैसा कि स्थानीय कांग्रेस नेता पहले कह चुके हैं, लोगों की एकमात्र जिज्ञासा व रूचि इस बात में है कि जीत का अंतर क्या होगा। प्रियंका अपने भाई के, कुछ महीनों पहले के जीत के अंतर से अधिक या कम वोट लेंगी।

राहुल गाँधी ने अपनी बहन के प्रचार अभियान में कहा, "हाल ही में हुए भू-स्खलन के कारण पर्यटन लगभग ठप्प हो गया है और लोगों का जीवन यापन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। दुकानदार, होम स्टे मालिक और एडवैंचर पार्क टीम, हर कोई जीवन यापन के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है।"

राहुल ने कहा, "मेरे लिए यह केवल राजनीति नहीं है, उससे बहुत ज्यादा है। वायनाड के लोगों ने मेरे दिल में जगह बना ली है। प्रियंका और मैंने वायनाड को केरल का टॉप टूरिस्ट डैस्टिनेशन बनाने का मिशन हाथ में लिया है।"

राहुल गाँधी ने कहा, "चलिए, अपने देश के जादू को फिर से खोजें। वायनाड के लोगों के लिए मैं यहाँ हूँ और हमेशा रहूँगा।"

# "विपक्ष एस.सी.-एस.टी.-ओ.बी.सी. का हक छीन कर मुसलमानों को देना चाहता है"

## पूर्व मंत्री रविशंकर प्रसाद ने प्रेस कांफ्रैंस में कहा कि भाजपा इसका भारी विरोध करेगी

- भाजपा नेता ने कहा कि उलेमा बोर्ड ने शर्तों पर कांग्रेस और महाविकास अघाड़ी को समर्थन का पत्र जारी किया है।

नयी दिल्ली, 12 नवंबर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कहा है कि मुसलमानों को आरक्षण दिये जाने के मुद्दे पर कांग्रेस, महाविकास अघाड़ी और इंडिया समूह वोट बैंक की खातिर अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अति पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति एवं जनजाति (एस.सी. और एस.टी.) के हक को छीन कर मुसलमानों को देना चाहता है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने मंगलवार को संवाददाताओं को संबोधित करते हुए, विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार किया और कहा कि मुसलमानों को आरक्षण देने के लिए ओबीसी, अति पिछड़ा वर्ग, के अधिकारों को वोट बैंक के नाम पर छीना जाएगा, तो भाजपा इसका जोरदार विरोध करेगी।

उन्होंने कहा, देश में उलेमा बोर्ड ने शर्तों पर कांग्रेस और महाविकास अघाड़ी को समर्थन करने के लिए पत्र जारी किया है। अब मराठी मुस्लिम सेवा संघ का पर्चा घूम रहा है। उस पर्चे में लिखा है कि क्या शरियत में दखलंदाजी मंजूर है? क्या मुसलमानों से अलीगढ़ यूनिवर्सिटी छीनने वालों को वोट करोगे?क्या समान नागरिक संहिता थोपने वालों को वोट करोगे? वक्फ के खिलाफ वालों को वोट करोगे?इसके अलावा ऐसी कई चीजें लिखी हुई हैं। इस तरह की बातें बहुत जोरो से चल रही हैं और चलायी जा रही हैं।

भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन के सहयोगी मुस्लिम तुष्टिकरण और उनके वोट लेने के लिए इस तरह का एजेंडा चलवा रहे हैं। कई जगहों पर एन.जी.ओ. बनाकर इस तरह का एजेंडा चलवाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रियंका वाड्रा वायनाड लोकसभा का उप चुनाव लड़ रही हैं। जमात-ए-इस्लामी वाड्रा के समर्थन में जोरशोर से लगी हुई है।

यह आरोप भाजपा ने नहीं लगाया है, बल्कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने लगाया है।

## उपभोक्ता आयोग ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

हेमलता अग्रवाल ने यह आदेश नकुलेश्वर दत्त के परिवाद पर दिया। परिवाद में अधिवक्ता शमीम ने बताया कि जेडीए ने 10 अगस्त 2007 को रजत विहार आवासीय योजना में पंजीकरण के आवेदन मांगे थे। परिवादी ने 252 वर्ग मीटर भूखंड के पंजीकरण के लिए 8 सितम्बर 2008 को दस हजार रुपए जमा करवा दिए, जिस पर जेडीए ने उसे भूखंड आवंटित कर 21 अक्टूबर 2008 को आवंटन पत्र जारी कर दिया। परिवादी ने भी अगस्त 2008 में भूखंड की राशि 6,78,532 रुपए जेडीए में जमा करवा दिए, लेकिन जेडीए ने न तो उसे भूखंड दिया और न उसकी जमा राशि लौटाई। इसे परिवादी ने उपभोक्ता आयोग में चुनौती दी, जिस पर सुनवाई करते हुए आयोग ने जेडीए पर हर्जाना लगाया है।

## प्रदेश की 23 हजार ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

करते हुए दिया। राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता शिवमंगल शर्मा ने बताया कि नैशनल ग्रीन ट्रिब्युनल (एन.जी.टी.) ने गत 8 अगस्त को आदेश दिया था कि जिला स्तरीय पर्यावरण प्राधिकरण से पर्यावरणीय मंजूरी प्राप्त खनन लाइसेंस का, 7 नवंबर तक राज्य स्तरीय प्राधिकरण से भी पुनः परीक्षण कराया जाए। ऐसा नहीं करने पर एन.जी.टी. ने खनन कार्य बंद करने को कहा था। इस पर पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने एन.जी.टी. में प्रार्थना पत्र पेश कर पुनः परीक्षण के लिए समय बढ़ाने की गुहार की थी, जिसे एन.जी.टी. ने गत दिनों खारिज कर दिया था। इस पर राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की गई। याचिका में कहा गया कि एन.जी.टी. के आदेश की पालना के लिए 12 माह के समय की जरूरत है। इस बीच यदि प्रदेश की करीब 23 हजार खानें बंद हुईं तो प्रदेश की अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी और करीब 15 लाख लोगों की नौकरियां संकट में आ जाएंगी। साथ ही, प्रदेश में निर्माण गतिविधियां भी रुकेंगी और निर्माण सामग्री की कीमतों में बढ़ोतरी होगी। इन खनन लाइसेंस धारकों में से आधे से ज्यादा लोग कमजोर वर्ग, शहीदों के परिवार और आरक्षित वर्ग के लोग हैं। ऐसे में खनन कार्य नहीं होने से, ये परिवार और खनन से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष जुड़े लाखों लोग प्रभावित होंगे। मामले पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एन.जी.टी. के आदेश में तय की गई समय सीमा को याचिका की सुनवाई तक बढ़ा दिया है। अब अदालत ने खनन वैधता को 31 मार्च, 2025 तक बढ़ाते हुए तीन सप्ताह में राज्य प्राधिकरण में मंजूरी के लिए आवेदन करने के लिए कहा है।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, जी-1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौन सिटी, जिला करौली से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2008/27147 जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्सः0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्सः 02973-226424 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908